राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





03 रोहित के लिए फिर से टेस्ट खेलना लंबा और कठिन ...

महाराष्ट्र सरकार में खटपट? एकनाथ शिंदे के फैसले ... 12

वर्ष : 15 | अंक : 259 | नई दिल्ली, शनिवार, 04 जनवरी, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 21°C

न्यूनतम तापमान 30.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

सोना 79,005

चांदी 92,500

सेंसेक्स 81,786

निफ्टी 24,668

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली एनसीआर में छाया घना कोहरा, घंटों लेट चल रहीं एक्सप्रेस-ईएमयू ट्रेनें

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में कड़ाके की ठंड पड़ रही है और घने कोहरे की वजह से विजिबिलिटी कम हो गई है। इसका असर ट्रेन सेवा पर हुआ है। करीब 24 से ज्यादा ट्रेनें घंटों की देरी से चल रही है।नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मिली जानकारी के अनुसार, पूर्वा एक्सप्रेस, प्रयागराज हमसफर, इन्दौर-नईदिल्ली एक्सप्रेस, शकूरबस्ती, बल्लभगढ़ ईएमयू, चैन्नई-नई दिल्ली एक्सप्रेस, वैशाली एक्सप्रेस, शान-ए-पंजाब एक्सप्रेस, कटरा-नई दिल्ली एक्सप्रेस सहित कई ट्रेन घंटों की देरी से चल रही है। जिससे यात्रियों को काफी परेशानी हो रही है।भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के पिछले 24 घंटे के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में 8 जनवरी तक कोहरा छाया रहने की संभावना है, जबकि 6 जनवरी को हल्की बारिश होने की संभावना है। शुक्रवार को दिल्ली-एनसीआर में कोहरे की मोटी चादर छाई रही और तापमान न्यूनतम 8 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया।

### डिजिटल महाकुंभ : रेलवे कर्मियों के जैकेट को स्कैन करके आराम से सफर करें

महाकुंभ नगर। महाकुंभ-2025 को 'दिव्य-भव्य' के साथ 'डिजिटल' बनाने का संकल्प डबल इंजन की सरकार ने लिया है। इस दिशा में भारतीय रेलवे एक अनूठी पहल करने जा रहा है। प्रयागराज रेल मंडल महाकुंभ में पहली बार रेल कर्मियों की जैकेट से 'डिजिटल रेल टिकट' बनाने की सुविधा प्रदान करेगा।इस पहल के कारण महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को टिकट की लंबी लाइनों में नहीं लगना पड़ेगा। साथ ही रेलवे प्रशासन को भी टिकट बनाने की प्रक्रिया में कुछ राहत मिलेगी। इसके अलावा भारतीय रेलवे ने पहले ही टोल फ्री नंबर, वेबसाइट और महाकुंभ मेला ऐप जारी कर 'डिजिटल महाकुंभ' को सफल बनाने में सार्थक प्रयास किए हैं।'महाकुंभ-2025' को ध्यान में रखते हुए उत्तर मध्य रेलवे ने प्रयागराज आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की हैं।

### उदयपुर सड़क हादसे में छह लोगों की मौत, सीएम भजनलाल शर्मा ने जताया दुख

उदयपुर। राजस्थान के उदयपुर में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसे में छह लोगों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि यह हादसा ट्रेलर का ब्रेक फेल होने की वजह से हुआ है। इस हादसे का सीएम भजनलाल शर्मा ने संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को घायलों का समुचित उपचार सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है।उदयपुर सड़क हादसे पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दुख जताया है। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, ₹उदयपुर में गोगुंदा-पिंडवाड़ा हाइवे पर हुए भीषण सड़क हादसे में हुई जनहानि का समाचार अत्यंत दुःखद है। संबंधित अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को शांति व घायलों को शीघ्रातिशीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।₹ दरअसल, उदयपुर के गोगुंदा-पिंडवाड़ा हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रेलर और टेंपो की बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार छह लोगों की मौत हो गई।

# डॉ. कंभमपति ने ओडिशा के राज्यपाल पद की शपथ ली

प्रात : किरण/ एजेंसी

भुवनेश्वर। डॉ. हरि बाबू कंभमपति ने शुक्रवार को राजभवन में आयोजित एक विशेष समारोह के दौरान ओडिशा के राज्यपाल के पद की शपथ ली। उड़ीसा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश चक्रधारी शरण सिंह ने डा.कंभमपति को पद की शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मोहन माझी, उनके मंत्रिपरिषद के सदस्य, विपक्ष के नेता नवीन पटनायक, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल, राज्य के मुख्य सचिव मनोज आहूजा, पुलिस महानिदेशक योगेश बहादुर खुरानी और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

डॉ. कंभमपति गुरुवार को भुवनेश्वर पहुंचे और अपने परिवार के साथ पुरी का दौरा कर श्री जगन्नाथ मंदिर में भगवान जगन्नाथ और उनके भाई-बहनों की पूजा की और पुरी राजभवन में रात्रि विश्राम किया। उन्होंने ओडिशा के 27वें राज्यपाल के रूप में शपथ लेने के बाद राजभवन में गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। उन्होंने आंध्र विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में बी.टेक, इलेक्ट्रिकल और कंट्रोल सिस्टम में एम.ई. और नियंत्रण प्रणाली में पीएच.डी. किया है। डॉ. कंभमपति ने 24 वर्षों तक आंध्र विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग कॉलेज में एसोसिएट प्रोफेसर के



रूप मंच काम किया। डॉ. कंभमपति का राजनीतिक करियर उनके छात्र वर्षों के दौरान शुरू हुआ जब उन्होंने आंध्र राज्य के निर्माण के समर्थन में जय आंध्र आंदोलन में एक छात्र नेता के रूप में भाग लिया। उन्होंने टेनेटी विश्वनाथम, गौथु लचन्ना और वेंकैया नायडू जैसे उल्लेखनीय नेताओं के साथ काम किया। उन्होंने 1972 से 1973 तक आंध्र विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग कॉलेज में छात्र संघ के सचिव के रूप में भी कार्य किया। डा. कंभमपति 1974 से 1975 तक आपातकाल के विरोध में जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में लोक संघर्ष समिति के आंदोलन में शामिल हुए। उन्हें आंतरिक सुरक्षा रखरखाव अधिनियम (एमआईएसए) के तहत गिरफ्तार किया गया और विशाखापत्तनम सेंट्रल जेल और मुशीराबाद जेल में छह महीने के लिए कैद किया गया। वह 1977 में जनता पार्टी की आंध्र प्रदेश राज्य कार्यकारी समिति के सदस्य बने और 1978 में आंध्र प्रदेश राज्य जनता युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य किया। 1990 के दशक की शुरूआत में उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ गठबंधन किया एवं आंध्र प्रदेश राज्य कार्यकारी समिति के सदस्य (1991-1993) और राज्य इकाई के महासचिव (1993-2003) के रूप में कार्य किया। 1999 में डॉ. कंभमपति विशाखापत्तनम-कविधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए और 2003 में आंध्र प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी विधायक दल के नेता बने। मार्च 2014 में उन्हें अध्यक्ष के रूप में चुना गया। भाजपा राज्य इकाई और भाजपा उम्मीदवार के रूप में विशाखापत्तनम लोकसभा क्षेत्र से 2014 का आम चुनाव जीता।

# दिल्ली में पीएम मोदी ने फूंका चुनावी बिगुल, 4500 करोड़ की सौगात दी

**पीएम मोदी ने दिल्ली में 4500 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया. इस मौके पर पीएम मोदी ने दिल्ली के अशोक विहार स्थित स्वाभिमान अपार्टमेंट में इन-सीटू स्लम पुनर्वास परियोजना के अंतर्गत झुग्गी झोपड़ी (जेजे) समूहों के निवासियों के लिए 1,675 फ्लैटों का उद्घाटन किया और साथ ही लाभार्थियों को इनकी चाबियां भी सौंपी**





प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली, 03 जनवरी (वेब वार्ता)। पीएम मोदी ने चुनाव से पहले दिल्ली के लोगों को बड़ी सौगात दी है। पीएम मोदी ने दिल्ली में 4500 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इस मौके पर पीएम मोदी ने दिल्ली के अशोक विहार स्थित स्वाभिमान अपार्टमेंट में इन-सीटू स्लम पुनर्वास परियोजना के अंतर्गत झुग्गी झोपड़ी (जेजे) समूहों के निवासियों के लिए 1,675 फ्लैटों का उद्घाटन किया और साथ ही लाभार्थियों को इनकी चाबियां भी सौंपी।

**कई परियोजना का शिलान्यास और उद्घाटन:** इस परियोजना का उद्देश्य दिल्ली में जेजे क्लस्टरों के निवासियों को पर्याप्त सुविधाओं से सुसज्जित बेहतर और स्वस्थ रिहायशी वातावरण प्रदान करना है। केंद्र सरकार द्वारा एक फ्लैट के निर्माण पर 25 लाख रुपये खर्च किए जाते हैं। पात्र लाभार्थी कुल राशि का सात प्रतिशत से कम भुगतान करते हैं, जिसमें मामूली योगदान के रूप में 1।42 लाख रुपये और रखरखाव के पांच साल के लिए 30,000 रुपये शामिल हैं। इसके साथ ही पीएम मोदी ने दिल्ली में वर्चुअली दो शहरी पुनर्विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री मोदी ने नजफगढ़ के रोशनपुरा में वीर सावरकर कॉलेज की आधारशिला भी वर्चुअली रखी।

**पीएम मोदी ने दी नववर्ष की शुभकामनाएं**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, ₹आप सभी को साल 2025 की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। साल 2025 भारत की विकास के लिए अनेक नई संभावनाएं लेकर आ रहा है। दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बनाकर हमारी यात्रा इस वर्ष और तेज होने वाली है। आज भारत दुनिया में राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता का प्रतीक बना है। 2025 में भारत की ये भूमिका और सशक्त होगी।।₹ पीएम मोदी ने कहा, ₹ये वर्ष भारत को दुनिया का बड़ा उत्पादन हब बनाने का होगा। ये वर्ष युवाओं नए स्टार्टअप और उद्यमिता में तेजी से आगे बढ़ाने का वर्ष होगा। ये वर्ष कृषि क्षेत्र में नए कृर्तिमानों का होगा।।।ये वर्ष ईज ऑफ लिविंग बढ़ाने का होगा।₹

**सीबीएसई ऑफिस कॉम्पलेक्स का भी उद्घाटन**

पीएम मोदी ने इस अवसर पर दिल्ली के द्वारका में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के एकीकृत कार्यालय परिसर का भी उद्घाटन किया। इस पर करीब 300 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। इसमें कार्यालय, ऑडिटोरियम, उन्नत डेटा सेंटर, व्यापक जल प्रबंधन प्रणाली आदि शामिल हैं। पर्यावरण के अनुकूल इस भवन का निर्माण उच्च पर्यावरणीय मानकों के अनुसार किया गया है और इसे भारतीय हरित भवन परिषद (आईजीबीसी) के प्लेटिनम रेटिंग मानकों के अनुसार डिजाइन किया गया है। केंद्र में बीजेपी के नेतृत्व वाली सरकार की ओर से विकास की इन योजनाओं का ऐसे समय में उद्घाटन और शिलान्यास किया गया है जब राष्ट्रीय राजधानी में इसी साल फरवरी में विधानसभा चुनाव होने हैं।

# मनमोहन की याद में रखे अखंड पाठ में शामिल हुए सोनिया-खरगे



प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह की स्मृति में उनके आवास पर अखंड पाठ रखा गया जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पार्टी संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी सहित कई प्रमुख लोगों ने हिस्सा लिया और डॉ सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ सिंह के आवास पर आयोजित इस कार्यक्रम में श्री खरगे और श्रीमती गांधी के अलावा पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी सहित कई प्रमुख नेता शामिल हुए। कांग्रेस पार्टी ने डॉ सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनकी यादें हमेशा सबके दिल में रहेंगी और उनकी सादगी, सरलता और आदर्श सदैव प्रेरित करते रहेंगे। गौरतलब है कि डॉ सिंह का पिछले माह 26 दिसंबर को निधन हो गया था और 28 दिसंबर को उनका निगमबोध घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।

# पेपर लीक के खिलाफ छात्रों की आवाज दबा रही है सरकार : राहुल

**गांधी ने कहा कि पहले बिहार में प्रतियोगी परीक्षा देने वाले छात्रों की आवाज दबाने का काम हुआ है और अब मध्य प्रदेश में पेपर लीक के खिलाफ आवाज उठाने वाले छात्रों को जेल में डाल दिया गया है।**

प्रात : किरण/ एजेंसी



नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पेपर लीक करवा कर छात्रों के भविष्य के साथ अन्याय कर रही है और जब छात्र इस अन्याय के खिलाफ खडे होते हैं तो उनकी आवाज को दबा दिया जाता है। श्री गांधी ने कहा कि पहले बिहार में प्रतियोगी परीक्षा देने वाले छात्रों की आवाज दबाने का काम हुआ है और अब मध्य प्रदेश में पेपर लीक के खिलाफ आवाज उठाने वाले छात्रों को जेल में डाल दिया गया है। उन्होंने कहा ₹भाजपा भारत के युवाओं का बिल्कुल एकलव्य जैसा अंगूठा काट रही है उनका भविष्य मिटा रही है। सरकारी भर्ती में विफलता बड़ा अन्याय है। पहले तो भर्ती नहीं निकलती। भर्ती निकल जाए तो एग्जाम समय पर नहीं होते। एग्जाम हो तो पेपर लीक करवा दिए जाते हैं और जब युवा न्याय मांगते हैं तब उनकी आवाज को बेरहमी से कुचला जाता है। श्री गाँधी ने कहा ₹हाल ही में उत्तर प्रदेश और बिहार की घटनाओं के बाद अब मध्यप्रदेश में एमपीपीएससी में हुई गड़बड़ी का विरोध कर रहे दो छात्रों को जेल में डाल दिया गया है। वो भी तब जब मुख्यमंत्री ने खुद छात्रों से मुलाकात कर उनकी मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया था। भाजपा की सरकार ने छात्रों के भरोसे को तोड़ा है और लोकतांत्रिक प्रणाली का गला घोंटा है। उन्होंने कहा ₹छात्रों के अधिकार की लड़ाई में हम उनके साथ हैं। भाजपा को देश के युवाओं के हक की आवाज किसी क ीमत पर दबाने नहीं देंगे।

# 'मैं भी कोई शीशमहल बना सकता था...': दिल्ली की रैली से पीएम मोदी का केजरीवाल पर बड़ा हमला

प्रात : किरण/ एजेंसी



नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने पीएम मोदी की रैली के साथ ही अपनी चुनावी तैयारियों का शंखनाद कर दिया है। दिल्ली के अशोक विहार की रैली में पीएम मोदी ने आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर भी इशारों-इशारों में तंज कसा है। पीएम मोदी ने कहा कि देश भलीभांति जानता है कि मोदी ने कभी अपने लिए घर नहीं बनाया। लेकिन बीते 10 वर्षों में चार करोड़ से अधिक गरीबों के घर का सपना पूरा किया है। मैं भी कोई शीश महल बना सकता था। मेरे लिए तो मेरे देशवासियों को पक्का घर यही एक सपना था। मैं आपसे कहता हूं कि आप जब भी लोगों के बीच जाएं तो उनसे मेरी तरफ वादा करके आएं कि आज नहीं तो कल उनके लिए पक्का घर बनेगा, उनको पक्का घर मिलेगा। स्वाभिमान अपार्टमेंट गरीबों के स्वाभिमान को बढ़ाने वाले हैं। थोड़ी देर पहले जब कुछ लाभार्थियों से मेरी बात हुई तो मैं यही अहसास उनके भीतर देख रहा था। मुझे कुछ बालक बालिकाओं से मिलने का मौका मिला, स्वाभिमान अपार्टमेंट से भी ऊंचे उनके सपने मैं देख रहा था। इन घरों के लोग मेरे परिवार के ही सदस्य हैं। मोदी ने कभी अपने लिए घर नहीं बनाया, लेकिन बीते 10 सालों में चार करोड़ से अधिक गरीबों के घर और उनका सपना पूरा किया है।मैं भी कोई शीशमहल बना सकता था।

पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत में देश के हर नागरिक के पास पक्की छत, अच्छे घर हों, ये संकल्प लेकर हम काम कर रहे हैं। इस संकल्प की सिद्धी में दिल्ली का बहुत बड़ा रोल है। इसलिए भाजपा की केंद्र सरकार ने झुग्गियों की जगह पक्का घर बनाने का अभियान शुरू किया है। दो साल पहले भी मुझे कालकाजी एक्सटेंशन में झुग्गियों में रहने वाले भाई बहनों के लिए तीन हजार से ज्यादा घरों के शुभारंभ का अवसर मिला था। वो परिवार जिनकी कई पीढ़ियां सिर्फ झुग्गियों में ही रही। जिनके सामने कोई उम्मीद नहीं थी। वे पहली बार पक्के घरों में पहुंच रहे है।

पीएम मोदी ने आगे कहा कि तब मैंने कहा था ये तो अभी शुरूआत है। आज यहां 1500 घरों के चाबी दी गई है। ये स्वाभिमान अपार्टमेंट्स गरीबों के स्वाभिमान और गरिमा को बढाने वाले हैं। थोड़ी देर पहले जब मैं कुछ लाभार्थियों से बात की तो मैंने यही एहसास उनके भीतर देख रहा था। मैं नया उत्साह नया ऊर्जा अनुभव कर रहा था। ऐसा लग रहा था कि स्वाभिमान अपार्टमेंट की ऊंचाई से ऊंचे उनके सपने हैं। इन घरों के मालिक भले ही दिल्ली के अलग-अलग लोग हों लेकिन ये सबके सब मेरे परिवार के ही सदस्य हैं। उन्होंने आगे कहा कि गरीबों के इन घरों में हर वो सुविधा है जो बेहतर जीवन जीने के लिए जरूरी है। यही तो गरीब का स्वाभिमान जगाता है और आत्मविश्वास बढ़ाता है। जो विकसित भारत की असली ऊर्जा है।

**शपथ** | सरकार का यह संकल्प है कि भीषण शीतलहर में कोई भी व्यक्ति खुले में सोने और ठंड से ठिठुरने को मजबूर न हो। इसके लिए आश्रय गृहों की व्यवस्था, कंबल वितरण सहित सभी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं।

# अंतिम पायदान के व्यक्ति तक सुविधा पहुंचाने को सरकार प्रयत्नशील : सीएम योगी

प्रात : किरण/ एजेंसी

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसी भी सभ्य समाज में अंतिम पायदान के व्यक्ति तक सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास होना चाहिए। सरकार इस दिशा में पूरी प्रतिबद्धता से प्रयत्नशील है। सरकार का यह संकल्प है कि भीषण शीतलहर में कोई भी व्यक्ति खुले में सोने और ठंड से ठिठुरने को मजबूर न हो। इसके लिए आश्रय गृहों की व्यवस्था, कंबल वितरण सहित सभी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं।

सीएम योगी शुक्रवार को ट्रांसपोर्ट नगर में नगर निगम द्वारा 2 करोड़ 17 लाख रुपए की लागत से बनाए गए नवीन आश्रय गृह (रैन बसेरा) का लोकार्पण करने और गरीबों-असहायों के बीच कंबल व भोजन पैकेट वितरित करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

वैदिक मंत्रोच्चार के बीच रैन बसेरे के लोकार्पण और यहां उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि भीषण शीतलहर में आश्रयविहीन को आश्रय मिल जाए, यह सबसे बड़ा पुण्य है। ट्रांसपोर्ट नगर के रैन बसेरे से पहले शहर में कई आश्रय गृह संचालित हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में जरूरतमंद लोगों को भीषण ठंड से बचाने के लिए राजस्व विभाग के माध्यम से सभी जिलों को कंबल वितरण के लिए पर्याप्त धनराशि जारी की गई है। हर जिले में जनप्रतिनिधियों के सहयोग से पर्याप्त संख्या में कंबल वितरण हो रहे हैं। इसमें धर्मार्थ संस्थाएं भी आगे आई हैं। यह सबकी जिम्मेदारी होती है कि हम हर जरूरतमंद व्यक्ति की विपत्ति में उसके साथ खड़े रहें। कुछ दिनों तक शीतलहर का यह दौर जारी रह सकता है।




ऐसे में हमें स्वस्थ जीवन के लिए सबको सावधानी और बचाव के उपायों के प्रति प्रेरित करने की जरूरत है। सीएम योगी ने कहा कि शासन-प्रशासन ने आश्रय गृहों की व्यवस्था दी है। खुले में आसमान के नीचे, सड़क के किनारे फुटपाथ पर कोई खुले में न सोए, यह देखना जनप्रतिनिधियों और नागरिकों की भी जिम्मेदारी है। यदि कोई बाहर से आया आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति, मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति या शहर में काम की तलाश में आए कामगार-मजदूर, रिक्शा वाले खुले में सोते मिले तो पूरी संवेदना से उसे आश्रय गृह पहुंचाने की पहल होनी चाहिए। आपदा के समय, भीषण सर्दी, बाढ़, भीषण गर्मी जैसी स्थितियों में आश्रय गृह बेहद उपयोगी साबित होते हैं।

उन्होंने सुरक्षा के ध्यान को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि पुलिस और प्रशासन तो सुरक्षा की जिम्मेदारी उठा ही रहे हैं, समाज के लोगों को भी देश के दुश्मनों से सावधान रहना होगा।रैन बसेरे के लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सानिध्य में करीब एक हजार लोगों के बीच कंबल और भोजन के पैकेट वितरित किए गए। कई लोगों को मुख्यमंत्री ने खुद अपने हाथों से कंबल और भोजन के पैकेट प्रदान किए। इस दौरान उन्होंने बच्चों को चॉकलेट और दुलार कर आशीर्वाद दिया। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि यहां जो लोग भी कंबल पाने से बच जाएं, उनके नाम नोट कर लिए जाएं। कार्यक्रम के बाद उन तक भी कंबल पहुंचना सुनिश्चित किया जाए।

कंबल वितरण के दौरान मुख्यमंत्री योगी की नजर जैसे ही मेवातीपुर से आई अनीता रानी और उनके साथ व्हीलचेयर पर बैठे उनके 11 वर्षीय पुत्र अर्जित पर पड़ी तो वह भावुक हो गए। उनके यह पूछने पर कि बच्चे को क्या हो गया है, अनीता ने बताया कि बचपन से ही न्यूरो की प्रॉब्लम होने से अर्जित चल-फिर या बोल नहीं पाता है। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉक्टर को दिखाइए, इलाज कराइए। हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### अरविंद नगर प्रशासक पर पद के दुरुपयोग का आरोप

**सितारगंज, एजेंसी।** शक्तिफार्म के गांव अरविंद नगर के प्रशासक को ग्राम प्रधान लिखकर गांव में पोस्टर लगाना महंगा पड़ गया। शिकायत के बाद खंड विकास अधिकारी ने प्रशासक से स्पष्टीकरण मांगते हुए पत्र जारी किया है। दरअसल, शिकायतकर्ता निखिलेश घरामी ने खंड विकास अधिकारी सीआर आर्या को शिकायत करते हुए बताया कि ग्राम पंचायत अरविंद नगर की प्रशासक प्रभाती बासु ने हाल ही में नववर्ष, लोहड़ी और मकर संक्रांति आदि की शुभकामनाएं देते हुए गांव में पोस्टर बैनर लगाए हैं। पोस्टरों में उन्होंने स्वयं को ग्राम प्रधान दर्शाया है, जो न केवल प्रशासकीय पद के विपरीत है, बल्कि पद का दुरुपयोग भी है। उन्होंने प्रधान रहते भ्रष्टाचार और पद का दुरुपयोग करने का भी आरोप है। जांच के बाद निर्वाचन अधिनियम की धारा 138 की कार्रवाई भी गतिमान है। इस मामले में खंड विकास अधिकारी ने प्रशासक प्रभाती बासु से बैनर पोस्टरों में खुद को ग्राम प्रधान दर्शाएं जाने को लेकर स्पष्टीकरण मांगा है।

### दिनेशपुर मोड़ के पास सीमेंट लदा ट्राला पलटा

**रुद्रपुर, एजेंसी।** दिनेशपुर मोड़ के पास मंगलवार की रात सीमेंट से लदा ट्राला पलट गया। ट्राला का अगला हिस्सा सुरक्षित रहने से चालक और क्लीनर सुरक्षित हैं। जानकारी के अनुसार मंगलवार रात करीब 11 बजे रुड़की से हल्द्वानी जा रहा सीमेंट से लदा ट्राला दिनेशपुर मोड़ के पास (पंतनगर ओवरब्रिज के निकट) पलट गया। इससे सीमेंट सड़क पर बिखर गया। ट्राला चालक विशाल ने बताया कि गुल्ला टूटने से चालक केबिन से ट्राला अलग हो गया था। हादसे में चालक के केबिन को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। बताया कि ट्राला में 40 टन सीमेंट लदा था। बुधवार सुबह पलटे ट्राला को क्रेन की मदद से हटाया गया।

### तीन विद्यालयों में जल्द बनेंगे प्रयोगशाला, विद्यार्थियों को मिलेगी सुविधा

**पिथौरागढ़, एजेंसी।** कनालीछीना ब्लॉक के तीन विद्यालयों में शीघ्र प्रयोगशालाओं का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। इससे छात्र-छात्राओं को प्रयोगात्मक कार्यों की सुविधा मिलेगी। तीनों विद्यालयों में प्रयोगशालाओं के निर्माण के लिए 1.81 करोड़ की धनराशि स्वीकृत हुई है। राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज मुवानी में जीव विज्ञान और रसायन विज्ञान प्रयोगशाला का निर्माण किया जा रहा है। इसके लिए 43 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत हुई है। राइंका बगड़ीहाट और राइंका छड़नदेव में जीव विज्ञान, रसायन और भौतिक विज्ञान की प्रयोगशालाएं बनाई जा रही हैं। दोनों विद्यालयों के लिए 69-69 लाख की धनराशि मिली है। इसके अलावा राजकीय प्राथमिक विद्यालय टुंडी में पुराने भवन के ध्वस्तीकरण के बाद एक कक्ष का निर्माण किया गया है। इसके लिए उत्तराखंड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड की ओर से 14 लाख रुपये की धनराशि से कार्य किया गया।

### बच्चों ने सीखीं कविता लेखन की बारीकियां

**खटीमा, एजेंसी।** अल्मोड़ा से प्रकाशित बच्चों की पत्रिका बालप्रहरी, उत्तराखंड बाल कल्याण एवं साहित्य संस्थान और भारत ज्ञान विज्ञान समिति ऊधम सिंह नगर की ओर से राणा प्रताप इंटर कॉलेज में बुधवार को पांच दिवसीय अभिव्यक्ति कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। इसमें बच्चों ने कविता लेखन की बारीकियां सीखने के अलावा दीवार पत्रिका तैयार की।

### 70272 परिवारों तक पहुंचेंगे बीएलओ

**रुद्रपुर, एजेंसी।** मतदाता पुनरीक्षण में इस बार जिले में 18-19 वर्ष के आयु के 6400 मतदाता बने हैं। पहली बार मतदाता बने युवाओं को शासन के निर्देश पर पिंक कलर का ग्रीटिंग कार्ड वितरित किया जा रहा है। इसके साथ ही 70272 परिवारों को बूथ लेवल आफिसर ब्लू ग्रीटिंग कार्ड वितरित करेंगे। इसके लिए बीएलओ को घर-घर जाकर वितरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

## अब गंभीर रोगियों को नहीं करना होगा अपनी बारी का इंतजार, 30 से 60 सेकंड में होगा चेकअप



**देहरादून, एजेंसी।** दून मेडिकल कालेज चिकित्सालय की इमरजेंसी में अब मरीज को तत्काल उपचार मिलेगा। इसके लिए थ्री चेक फार्मूला अपनाया जाएगा। इसके तहत गंभीर रोगियों का 30 से 60 सेकंड में आकलन किया जा सकेगा। श्वास (ब्रीदिंग), संचेतना (कान्शियसनेस) और संघात (शाक) के आधार पर मरीज की स्थिति का आकलन कर उसे तुरंत प्राथमिक उपचार दिया जा सकेगा।

इस बारे में गुरुवार को डाक्टर और स्टाफ को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में इमरजेंसी प्रभारी डा.एनएस बिष्ट ने कहा कि निराश्रित, लावारिस, अज्ञात और अत्यंत गरीब मरीज का पर्चा ईएमओ को निर्देश पर पीआरओ निश्शुल्क बनवाएंगे। उनकी जांच ईएमओ को हस्ताक्षर से निश्शुल्क की जाएंगी। उन्होंने कर्मचारी आचरण नियमावली के संबंध में भी स्टाफ की बैठक ली।

मरीज को सांस लेने में दिक्कत है, तो उसके एयरवे (मुंह/श्वास नली) का परीक्षण करते हुए गर्दन को सही अवस्था में लाया जाएगा। उसके आक्सीजन सैचुरेशन व नाड़ी पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

श्वास ठीक होने पर मरीज की संचेतना (होश) का अवलोकन किया जाएगा। बेहोश मरीज को बांयी करवट लिटाया जाएगा।

उसके एयरवे (मुंह/श्वास नली) का परीक्षण कर आवश्यक उपाय जैसे आक्सीजन लगाना, शुगर टेस्ट, दौरे बंद करने का इंजेक्शन लगाना आदि किए जाएंगे।

इमरजेंसी उपचार के तीसरे बिंदु के रूप में रक्तचाप के निम्नस्तर पर चले जाने का परीक्षण होगा। बीपी कफ लगाने से पूर्व उल्टे हाथ से मरीज के ढके हुए हिस्सों को नमी/ठंडेपन के लिए महसूस किया जाएगा।शाक साबित होने पर तीव्रदर से फ्लुइड फ्लूइड चढ़ाने के साथ-साथ यह भी देखना होगा कि बाहरी या आंतरिक रक्तस्राव तो नहीं हो रहा है। ताकि लैब टेक्नीशियन से तुरंत रक्तग्रुप कासमैच के लिए कहा जाए। इस बीच ईसीजी किया जाएगा और शाक का कारण न पता लगने पर अल्ट्रासाउंड के साथ-साथ मरीज की मेडिकल हिस्ट्री जैसे डायबिटीज/दिल का रोग/सीने में दर्द / दवा का रिएक्शन /पहले से उच्च रक्तचाप/पेट दर्द आदि की जानकारी ली जाएगी। तुरंत ईको जांच भी की जाएगी। प्रत्येक मेडिकल प्रैक्टिशनर (जेआर/ईएमओ) निर्धारित वेशभूषा व आवश्यक व्यक्तिगत उपकरणों के साथ प्रत्येक मरीज को बाहर रिससिटेशन-बे में आकर स्वयं देखेंगे। इंटर्न केवल उनको मदद करेंगे। जरूरत पड़ने पर (एंबुलेंस से मरीज को बाहर लाने में देरी) एक मिनट के भीतर मरीज को एंबुलेंस में जाकर देखना सुनिश्चित करेंगे। उनकी अगुआई में मरीज को इमरजेंसी में लाने की व्यवस्था की जाएगी। प्रत्येक ईएमओ/जेआर इमरजेंसी में मरीज के उपचार के दौरान टीम लीडर का भी कार्य करेंगे। मरीज के प्रारंभिक उपचार को गाइड करेंगे और एबीसीडीई के प्रारंभिक सर्वेक्षण को क्रियान्वित करेंगे। स्ट्रेचर/व्हीलचेयर से आने वाले मरीज का स्ट्रेचर/व्हीलचेयर पर ही देखते हुए श्वसन क्रिया पर फोकस किया जाएगा। यदि श्वास धीमी या बंद है, तो तुरंत सीपीआर शुरू किया जाएगा। इंटर्न, नर्स, फार्मेसिस्ट, वार्ड ब्वाय, पीआरओ आदि रिससीटेशन के बाकी पहलू पर ध्यान देंगे।

## चारधाम यात्रा प्राधिकरण नहीं, अब परिषद बनेगी, हितधारकों ने भी दिए सुझाव, ड्राफ्ट तैयार



**देहरादून, एजेंसी।** अपर मुख्य सचिव आनंदबर्द्धन की अध्यक्षता में हुई बैठक में तीर्थ पुरोहितों के संघ, होटल एसोसिएशन, पंडा पंचायतों, डंडी-कंडी, घोड़ा-खच्चर संचालकों समेत सभी हितधारकों की बैठक हुई। चारधाम यात्रा के सफल संचालन के लिए चारधाम यात्रा प्राधिकरण नहीं, उत्तराखंड धर्मस्व एवं तीर्थाटन परिषद बनेगी। बृहस्पतिवार को सचिवालय में हुई हितधारकों की बैठक में निर्णय लिया गया। हितधारकों ने प्राधिकरण को लेकर आपत्ति जताई थी। सभी से सुझाव भी लिए गए हैं। अपर मुख्य सचिव आनंदबर्द्धन की अध्यक्षता में हुई बैठक में तीर्थ पुरोहितों के संघ, होटल एसोसिएशन, पंडा पंचायतों, डंडी-कंडी, घोड़ा-खच्चर संचालकों समेत सभी हितधारकों की बैठक हुई। बैठक का निमंत्रण चारधाम यात्रा विकास प्राधिकरण के नाम से भेजा गया था। प्राधिकरण को लेकर हितधारकों ने बैठक में आपत्ति जताई।उन्हें आशंका थी कि प्राधिकरण बनने के बाद कई परेशानियां आ सकती हैं। लिहाजा, तय किया गया कि प्राधिकरण नहीं परिषद बनाई जाएगी। इसका ड्राफ्ट तैयार किया है। हालांकि, अभी परिषद पर अंतिम मुहर लगनी बाकी है। सचिव पर्यटन सचिन कुर्वे ने प्रस्तावित प्राधिकरण से संबंधित प्रारूप को तीर्थ पुरोहितों के समक्ष रखा। उन्होंने बताया, प्राधिकरण तीन स्तरों पर कार्य करेगा। अपर मुख्य सचिव आनंदबर्द्धन ने कहा, तीर्थ पुरोहितों को प्राधिकरण को लेकर किसी तरह की शंका नहीं होनी चाहिए। बिना उनके सुझाव और सहमति के कोई भी अंतिम निर्णय नहीं लिया जाएगा।

## हाइड्रा चालक की मौत के बाद चाइनीज मांझे पर पुलिस और प्रशासन सख्त, शहर से लेकर देहात तक छापा



**हरिद्वार , एजेंसी।** बुधवार की शाम कनखल क्षेत्र में एक हाइड्रा चालक चाइनीज मांझे की चपेट में आ गया था। सांस की नली कटने के कारण उसकी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। हरिद्वार में चाइनीज मांझे की चपेट में आकर हाइड्रा चालक की मौत के बाद पुलिस और प्रशासन सख्त हो गया है। डीएम और एसपी के आदेश के तुरंत बाद जिलेभर में शहर से लेकर देहात तक पुलिस और प्रशासन की टीम ने चाइनीज मांझे के खिलाफ छापा मारा। इस दौरान भारी मात्रा में कई जगह से मांझा जब्त किया गया। साथ ही दुकानदारों पर कार्रवाई भी की गई। बता दें कि बुधवार की शाम कनखल क्षेत्र में एक हाइड्रा चालक चाइनीज मांझे की चपेट में आ गया था। सांस की नली कटने के कारण उसकी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। इस हादसे के बाद डीएम कर्मेंद्र सिंह ने मांझे की बिक्री पर रोक और प्रयोग पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी दिए। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने मुकदमा दर्ज करने के साथ ही कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके तुरंत बाद पुलिस और प्रशासन की अलग-अलग टीमें शहर और देहात में चाइनीज मांझे की दुकान और गोदाम पर छापे मारने पहुंच गई। सीओ ज्वालापुर शांतनु पाराशर की अगुवाई में पुलिस की टीम ने पीठ बाजार, चौक बाजार सहित आसपास के क्षेत्रों में बनी पतंग मांझे की दुकानों पर छापा मारा। कनखल, श्यामपुर, बहादराबाद सहित तमाम इलाकों में पुलिस ने भारी मात्रा में मांझा जब्त किया गया है। एसपी सिटी पंकज गैरोला ने बताया कि चाइनीज मांझे को लेकर कार्रवाई की जा रही है।

## कर्णप्रयाग से निर्दलीय चुनाव लड़ने पर कांग्रेस की अनिल कुमार पर सख्ती, पार्टी से किया निष्काषित



**चमोली, एजेंसी।** नगर पलिका चुनाव में कांग्रेस पार्टी के विरोध में कार्य करने वालों पर पार्टी ने एक्शन लेना शुरू कर दिया है।

उत्तराखंड में निकाय चुनाव को लेकर तैयारियां तेज हैं। वहीं, कर्णप्रयाग में निर्दलीय चुनाव लड़ने पर अनिल कुमार को कांग्रेस ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया है।

नगर पलिका चुनाव में कांग्रेस पार्टी के विरोध में कार्य करने वालों पर पार्टी ने एक्शन लेना शुरू कर दिया है। कर्णप्रयाग में कांग्रेस नगर अध्यक्ष महेश खंडूरी ने कांग्रेस पार्टी के विरोध में निर्दलीय चुनाव लड़ने और पार्टी के विपरीत काम करने पर कार्यकर्ता अनिल कुमार को पार्टी से निष्कासित कर दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी के विरोध में कार्य करने पर पर पार्टी सख्ती से कार्रवाई करेगी।

## जांच में सही निकले मेयर के सभी 12 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र

**हल्द्वानी, एजेंसी।** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मंगलवार से सिटी मजिस्ट्रेट दफ्तर में मेयर पद के प्रत्याशियों की नामांकन पत्रों की जांच की गई। जांच में सभी 12 दावेदारों के नामांकन पत्र सही पाए गए हैं। दो जनवरी को नाम वापसी और प्रतीक चिह्नों का आवंटन होगा। काठगोदाम-हल्द्वानी नगर निगम सीट से मेयर के 12 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। इनमें कांग्रेस से ललित जोशी, भाजपा से गजराज सिंह बिष्ट, सपा से शोएब अहमद, उक्रांद से मोहन कांडपाल, बसपा से शिव गणेश के अलावा दीप चंद्र पांडे, मनोज कुमार, नवीन चंद्र, भुवन चंद्र पांडेय, मनोज कुमार, रणप्रीत सिंह और रूपेंद्र नागर ने निर्दलीय नामांकन पत्र दाखिल किया था। सिटी मजिस्ट्रेट व निर्वाचन अधिकारी एपी बाजपेयी ने बताया कि 31 दिसंबर और पहली जनवरी का दिन नामांकन पत्रों की जांच के लिए था। बताया कि आरओ और एआरओ स्तर पर की गई स्क्रूटनी में मेयर के सभी 12 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र सही मिले हैं। बताया कि दो जनवरी को सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक नाम वापसी होगी।

## कई हुड़दंगियों ने काटा हंगामा, पुलिस ने की कार्रवाई

**नैनीताल, एजेंसी।** वर्षांत पर जहां लोगों ने हर्षोल्लास के साथ वर्ष 2024 को विदा कर वर्ष 2025 का स्वागत किया, वहीं कई हुड़दंगियों ने मॉलरोड पर जमकर मारपीट की। मल्लीताल निवासी सौरभ पांगती ने कोतवाली में सौंपी तहरीर में कहा कि मंगलवार रात वह अपने दोस्त के साथ मॉलरोड पर टहल रहा था। इस बीच नशे में धुत कुछ युवकों ने उनसे अभद्रता की।

विरोध जताने पर युवकों ने कड़े व अन्य धारदार हथियार से हमला कर उसे घायल कर दिया। उसके सिर पर दो टांके आए हैं। मामले में पुलिस ने सात नंबर निवासी पवन कोहली व रौशन कुमार के खिलाफ पुलिस एक्ट में चालानी कार्रवाई की है।

एक अन्य मामले में तल्लीताल निवासी हिमांशु बिष्ट और भवाली निवासी अक्षत ने थाने में तहरीर देकर कहा है कि बीती रात वह दोस्तों के साथ मॉलरोड पर जश्न मना रहे थे। वहां लोहे की रॉड लेकर नाच रहे युवक उनसे अभद्रता करने लगे। विरोध करने पर दूसरे पक्ष से आठ से दस युवक पहुंचे उनके साथ मारपीट की कर दी। मारपीट में दोनों के सिर पर गंभीर चोट आई है। मामले में पुलिस जांच कर रही है।

## नोशनल इंक्रीमेंट का लाभ अप्रैल 2023 से देने से पेंशनर्स खफा: पांडे

**हल्द्वानी, एजेंसी।** 30 जून और 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हुए कार्मिकों की पेंशन की गणना के लिए एक नोशनल इंक्रीमेंट का लाभ अप्रैल 2023 से देने संबंधी आदेश से पेंशनरों की उम्मीदों पर पानी फिर गया है। राज्य के पेंशनर्स चाहते थे कि उन्हें यह लाभ यूपी की तर्ज पर मिले क्योंकि यूपी में यह पहली जनवरी 2006 से दिया जा रहा है।

इसके लिए बकायदा 12 जून 2024 को आदेश भी हुआ है। उत्तराखंड कार्मिक एकता मंच के संस्थापक अध्यक्ष एवं गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन के प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र पांडेय ने बताया कि दो हफ्ते पहले कैबिनेट ने नोशनल इंक्रीमेंट देने के निर्णय को मंजूरी दी थी।

पेंशनर व कार्मिक संगठनों ने सरकार के इस निर्णय का स्वागत किया था और वह शासनादेश जारी होने का इंतजार कर रहे थे। पांडे ने बताया कि पिछले साल दिसंबर में सचिव दलीप जावलकर की ओर से जारी आदेश में पेंशनर्स को यह लाभ अप्रैल 2023 से देने की बात कही गई है। कहा कि राज्य आंदोलन में ऐतिहासिक भूमिका निभाने वाले अधिकतर कार्मिक सेवानिवृत्त हो चुके हैं और यूपी की तर्ज पर यह लाभ न मिलने से सरकार से खफा हैं।

## उत्तराखंड से महाकुंभ जाने वालों के लिए स्पेशल ट्रेन में रिजर्वेशन शुरू, एक बार में 1200 से अधिक यात्री कर सकेंगे यात्रा



**देहरादून, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 13 फरवरी से शुरू हो महाकुंभ मेले के लिए दून से फाफामऊ (प्रयागराज के निकट) रेलवे स्टेशन तक चलने वाली विशेष आरक्षित ट्रेन की आरक्षण शुरू हो गए हैं। जनवरी और फरवरी में दून से फाफामऊ तक छह फेरे (लौट-फेर) करने वाली इस ट्रेन में एक बार में 1200 यात्री आवागमन कर सकेंगे। ट्रेन में दो सामान्य, 12 स्लीपर और एक-एक कोच एसी तृतीय और एसी द्वितीय के होंगे। दरअसल, हर 12 वर्ष में आयोजित होने वाले हिंदू धर्म के महत्वपूर्ण पर्व महाकुंभ मेले का आयोजन इस बार प्रयागराज में हो रहा है। उत्तर रेलवे मंडल ने दून वासियों को महाकुंभ मेले में पहुंचाने के लिए विशेष आरक्षित ट्रेन दून-फाफामऊ एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 04316/04315) शुरू की है। यह ट्रेन देहरादून रेलवे स्टेशन से 18, 21, 24 जनवरी और नौ, 16, 23 फरवरी को सुबह 8ः10 बजे रवाना होकर हरिद्वार, नजीबाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली होते हुए रात 11ः30 बजे फाफामऊ पहुंचेगी। वहीं, फाफामऊ रेलवे स्टेशन से यह ट्रेन 19, 22, 25 जनवरी और 10, 17, 24 फरवरी को सुबह 6ः30 बजे वापसी करेगी और रात 9ः30 बजे देहरादून पहुंचेगी। दून से फाफामऊ तक का सफर 15 घंटे 40 मिनट का होगा और फाफामऊ से दून की वापसी का सफर सिर्फ 15 घंटे का होगा। देहरादून से ट्रेन की औसत रफ्तार 48.71 किलोमीटर प्रति घंटा और फाफामऊ से इसकी औसत रफ्तार 50.88 किलोमीटर प्रति घंटा होगी। 18 बोगियों की इस ट्रेन में यात्रियों को सभी आवश्यक सुविधाएं मिलेंगी और पूरा सफर 733 किमी का होगा। देहरादून से फाफामऊ तक चलने वाली विशेष आरक्षित ट्रेन में पैंट्री कार की सुविधा नहीं है। इस दौरान रेलवे की तरफ से खाने-पीने की व्यवस्था नहीं मिलेगी। हालांकि वेंडरों के माध्यम से खाद्य पदार्थ की बिक्री होगी। ऐसे में यात्रियों को खाना अपने साथ भी ले जाना होगा।

## बदरीनाथ हाईवे खुला, पांच दिन से फंसे अधिकारी-कर्मचारी और श्रमिक लौटे



**ोपेश्वर, एजेंसी।** ीमा सड़क संगठन ने बदरीनाथ हाईवे को ुमानचट्टी से बदरीनाथ धाम तक जमी र्फ हटाकर सुचारु कर दिया है। इसके साथ पांच दिन से धाम में फंसे 50 से अधिक ाधिकारी-कर्मचारी और श्रमिक लौट आए । ये सभी बदरीनाथ महायोजना के कार्य में गे हुए थे, जिन्हें बर्फबारी और कड़ाके की ड को देखते हुए फिलहाल रोक दिया गया ।

केदारनाथ धाम में भी पुनर्निर्माण कार्य द हैं, जिसके चलते विभिन्न एजेंसियों के 50 श्रमिक लौट आए हैं। अब धाम में वुड ोन कंपनी के 10 से 15 श्रमिक ही ाजूद हैं। दोनों धाम में मौसम अनुकूल होने र निर्माण कार्य फिर से शुरू होंगे।

भारी बर्फबारी के कारण 27 दिसंबर को दरीनाथ हाईवे अवरुद्ध हो गया था। इसके लते महायोजना के कार्य में लगी विभिन्न ंपनियों के 50 से अधिक अधिकारी-र्मचारी और श्रमिक धाम में फंस गए थे। भी हाईवे खुलने की प्रतीक्षा कर रहे थे।

सीमा सड़क संगठन के कमांडर कर्नल अंकुर महाजन ने बताया कि धाम से कंपनियों के वाहनों को भी लौटना था। ऐसे में संगठन के श्रमिक तेजी से हाईवे खोलने में जुटे थे। महायोजना के कार्य देख रहे लोक निर्माण विभाग की पीआइयू शाखा के अधिशासी अभियंता योगेश मनराल ने बताया कि शेष निर्माण कार्य मार्च में शुरू करने की योजना है। हालांकि, सब कुछ बर्फ पर निर्भर करेगा।

केदारनाथ धाम में दो से तीन फीट तक बर्फ जम गई है और न्यूनतम तापमान शून्य से 15 डिग्री सेल्सियस तक नीचे जा रहा है। इससे धाम में कार्य करना संभव नहीं हो पा रहा। इस बीच 30 दिसंबर को धाम में मंदिर समिति के एक कर्मचारी की हृदयगति रुकने से मौत हो गई।

इस सबको देखते हुए पुनर्निर्माण कार्यों के लिए धाम में रुके विभिन्न एजेंसियों के 150 श्रमिक वापस लौट आए हैं। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की लोनिवि शाखा के अधिशासी अभियंता विनय झिंक्वाण ने बताया कि तीन से चार माह बाद ही धाम में पुनर्निर्माण कार्य शुरू हो पाएंगे। हालांकि, सब कुछ बर्फबारी पर निर्भर करेगा।

विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल औली में नव वर्ष के जश्न मनाने को लेकर पर्यटकों की भीड़ उमड़ी हुई है। आए दिन औली में सैकड़ों की संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं। बताया गया कि औली में कवांडबैंड से आगे बर्फबारी व पाले के चलते फिसलन भरा है जिसे बीआरओ जेसीबी व मजदूरों की मदद से साफ कर रहा है। औली में बर्फबारी के बाद पर्यटकों का तांता लगा हुआ है। इसी के साथ औली जोशीमठ मोटर मार्ग को सुचारु रखने के लिए प्रशासन भी सक्रिय है। बताया गया कि बीआरओ सड़क पर फिसलन को दूर करने के लिए जेसीबी चलाने के साथ नमक का छिडकाव कर रहा है।

## निकाय चुनाव : अध्यक्ष के तीन पदों पर निर्विरोध खिला कमल, अन्य में भाजपा-कांग्रेस में कड़ी टक्कर

**देहरादून, एजेंसी।** नगर निकाय चुनाव में भाजपा को मतदान से पहले ही एक नगर पालिका और दो नगर पंचायत के अध्यक्ष पद पर सफलता मिल गई है।

नगर पालिका देवप्रयाग (टिहरी गढ़वाल) के अध्यक्ष पद पर ममता देवी, नगर पंचायत नानकमत्ता (ऊधम सिंह नगर ) के अध्यक्ष पद पर प्रेम सिंह टूरना और दिनेशपुर (ऊधम सिंह नगर ) नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर मंजीत कौर निर्विरोध निर्वाचित हो गई हैं।

वहीं पार्षद और सभासद, सदस्य पद पर 44 प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। गुरुवार को नाम वापसी के साथ ही चुनावी मैदान में उतरे प्रत्याशियों को लेकर तस्वीर भी साफ हो गई।

अधिकांश नगर निकायों में भाजपा और कांग्रेस के बीच ही आमने-सामने की टक्कर है। नाम वापसी के बाद अब महापौर पद पर 72 अध्यक्ष पद पर 442 और पार्षद-सभासद पद पर 4885 प्रत्याशी मैदान में है। सभी पदों पर मैदान में रह गए प्रत्याशियों की कुल संख्या 5399 हो गई है।

निकाय चुनाव में नामांकन पत्रों की जांच के बाद महापौर पदों पर 101, नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत अध्यक्ष पदों के लिए 555 और पार्षद-सभासद पदों पर 5582 प्रत्याशी मैदान में थे। गुरुवार को नाम वापसी की प्रक्रिया हुई।

इस दौरान सभी राजनीतिक दल बागियों को मनाने में जुटे रहे और पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में नामांकन वापस लेने का आग्रह करते रहे। इन्हें कुछ स्थानों पर सफलता भी मिली। यद्यपि अभी भी कई निकायों में बगावत करने वाले कार्यकर्ता निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में ताल ठोके हुए हैं।

राज्य निर्वाचन आयोग से रात 11बजे मिली जानकारी के अनुसार नगर निगमों में महापौर पदों पर 72 पार्षद पदों पर 2009, नगर पालिका परिषदों में अध्यक्ष के 211 व सभासद के 1596 और नगर पंचायतों में अध्यक्ष के 231 व सभासद के 1280 प्रत्याशी मैदान में रह गए हैं। शुक्रवार को सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे। इसके साथ ही प्रदेश में निकाय चुनावों के लिए प्रचार अभियान भी गति पकड़ लेगा।

# घने कोहरे के कारण 100 से अधिक उड़ानों में विलंब, कई जगह दृश्यता शून्य हुई

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में घना कोहरा छाए रहने से कुछ इलाकों में दृश्यता शून्य हो गई, जिससे शुक्रवार की सुबह दिल्ली हवाई अड्डे पर 100 से अधिक उड़ानों के परिचालन में देरी हुई। दिल्ली में सुबह घना कोहरा छाया रहा और मौसम विभाग ने दिन में अधिकतर समय बादल छाए रहने का पूवार्नुमान व्यक्त किया है। मौसम विभाग ने बताया कि दिल्ली का न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। एक अधिकारी ने बताया कि खराब मौसम के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर 100 से अधिक उड़ानों के परिचालन में देरी हुई हैं, लेकिन फिलहाल किसी उड़ान का मार्ग परिवर्तित नहीं किया गया है। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डीआईएएल) ने छह बजकर 35 मिनट पर सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, दिल्ली हवाई अड्डे पर लैंडिंग और टेकऑफ जारी रहने के बावजूद, जो उड़ानें सीएटी-तृतीय के अनुरूप नहीं हैं, उन पर असर पड़ सकता है। यात्रियों से अनुरोध है कि वे उड़ान की अद्यतन जानकारी के लिए



संबंधित विमानन सेवा से संपर्क करें। किसी भी असुविधा के लिए हमें गहरा खेद है। भारत



मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि आईजीआई हवाई अड्डे पर बहुत घना कोहरा छाया रहा और दृश्यता शून्य मीटर दर्ज की गई। विभाग ने बताया कि सभी रनवे सीएटी-तृतीय मानकों के तहत काम कर रहे हैं, जो कम दृश्यता की स्थिति में भी विमानों को उड़ान भरने की अनुमति देता है। आईजीआई हवाई अड्डा प्रतिदिन लगभग 1,300 उड़ानों का परिचालन करता है।

मौसम विभाग के एक अधिकारी के अनुसार, सुबह आठ बजे पालम मौसम केंद्र ने पिछले दो घंटों में शून्य मीटर दृश्यता के साथ बहुत घने कोहरे की सूचना दी, जबकि प्राथमिक मौसम केंद्र सफदरजंग ने 50 मीटर दृश्यता की सूचना दी। मौसम विभाग ने शुक्रवार को घने कोहरे का पूवार्नुमान व्यक्त किया और अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना जताई है। दिल्ली में सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 351 दर्ज किया गया, जो बहुत खराब श्रेणी में आता है। एक्यूआई को शून्य से 50 के बीच अच्छा 51 से 100 के बीच ह्यसंतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब 301 से 400 के बीच बहुत खराबऔर 401 से 500 के बीच ह्यगंभीर माना जाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली चिड़ियाघर में एक सींग वाले गैंडे धर्मेंद्र की अप्राकृतिक मौत

नई दिल्ली। असम से दिल्ली चिड़ियाघर लाए गए एक सींग वाले नर गैंडे धर्मेंद्र की ह्यअप्राकृतिक मौत हो गई है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। बताया जा रहा है कि सितंबर 2024 में यहां लाया गया 11 वर्षीय गैंडा अच्छी स्थिति में था और उसे प्रजनन की उम्मीद में चिड़ियाघर में एक मादा गैंडे के साथ रखा गया था। दिल्ली चिड़ियाघर के निदेशक संजीत कुमार के अनुसार, धर्मेंद्र सुबह अपने बाड़े में मृत पाया गया। कुमार ने बताया कि गैंडे को तुरंत चिड़ियाघर के पशु चिकित्सालय ले जाया गया, लेकिन वहां पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने कहा, ह्यलगभग 11 वर्षीय नर गैंडा आज सुबह अपने बाड़े में मृत पाया गया। चूंकि यह एक अप्राकृतिक मौत है और इसका पहले कोई बीमारी का इतिहास नहीं था, इसलिए सभी संभावित वजहों पर विचार किया जा रहा है और जांच जारी है।

### बाइकसवार भाई-बहन को बुलेटसवार ने मारी टक्कर, घायल

नई दिल्ली। भजनपुरा इलाके में गत रविवार को एक अज्ञात बुलेटसवार ने बाइकसवार भाई-बहन को टक्कर मारकर घायल कर दिया। हादसे के बाद आरोपी तत्काल मौके से फरार हो गया। वहीं, मौके से गुजर रहे कुछ रिश्तेदारों ने पीड़ितों को उपचार के लिए ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया जहां उनका इलाज किया गया। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक, पीड़ित सक्षम चौधरी परिवार के साथ एफ-तीन, गली संख्या एक, खजूरी खास में रहता है। परिवार में इसके माता पिता हैं। गत रविवार को वह अपनी मौसेरी बहन इशिका चौधरी के साथ बाइक से यमुना विहार गये हुए थे। रात करीब 10 बजे जब वह घर वापस आ रहा था और सर्विस रोड स्थित भजनपुरा पेट्रोल पंप पहुंचा तो सामने से आ रहे एक बुलेट सवार ने पीड़ित की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह मौके पर अपनी बहन के साथ सड़क पर गिर गए और चोटिल हो गए। बाद में एक रिश्तेदार ने उन दोनों को सिविल लाइन स्थित ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया जहां उनका उपचार किया गया। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना के बाद अस्पताल पहुंची पुलिस ने पीड़ित के बयान के आधार पर अज्ञात बुलेटचालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

### चाकू के बल पर लूटपाट करने वाले तीन बदमाश पकड़े

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली पुलिस ने विभिन्न थाना इलाकों से चाकू के बल पर लूटपाट करने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त अभिषेक धानिया ने बताया कि जांच में आरोपियों पर 24 से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज मिले हैं। बदमाशों के कब्जे से पुलिस को तीन बटनदार चाकू बरामद हुआ है। पुलिस के मुताबिक, मंडावली पुलिस को पेट्रोलिंग के दौरान मंगलवार रात करीब 10.30 बजे तालाब पार्क के पास एक बाइकसवार संदिग्ध दिखाई दिया। पुलिस को देखते ही वह भागने की कोशिश करने लगा तो पुलिस टीम ने तत्काल पीछा कर उसे पकड़ लिया। आरोपी की पहचान 21 वर्षीय रहीश के रूप में हुई है। तलाशी में उसके पास से एक बटनदार चाकू बरामद हुआ। इसके बाद गत बुधवार को पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान आरोपी शहजाद को बटनदार चाकू के साथ गिरफ्तार किया। वहीं, पांडव नगर पुलिस ने मंगलवार की रात को पेट्रोलिंग के दौरान राज कुमार उर्फ लल्ला को बटनदार चाकू के साथ गिरफ्तार किया है।

### लैंड पूलिंग और जीडीए पॉलिसी जल्दी ही होगी लागू

नई दिल्ली। भाजपा के तीन सांसदों ने आज दिल्ली देहात के किसानों के एक प्रतिनिधि मंडल के साथ केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री श्री मनोहर लाल से भेंट करके डीडीए से जुड़ी तथा दिल्ली की अन्य समस्याओं के समाधान का अनुरोध किया है। श्री मनोहर लाल ने आश्वासन दिया है कि इन समस्याओं को जल्दी ही हल कर दिया जाएगा। दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, पश्चिमी दिल्ली से सांसद श्रीमती कमलजीत सहरावत और उत्तर-पश्चिम दिल्ली से सांसद श्री योगेंद्र चंदोलिया ने श्री मनोहर लाल से भेंट करके उन्हें इन समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि संशोधित लैंड पूलिंग पॉलिसी और जीडीए पॉलिसी तुरंत लागू की जाए।

# दिल्ली के सरकारी स्कूल प्राइवेट से भी बेहतर : सीएम आतिशी

**हर बच्चे को सबसे अच्छी शिक्षा देने के अरविंद केजरीवाल के विजन के तहत झिलमिल कॉलोनी के स्कूल में बच्चों के लिए वर्ल्ड-क्लास एकेडमिक ब्लॉक समर्पित किया गया है। सीएम आतिशी ने बताया कि यह नई बिल्डिंग शानदार क्लास रूम, 6 हाईटेक लैब्स, एमपी हॉल, लिफ्ट समेत तमाम अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। 10 साल पहले तक सरकारी स्कूलों में ऐसी सुविधाएं किसी सपने की तरह थी। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के मन में यह टीस होती थी कि काश वे भी प्राइवेट स्कूलों में पढ़ पाते।**






प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने झिलमिल इलाके में सरकारी स्कूल में एक नए एकेडमिक ब्लॉक का उद्घाटन किया। झिलमिल के इस सरकारी स्कूल में अलग-अलग विषयों के 6 लैब्स हैं। इस स्कूल में विश्वस्तरीय हॉकी मैदान और 5 स्टेट मल्टीपरपस हॉल भी बनवाया गया है। इस अवसर पर आतिशी ने कहा कि दिल्ली की शिक्षा क्रांति से सरकारी स्कूल के छात्रों में प्राइवेट स्कूलों के स्टूडेंट्स से बेहतर करने का आत्मविश्वास आया है। हर बच्चे को सबसे अच्छी शिक्षा देने के अरविंद केजरीवाल के विजन के तहत झिलमिल कॉलोनी के स्कूल में बच्चों के लिए वर्ल्ड-क्लास एकेडमिक ब्लॉक समर्पित किया गया है। सीएम आतिशी ने बताया कि यह नई बिल्डिंग शानदार क्लास रूम, 6 हाईटेक लैब्स, एमपी हॉल, लिफ्ट समेत तमाम अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। 10 साल पहले तक सरकारी स्कूलों में ऐसी सुविधाएं किसी सपने की तरह थी। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के मन में यह टीस होती थी कि काश वे भी प्राइवेट स्कूलों में पढ़ पाते। लेकिन, पिछले 10 सालों में केजरीवाल की शिक्षा क्रांति ने इस टीस को दूर करते हुए बच्चों को आत्मविश्वास दिया है कि वे प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों से किसी भी तरह कम नहीं हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार की यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे बच्चों को नौकरियों में लाखों का पैकेज मिल रहा है। दिल्ली सरकार की ह्यइंदिरा गांधी दिल्ली टेक्निकल यूनिवर्सिटी फॉर विमेनह्न में पढ़ी एक छात्रा को 82 लाख रुपए का पैकेज मिला है। 2014 में दिल्ली के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में केवल 83,600 सीटें होती थीं, अब 1,55,000 सीटें हैं। 'आप' सरकार ने दिल्ली स्किल एंड एंटरप्रेन्योरशिप यूनिवर्सिटी समेत विभिन्न नई यूनिवर्सिटी शुरू की हैं। कई यूनिवर्सिटी और कॉलेज में एडमिशन सीट बढ़ाकर छात्रों के लिए अच्छी पढ़ाई का प्रबंध किया गया है। उन्होंने बताया कि आपके बच्चों की 12वीं की पढ़ाई के बाद भी अच्छी शिक्षा जारी रहे, इसके लिए दिल्ली की 'आप' सरकार शानदार कॉलेज और विश्वविद्यालय तैयार कर रही है। दिल्ली में केजरीवाल की शिक्षा क्रांति का यह कमाल है। दिल्ली में सरकारी स्कूलों का रिजल्ट शानदार आ रहा है, बच्चे जेईई-नीट का एग्जाम पास कर रहे हैं। दिल्ली में 4 लाख बच्चों ने प्राइवेट से नाम कटवाकर सरकारी स्कूलों में एडमिशन लिया है। दिल्ली में सरकारी स्कूलों के बच्चे फ्रांस जाकर फ्रेंच सीख रहे हैं।

# कैफे मालिक आत्महत्याः पुलिस परिवार के सदस्यों और ससुराल वालों से पूछताछ कर सकती है

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस उत्तर पश्चिमी दिल्ली के मॉडल टाउन इलाके में फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाले कैफे मालिक पुनीत खुराना के परिवार के सदस्यों और ससुराल वालों से पूछताछ कर सकती है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार मामले के तथ्यों का पता लगाने के लिए एक टीम खुराना के घर जाएगी तथा उनके मित्रों और ससुराल वालों से भी मुलाकात करेगी। पुलिस सूत्रों ने पहले बताया था कि खुराना ने फांसी लगाने से पहले अपने मोबाइल फोन में 54 मिनट का वीडियो रिकॉर्ड किया था। वीडियो की एक छोटी क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जिसमें पुनीत कह रहा है कि वह तनाव में था और उसने इसके कारण भी बताए हैं। एक सूत्र ने शुक्रवार को बताया कि कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं। सूत्र ने बताया, ह्यमामले की जांच के लिए कई टीमें गठित की गई हैं। टीमें उनकी पत्नी, ससुराल वालों और दोस्तों से पूछताछ करेंगी। खुराना ने मंगलवार को अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने बताया कि उनके परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया है कि उनकी पत्नी और ससुराल वाले उन्हें परेशान कर रहे थे।

# दिल्ली पर छाया घना कोहरा, न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस दर्ज

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार सुबह घना कोहरा छाया रहा और कुछ क्षेत्रों में दृश्यता शून्य हो गई। मौसम विभाग ने दिन में बादल छाए रहने का पूवार्नुमान व्यक्त किया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दिल्ली में न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि दिल्ली के आईजीआई हवाई अड्डे पर बहुत घना कोहरा छाया रहा और दृश्यता शून्य मीटर दर्ज की गई। उसने बताया कि सभी रनवे कैट-तृतीय मानकों के तहत काम कर रहे हैं झ्र यह प्रणाली कम दृश्यता में भी विमानों को उतारने में मदद करती है। मौसम विभाग के एक अधिकारी के अनुसार, सुबह आठ बजे पालम मौसम केंद्र ने पिछले दो घंटों में शून्य मीटर दृश्यता के साथ बहुत घने कोहरे की सूचना दी, जबकि प्राथमिक मौसम केंद्र सफदरजंग ने 50 मीटर की दृश्यता की सूचना दी। दिल्ली में सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 351 दर्ज किया गया, जो बहुत खराब श्रेणी में आता है। यहां सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता का स्तर 100 प्रतिशत रहा। मौसम वैज्ञानिकों ने शुक्रवार को घने कोहरे का पूवार्नुमान व्यक्त किया है और अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

# कांग्रेस ने सीएम आतिशी के खिलाफ अलका लांबा को मैदान में उतारा

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली में फरवरी महीने में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ अपने उम्मीदवार के नाम का ऐलान कर दिया है। कांग्रेस ने अलका लांबा को आतिशी के खिलाफ अपना उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस ने आधिकारिक तौर पर अलका के नाम की घोषणा कर दी है। पार्टी ने अलका लांबा को कालकाजी विधानसभा सीट से चुनाव मैदान में उतारा है। कांग्रेस की तरफ से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि केंद्रीय चुनाव समिति ने 51-कालकाजी निर्वाचन क्षेत्र से दिल्ली विधानसभा के आगामी आम चुनाव लड़ने के लिए कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में अलका लांबा की उम्मीदवारी को मंजूरी दे दी है। आप को बता दें कि अलका लांबा कांग्रेस की वरिष्ठ नेता हैं और वह मौजूदा समय में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष हैं। वह कांग्रेस वर्किंग कमेटी की भी सदस्य हैं। आलका लांबा आम आदमी पार्टी के टिकट पर विधायक भी रह चुकी हैं। बाद में उन्होंने कांग्रेस में वापसी की। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अब तक 48 उम्मीदवारों का एलान कर दिया है। पार्टी ने पिछले महीने पहली सूची जारी की थी, जिसमें 21 उम्मीदवारों के नाम शामिल थे। इसके बाद पार्टी ने दूसरी लिस्ट जारी की थी, जिसमें 26 प्रत्याशियों के नाम शामिल थे। पार्टी शुक्रवार को तीसरी लिस्ट जारी की, जिसमें एक उम्मीदवार के नाम शामिल हैं। कांग्रेस ने केजरीवाल के खिलाफ पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित को मैदान में उतारा है। जंगपुरा सीट से मनीष सिसोदिया के खिलाफ कांग्रेस ने फरहाद सूरी को मैदान में उतारा है। दिल्ली विधानसभा चुनाव को आम आदमी पार्टी को गंभीरता से ले रही है। यही कारण है कि सत्तारूढ़ आप ने सभी 70 सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं। इस बार पार्टी ने पटपड़गंज सीट से मशहूर शिक्षक अवध ओझा को टिकट दिया है। वहीं पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया जंगपुरा से मैदान में होंगे। सीएम आतिशी कालकाजी सीट से ही उम्मीदवार हैं। इस बार अलका लांबा के उतारे जाने से मुकाबला दिलचस्प हो गया है। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने चुनाव को लेकर अपने पत्ते नहीं खोले हैं। माना जा रहा है कि बीजेपी जल्द ही अपने प्रत्याशियों की सूची जारी कर सकती है। दिल्ली में विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी में प्रत्याशियों को लेकर अभी मंथन जारी है। बताया गया कि बीजेपी दिल्ली की हर पर मंथन कर रही है। इसी वजह से भाजपा की लिस्ट जारी होने में देरी हो रही है।

# पीएम मोदी ने डीयू के 2 नए 'कैंपस' और 'वीर सावरकर' कॉलेज की रखी नींव

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दिल्ली विश्वविद्यालय के 2 नए परिसरों (कैंपस) और हिंदुत्व विचारक वीर सावरकर के नाम पर एक कॉलेज की आधारशिला रखी है। 600 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश वाली इस परियोजना का उद्देश्य शैक्षिक अवसरों को बढ़ावा देना और सुविधाओं का आधुनिकीकरण करना है। शिलान्यास समारोह अशोक विहार में आयोजित किया गया, जहां पीएम मोदी ने राष्ट्रीय राजधानी के लिए कई अन्य बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की भी शुरूआत की है। डीयू के विस्तार प्रयासों के तहत सूरजमल विहार में पूर्वी परिसर और द्वारका सेक्टर 22 में पश्चिमी परिसर बनाया जा रहा है। वर्तमान में डीयू के उत्तर और दक्षिण परिसर हैं। 15.25 एकड़ में फैले पूर्वी परिसर को 373 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से विकसित किया जा रहा है। पूर्वी परिसर में एलएलबी, एलएलएम और एकीकृत 5 वर्षीय एलएलबी कार्यक्रम के साथ-साथ अन्य बहु-विषयक पाठ्यक्रम उपलब्ध होंगे। परिसर में अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसी तरह, 107 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा पश्चिमी परिसर पहले चरण में एक नया शैक्षणिक ब्लॉक होगा। 19,434.28 वर्ग मीटर में फैले इस परिसर में 42 कक्षाएं, एक डिजिटल लाइब्रेरी, सम्मेलन कक्ष, सेमिनार हॉल समेत अन्य सुविधाएं होंगी। डीयू के इन परिसरों के अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने नजफगढ़ के रोशनपुरा में वीर सावरकर कॉलेज की आधारशिला रखी, जो पश्चिमी परिसर से काफी नजदीक है। 18,816.56 वर्ग मीटर में फैले इस कॉलेज को 140 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से बनाया जाएगा।

# दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री देवेन्द्र यादव सहित सैंकड़ों कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने डॉ0 मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री देवेन्द्र यादव ने बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकताओं और नेताओं के साथ आज यहां प्रदेश कार्यालय, राजीव भवन में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ0 मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री देवेन्द्र यादव ने कहा कि डा0 मनमोहन सिंह बहुत बड़े आर्थशास्त्री थे, जिनकी सोच और नीतियों के लागू होने के कारण ही देश आज तक मजबूत स्थिति है और इतना सक्षम है कि हर स्थिति और परिस्थितियों का सामना कर सकता है। उन्होंने कहा कि डा0 मनमोहन सिंह ने 2004-2014 प्रधानमंत्री रहते हुए देश की प्रगति और विकास के लिए ठोस और



निर्णायक फैसले लिए जिसके चलते देश विश्व में अग्रिम पंक्तियों वाले देशों के साथ खड़ा है। डॉ. मनमोहन सिंह जी को श्रद्धांजलि देने वालों में श्री देवेन्द्र यादव के अलावा पूर्व सांसद श्री रमेश कुमार, अ0भा0क0कमेटी के दिल्ली प्रभारी काजी निजामुद्दीन, अ0भा0क0कमेटी के प्रभारी सचिव दानिश अबरार, सुखविन्दर सिंह डैनी, अ0भा0क0कमेटी के एसएसी चेयरमैन श्री राजेश लिलौठिया, पूर्व मंत्री डा0 नरेन्द्र नाथ, किरण वालिया, पूर्व विधायक हरी शंकर गुप्ता, विजय लोचव, अल्का लांबा, कुंवर करण सिंह, आसिफ मौहम्मद खान, सेवादल मुख्य संगठक सुनील कुमार, डा0 नरेश कुमार, निगम पार्षद अरीबा खान और समीर मंसूरी सहित बड़ी संख्या में प्रमुख लोग शामिल थे।

**आरोप** चुनाव आयोग को इससे बड़ा सबूत क्या चाहिए? भाजपा अब चुनावी घोटाले के जरिए दिल्ली जीतने की साजिश रच रही है, जिसे हम किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने देंगे।

# आप का भाजपा पर वोट काटने का अभियान चलाने का आरोप, संजय सिंह ने शुरू किया डोर टू डोर कैंपेन

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। विधानसभा चुनाव से पहले दिल्ली में आम आदमी पार्टी औप बीजेपी के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। अब आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने शुक्रवार को नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में घर-घर जाकर मतदाताओं को जागरूक करने का अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य मतदाताओं को यह सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित करना था कि उनके नाम वोटर लिस्ट में दर्ज हैं।

संजय सिंह ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी जानबूझकर अरविंद केजरीवाल की नई दिल्ली विधानसभा सीट पर आप समर्थकों के वोट कटवा रही है। उन्होंने कहा, ह्लभाजपा ऐसे लोगों के वोट काटने का प्रयास कर रही है, जो 40-50 साल से यहां रह रहे हैं। चुनाव आयोग को इससे बड़ा सबूत क्या चाहिए? भाजपा अब चुनावी घोटाले के जरिए दिल्ली जीतने की साजिश रच रही है, जिसे हम किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने देंगे।

संजय सिंह ने कहा कि जिन लोगों के वोट काटे गए हैं, वे खुद कह रहे हैं कि वे यहीं रह रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि भाजपा का यह कदम भविष्य में और भी खतरनाक हो सकता है। भाजपा वाले यहां बुल्डोजर चलवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह भाजपा की हताशा को दशार्ता है। संजय सिंह ने इस मामले में चुनाव आयोग से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। उन्होंने कहा, ह्लभाजपा के इस



कृत्य से न केवल लोकतंत्र को खतरा है, बल्कि यह गरीब और मेहनतकश लोगों के अधिकारों का भी हनन है, जिनका वोट कटवाया गया है। उन लोगों के पास वोटर आईडी कार्ड हैं और वे अपने क्षेत्र में स्थायी निवासी हैं।

नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने भी इस मुद्दे पर नाराजगी जताई। पूर्वांचल के एक मतदाता ने कहा, ह्लहम अरविंद केजरीवाल को दोबारा लाएंगे। भाजपा चाहे जितनी भी साजिश रच ले, हम उनका मुकाबला करेंगे।ह्व कई मतदाताओं ने अपने वोटर आईडी कार्ड दिखाते हुए कहा कि वे लंबे समय से यहां रह रहे हैं, फिर भी उनके नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए गए हैं। संजय सिंह ने मीडिया को बताया कि भाजपा जानबूझकर केजरीवाल के समर्थकों को निशाना बना रही है। उन्होंने कहा ह्लजो लोग वर्षों से यहां रह रहे हैं, उनका वोट काटा जा रहा है। यह केवल एक राजनीतिक साजिश है। भाजपा चुनाव जीतने के लिए हर संभव गलत तरीका अपना रही है।

प्रधानमंत्री पर भी साधा निशानाः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिल्ली में कई योजनाओं के शिलान्यास के सवाल पर संजय सिंह ने कहा, ह्लदेश में 37 लाख से अधिक बच्चे सरकारी स्कूल छोड़ चुके हैं। भाजपा झूठ और झगड़ों में देश को उलझा रही है। बेरोजगारी और अशिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है।ह्व संजय सिंह ने यह भी कहा कि आम आदमी पार्टी इस मुद्दे को लेकर लगातार चुनाव आयोग और प्रशासन से शिकायत कर रही है। उन्होंने कहा ह्लहम भाजपा की इस साजिश को सफल नहीं होने देंगे। दिल्ली की जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी ताकत से लड़ाई लड़ेंगे। आम आदमी पार्टी का यह अभियान भाजपा के खिलाफ दिल्ली में एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बन सकता है। मतदाताओं का समर्थन और उनकी जागरूकता इस चुनाव में अहम भूमिका निभाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### नोएडा में एक व्यक्ति ने चार लोगों के खिलाफ मारपीट कर नकदी लूटने का मामला दर्ज कराया

नोएडा। उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले में नोएडा के सेक्टर 24 थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपनी पुत्रवधू और उसके पिता समेत चार लोगों पर मारपीट कर नकदी लूटने का आरोप लगाया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि प्रमोद राउत नामक व्यक्ति की शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।थाना सेक्टर 24 के प्रभारी निरीक्षक श्याम बाबू शुक्ला ने बताया कि बृहस्पतिवार की रात को राउत ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके छोटे बेटे समीर राउत की पत्नी अर्पिता नायक ने उनकी पत्नी को गला दबाकर मारने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि शिकायत के अनुसार उनकी पुत्रवधू ने उनसे धनराशि की भी मांग की और पैसे नहीं दिये जाने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी।थाना प्रभारी ने बताया कि प्रमोद राउत का आरोप है कि अर्पिता के परिचितों सेनापति नायक, बनमली नायक और राजू नायक ने उनके साथ मारपीट करके उससे नकदी और सोने की चेन लूट ली। उन्होंने बताया कि इन चारों लोगों के खिलाफ लूटपाट, हत्या के प्रयास समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बुजुर्ग महिला के गले से सोने की चेन लूटी

नोएडा। थाना बिसरख क्षेत्र से अज्ञात बदमाशों ने एक बुजुर्ग महिला के गले से सोने की चेन लूट ली। पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। ऋतुराज ने बीती रात थाना बिसरख में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनकी मां हिना देवी (65) गैलेक्सी डायमंड प्लाजा मॉल में घूमने गई थी। वह माल से बाहर निकलकर कार में बैठने जा रही थी, तभी अज्ञात बदमाशों ने उनके गले से सोने की चेन छीन ली। शिकायतकर्ता के अनुसार उनकी मां ने शोर मचाया लेकिन बदमाश मौके से भाग गए।इस बाबत थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दो कारों की टक्कर में एक घायल

ग्रेटर नोएडा। बीटा दो कोतवाली क्षेत्र में चूहड़पुर अंडरपास के समीप एक तेज रफ्तार ऑडी कार ने वैगरआर कार में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वैगरआर कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कार सवार घायल हुआ है। घायल युवक ने ऑडी कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। दिल्ली के जसोला गांव के रहने वाले पंकज तंवर ने पुलिस को बताया कि सोमवार की रात वह अपनी वैगरआर कार से नोएडा की तरफ जा रहे थे। चूहड़पुर अंडरपास के समीप एक ऑडी कार के चालक ने लापरवाही से उनकी कार में टक्कर मार दी। हादसे में उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई और वह घायल हो गए। इस दौरान आरोपी चालक कार लेकर फरार हो गया। पंकज ने बताया कि उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने इस मामले में ऑडी कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि कार चालक के बारे में पता लगाया जा रहा है। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई जाएगी।

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार महिला की हड्डी टूटी

नोएडा। पंचशील इंटर कॉलेज के पास तेज रफ्तार कार के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए आगे जा रही बाइक में टक्कर मारकर महिला समेत दो लोगों को घायल कर दिया। हादसे में महिला के पैर की हड्डी टूट गई और एक निजी अस्पताल में उसका अभी भी उपचार चल रहा है। महिला के पति की शिकायत पर फेज दो थाने की पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शिकायत में हरदोई निवासी रमेश ने बताया कि वर्तमान में वह परिवार के साथ सेक्टर-93 में रह रहे हैं। बीते दिनों शिकायतकर्ता की 40 वर्षीय पत्नी अंजू उबर बाइक से काम पर जा रही थीं।

### छात्र समेत दो का मोबाइल लूटा

नोएडा। पारा गिरते ही बाइक सवार बदमाश शहर में फिर से सक्रिय हो गए हैं। एक ही थानाक्षेत्र में बदमाशों ने मोबाइल लूट की दो वारदात कर डाली। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-63 थाने की पुलिस को दी शिकायत में बलिया निवासी रविकांत तिवारी ने बताया कि वर्तमान में वह परिवार के साथ सेक्टर-12 में रहते हैं। शिकायतकर्ता का भाई शशिकांत बीते दिनों अपने दोस्त को छोड़ने घर से बाहर गया था। इसी दौरान एक बाइक पर सवार होकर तीन बदमाश आए और शशिकांत का मोबाइल छीनकर फरार हो गए। बदमाशों ने चेहरे और बाइक के नंबर प्लेट को शॉल से ढका हुआ था। पीड़ित के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे लेकिन तबतक बाइक सवार बदमाश फरार हो चुके थे।

# दिल्ली में जन जन की सेवा के प्रति संकल्पित है भाजपा : विजेंद्र गुप्ता

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आज दिल्ली के अशोक विहार में आयोजित जनसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा दिल्ली के विकास के लिए नई विजन और रोड मैप प्रस्तुत करने के लिए उनका आभार जताते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री के संबोधन से दिल्ली वासियों के मन में उम्मीदें जगी हैं और नई आशा का संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भाजपा दिल्ली में जन-जन की सेवा के प्रति संकल्पित है और जनता को ह्यआपदाह्न वाली सरकार से मुक्ति दिलाकर केंद्र की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में जीत हासिल कर भाजपा सत्ता में आते ही पहले दिन से दिल्ली की 2 करोड़ जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए काम करना शुरू कर देगी। उन्होंने कहा कि विपक्ष दिल्ली सरकार के जिस भ्रष्टाचार और नाकामियों को हर मंच पर उजागर करता रहा है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज उस पर अपनी मोहर लगा दी है। बकौल गुप्ता, आम आदमी पार्टी की सरकार अब ह्यआपदाह्न सरकार बन चुकी है, क्योंकि पिछले 10 साल के कुशासन में इस सरकार ने दिल्ली वालों को सिर्फ आपदा ही दी है, इसलिए आपदाग्रस्त दिल्ली को अब इस सरकार से मुक्ति दिलाने का वक्त आ गया है। उन्होंने दिल्ली की जनता से अपील की है कि वो धैर्य रखें, क्योंकि उन्हें अब आप सरकार के कुशासन से मुक्ति के लिए और ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। आप सरकार के गिने-चुने दिन ही बाकी हैं और चंद दिनों में ही ये आधी अधूरी सरकार खत्म हो जाएगी और फरवरी में आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा अपना वनवास खत्म कर सत्ता में लौटने वाली है और दिल्ली के 2 करोड़ लोग इसके राज्याभिषेक के लिए तैयार बैठे हैं।

उन्होंने कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस सरकार ने सबको धोखा ही दिया है। अपनी शिक्षा क्रांति का पूरी दुनिया में ढिंढोरा पीटने वाली आप सरकार ने केंद्र सरकार द्वारा शिक्षा के उत्थान और आधुनिकीकरण के लिये जो पैसा दिया गया, उसका इस्तेमाल ही नहीं किया। स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिये दिल्ली के सभी 11 जिलों में लैब्स खोलने के लिये केंद्र सरकार के पैसे लेने से मना कर दिया। और भ्रष्टाचार के लिये लैब्स सुविधाओं को आउटसोर्स कि दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ह्यआयुष्मान भारत योजनाह्न और ह्यप्रधानमंत्री आवास योजनाह्न का लाभ अब दिल्ली वालों को भी मिल सकेगा। सभी सरकारी अस्पतालों में विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं, शिक्षा संस्थानों में आधुनिक और रोजगार परक शिक्षा दिलाना भाजपा की प्राथमिकता होगी। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल के खोखले वादों पर तंज करते हुए कहा कि दिल्ली वालों को अब खोखले वादों का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्हें लंदन, सिंगापुर और पेरिस जैसी सड़कों की जरूरत नहीं है, बल्कि उन्हें मजबूत, टिकाऊ और गड्ढामुक्त सड़कों की जरूरत है, जिस पर चलकर वाहन चालक अपने आपको सुरक्षित महसूस कर सकें और उन्हें इस तरह की सड़कें उपलब्ध करवाने के लिए भाजपा कृतसंकल्प है। गुप्ता ने कहा कि भाजपा शराब, शिक्षा, स्वास्थ्य, ट्रांसपोर्ट और जलापूर्ति से जुड़ी योजनाएं बनाकर करोड़ों का भ्रष्टाचार करने वाली इस ह्यआपदा सरकारह्न को अपने पापों की सजा दिला कर ही रहेगी। क्योंकि सरकार के भ्रष्टाचार के मामलों की जांच पूरी होने के बाद आप सरकार के भ्रष्टाचार का काला चिट्ठा जनता के सामने आने वाला है।

# आईपी में जेनेरेटिव एआई के अनुप्रयोग पर दो सप्ताह के एफडीपी का आयोजन

**देश भर से प्राप्त 1,000 से अधिक आवेदनों में से केवल 25 संस्थानों का चयन एआईसीटीई द्वारा ऐसे एफडीपी आयोजित करने के लिए किया गया था, जिसमें जीजीएसआईपीयू भी शुमार था। इस कार्यक्रम के समापन सत्र में प्रो. बी.वी. रामा रेड्डी, एनआईटी कुरुक्षेत्र के निदेशक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। प्रो. सी.एस. राय, जीजीएसआईपीयू के अकादमिक मामलों के निदेशक और प्रो. नवीन राजपाल, यूएसआईसीटी के वरिष्ठ प्रोफेसर भी इस अवसर पर मौजूद थे।**

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। एआईसीटीई प्रशिक्षण और शिक्षा (एटीएएल) अकादमी के दो सप्ताह के संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी) ₹प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण उपलब्धियों के लिए जनरेटिव एआई, मशीन लर्निंग और आईओटी का उपयोग₹ की मेजबानी गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (जीजीएसआईपीयू), के विश्वविद्यालय स्कूल ऑफ इन्फॉर्मेशन, कम्युनिकेशन एंड टेक्नोलॉजी (यूएसआईसीटी) द्वारा की गई। देश भर से प्राप्त 1,000 से अधिक आवेदनों में से केवल 25 संस्थानों का चयन एआईसीटीई द्वारा ऐसे एफडीपी आयोजित करनेकेलिए किया गया था, जिसमें जीजीएसआईपीयू भी शुमार था। इस कार्यक्रम के समापन सत्र में प्रो. बी.वी. रामा रेड्डी, एनआईटी कुरुक्षेत्र के निदेशक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।



प्रो. सी.एस. राय, जीजीएसआईपीयू के अकादमिक मामलों के निदेशक और प्रो. नवीन राजपाल, यूएसआईसीटी के वरिष्ठ प्रोफेसर भी इस अवसर पर मौजूद थे। प्रो. राजपाल ने तेजी से प्रौद्योगिकी प्रगति पर पर अपने विचार रखे और जेनरेटिव एआई को आधुनिक युग की एक सशक्त एजेंट के रूप में रेखांकित किया। प्रो. राय ने उपस्थित लोगों को आश्वस्त किया कि प्रौद्योगिकी मानव क्षमताओं को बढ़ा सकती है; एआई को खतरे के रूप में नहीं बल्कि लंबी अवधि की प्रगति के लिए एक परिवर्तनकारी अवसर के रूप में देखा जा सकता है। प्रो. रामा रेड्डी ने मानवता के विकास और प्रौद्योगिकी प्रगति के बीच समानताएँ खींचकर इस संदर्भ को नए ढंग से परिभाषित करने की कोशिश की। इस कार्यक्रम से जुड़ी श्रीमती रिया ने ₹प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण उपलब्धियों के लिए जनरेटिव एआई, मशीन लर्निंग और आईओटी का उपयोग₹ पर दो सप्ताह के संकाय विकास कार्यक्रम की एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम के उपरांत प्रतिभागियों, आयोजकों और समन्वयकों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गएँ। इस कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. अनुराधा चुग ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शामिल सभी लोगों को आभार व्यक्त किया।

# सड़कें खोद कर सभी रास्ते बंद किए : अशोक शर्मा



प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। उपाध्याय ब्लाक, शकरपुर में आईजीएल इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड वालों ने ब्लाक में घुसने के सभी रास्तों को खोदकर बड़े बड़े गड्ढे करके बंद कर दिया है। स्थानीय निवासी तथा कन्फडरेशन ऑफ एनसीआर आरडब्ल्यूए ईस्ट दिल्ली चैप्टर के सचिव अशोक शर्मा का कहना है कि क्षेत्र में आईजीएल के कर्मचारी बड़े बड़े गड्ढे करके 15-15 दिन के लिए चले जाते हैं। जिनमें सीवर का पानी घुस जाता है। कई बार बुजुर्ग व बच्चे चोटिल भी हो जाते हैं। यदि किसी स्थानीय निवासी को आपात स्थिति में निकलना भी हो तो वह निकल भी नहीं सकता। उल्लेखनीय है कि आईजीएल के कर्मचारियों ने कई जगह पीने के पानी तथा सीवर की लाइन भी तोड़ दी। इस संदर्भ में जब आईजीएल के ठेकेदार या अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने एक दूसरे पर आरोप लगाकर अपना पल्ला झाड़ लिया। उपाध्याय ब्लाक के साथ लगभग पूरे शकरपुर में खुदाई के ऐसे हालात बने हुए हैं। जनता परेशान है शासन प्रशासन को इससे कोई मतलब नहीं है।

# चुनाव जीतने से पहले ही काम करने शुरू किए सुमित शर्मा नें

नई दिल्ली। अभी तो केवल पार्टी नें प्रत्याशी घोषित किया है लेकिन सुमित शर्मा नें लोगो की शिकायत सुनकर ही अपने क्षेत्र में लोगो के काम कराने शुरू कर दिए है। यह हम नहीं कह रहे अपितु क्षेत्र के लोग सोशल मीडिया पर शेयर कर रहे हैं। स्थानीय निवासी वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक शर्मा नें बताया सुमित शर्मा को कांग्रेस पार्टी ने पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र के तहत लक्ष्मी नगर विधानसभा से प्रत्याशी बनाया है। गत दिनों क्षेत्र के कुछ बुजुर्गो नें उनसे स्थानीय पार्क की खस्ता हालत की शिकायत की सुमित शर्मा नें अपने निजी फंड से उस पार्क में जो कच भी सुधर कार्य हो सकते थे करा डाले बस फिर क्या था सुमित शर्मा की चर्चा पूरे क्षेत्र में हो गई और कुछ लोगो नें सोशल मीडिया पर भी उनकी तारीफों के पुल बाँध दिए। सोशल मिडिया की एक पोस्ट के मुताबिक आज वेस्ट गुरु अंगद नगर आर. डब्लू.ए. की तरफ से नववर्ष 2025 की शुरूआत जनता की भावना को समर्पित किया क्यों कि चुनाव का मौसम है तो हमारे यहां शहीद भगत सिंह पार्क है जिस की हालत खस्ता हाल हो चुकी है दिल्ली में बीजेपी और आप की सरकार है दोनों पार्टी के नेता जो सता मै है उन को गुहार लगाती रही जनता लेकिन उन का जवाब था कि पहले आप हमें वोट दे कर जीताओ फिर हम पार्क का काम करेंगे लेकिन 31 दिसम्बर को कांग्रेस पार्टी के विधायक उमीदवार सुमीत शर्मा साथ पार्क में गए वहां पर बजुर्गो ने उन को पार्क की खस्ता हालत दिखाई तो उन्होंने कहा कि कल ही ये काम करवा दिया जाएगा और सच मै अपनी जेब से पार्क का रिपेयरिंग का काम करवा दिया कालोनी की जनता ओर पार्क में आने वाले सभी निवासियों ने सुमीत शर्मा का धन्यवाद किया और सुमीत शर्मा ने दिखा दिया है कि सच्चा जनप्रतिनिधि कैसा होना चाहिए लिए सभी सदस्यों ने सुमीत शर्मा का स्वागत किया और आशीर्वाद दिया कि तुम ही हमारे अगले विधायक हो।

# हजारों लोगों द्वारा डॉ. मनमोहन सिंह को नमन श्रद्धांजलि

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की श्रद्धांजलि सभा और अंतिम अरदास आज गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब कॉम्प्लेक्स में भाई लखी शाह वणजारा हॉल में आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न राजनीतिक पार्टियों, सामाजिक और धार्मिक संगठनों के नेताओं और हजारों लोगों ने पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धा के फूल अर्पित किए। इस अवसर पर परिवार ने उपस्थित जनों से डॉ. मनमोहन सिंह की महिमा गाने से मना करते हुए कहा कि उनका काम ही उनकी पहचान है, जिसकी सराहना अमेरिकी, फ्रांस, इंग्लैंड के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और दुनियाभर के नेताओं द्वारा की गई है। समागम में डॉ. मनमोहन सिंह की सबसे बड़ी बेटी डॉ. उपिंदर कौर ने संगत का दिल से धन्यवाद किया। उन्होंने भाई हरजिंदर सिंह श्रीनगर वालों द्वारा किए गए रसभीने कीर्तन का जिक्र करते हुए कहा कि उनके द्वारा पढ़े गए आखिरी शब्दों ने डॉ. मनमोहन सिंह के माता अमृत कौर और पिता गुरमुख सिंह की याद दिलाई। उन्होंने कहा कि परिवार को गर्व है कि बड़ी संख्या में लोगों ने अंतिम अरदास और




श्रद्धांजलि समागम में शिरकत कर श्रद्धा अर्पित की। इस समागम में दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने बताया कि दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी ने डॉ. मनमोहन सिंह के नाम पर कई फैसले लिए हैं। उन्होंने बताया कि कमेटी ने यह निर्णय लिया है कि जो शख्स पढ़ाई को बहुत महत्व देता है, उसके लिए कमेटी के चारों कॉलेजों में अर्थशास्त्र पर डॉ. मनमोहन सिंह के नाम से स्कॉलरशिप दी जाएगी। इसके अलावा, कोई भी नया शैक्षिक संस्थान खोला जाएगा, वह डॉ. मनमोहन सिंह के नाम पर खोला जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली कमेटी की सभी संस्थाओं में डॉ. मनमोहन सिंह की तस्वीर लगाई जाएगी और हर साल 26 दिसंबर को गुरुद्वारा बंगला साहिब में उनका स्मरण किया जाएगा। इस श्रद्धांजलि समागम में अंतिम अरदास गुरुद्वारा बंगला साहिब के प्रमुख ग्रंथी ज्ञानी रणजीत सिंह ने की। समागम में दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी द्वारा अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका, महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों और पूर्व अध्यक्ष सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा समेत अन्य ने डॉ. मनमोहन सिंह की धर्मपत्नी बीबी गुरशरण कौर को सिरोपाए अर्पित किए। इस मौके पर श्री अकाल तख्त साहिब और श्री पटना साहिब से भी शोक संदेश भेजे गए। समागम में दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सभी पदाधिकारी, सदस्य, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राज्यसभा में विपक्षी दल के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, योजना आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. मोंटेक सिंह आहलूवालिया, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष सरदार इकबाल सिंह लालपुरा, पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष सरदार अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग, दिल्ली कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सरदार परमजीत सिंह सरना समेत अन्य राजनीतिक, धार्मिक, सामाजिक और शैक्षिक क्षेत्र के अग्रणी लोग उपस्थित थे।

# 'शीशमहल' वाले तंज को लेकर केजरीवाल ने किया पीएम मोदी पर पलटवार

नई दिल्ली। शीशमहल वाले तंज को लेकर आम आदमी पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पलटवार किया है। केजरीवाल ने कहा, 2700 करोड़ रुपये का अपने लिए घर बनाने वाला, 8400 करोड़ रुपये के हवाई जहाज में घूमने वाला, 10 लाख रुपये के सूट पहनने वाला व्यक्ति, उसके मुंह से शीश महल की बातें अच्छी नहीं लगती। मैं निजी हमले करने में शामिल नहीं होना चाहता। मैं आरोप-प्रत्यारोप में नहीं चाहता। मैंने काम इतने किए हैं कि उन्हें गिना कराके काम की राजनीति करते हैं। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार ने 10 साल में बहुत कुछ किया, केंद्र में भाजपा ने ऐसा कुछ नहीं किया, जिसका जिक्र प्रधानमंत्री मोदी अपने भाषण में कर सकें। केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा कि दिल्ली में ह्यआपदाह्न है। भाजपा आपदा का सामना कर रही है, क्योंकि उसके पास दिल्ली चुनाव के लिए मुख्यमंत्री पद के लिए कोई चेहरा, विमर्श या मुद्दा नहीं है। आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने कहा ने कहा- भाजपा गरीबों की दुश्मन; दिल्ली में झुग्गियां तोड़कर दो लाख से ज्यादा लोगों को बेघर कर दिया गया। अपने 43 मिनट के भाषण में 39 मिनट तक प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली की जनता और उनके द्वारा भारी बहुमत से चुनी गई सरकार को केवल गाली दी। केजरीवाल ने कहा, ह्यमोदी जी, आपकी भाजपा में तीन तरह की आपदा आई हुई है, पहली भाजपा के पास कोई मुख्यमंत्री का चेहरा ही नहीं है, दूसरा भाजपा के पास चुनाव लड़ने के लिए कोई मुद्दा ही नहीं है और तीसरा भाजपा के पास चुनाव के लिए कोई एजेंडा ही नहीं है।

# भाजपा और आम आदमी पार्टी कांग्रेस की उपलब्धियों पर अपनी मोहर लगाकर जनता से झूठी सहानुभूति बटौर रही हैं देवेन्द्र यादव

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री देवेन्द्र यादव ने कहा कि कांग्रेस की दिल्ली सरकार द्वारा शुरू किए गए अशोक विहार जेलर वाला बाग में ईडब्लूएस फ्लैट्स के प्रोजेक्ट का आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटन करना कोई नई घटना नही है, दिल्ली नगर निगम चुनाव के दौरान नवम्बर 2022 में भी मोदी जी ने कालका जी में ईडब्लूएस फ्लैट्स की चाबी 10 गरीबों को देकर दिल्ली की जनता को गुमराह किया था जबकि कालका जी में बने हुए फ्लैटों का आवंटन प्रक्रिया आज तक पूरी नही हुई है। श्री देवेन्द्र यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और आम आदमी पार्टी कांग्रेस द्वारा शीला दीक्षित सरकार के कामों और उपलब्धियों पर अपनी मोहर लगाकर दिल्ली विधानसभा चुनाव में दिल्ली वालों को भ्रमित करने के लिए दोनो पार्टी सिर्फ वोट की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने जहां सेंट्रल विस्ता में हजारों करोड़ रुपये और अरविन्द केजरीवाल ने अपने ऐशो आराम के लिए शीश महल बनाकर जनता के सैंकड़ों करोड़ बर्बाद करके लोगां के प्रति झूठी सहानूभूति दिखाकर जो सत्ता प्राप्ति के लिए औछी राजनीति कर रहे है, उसको जनता अब समझ चुकी है। जनता कांग्रेस द्वारा किए कामों को याद कर रही है और आने विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को एकमत से वोट देने का निर्णय बना रही है।

श्री देवेन्द्र यादव ने कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा जेलरवाला बाग में 1675 ईडब्लूएस फ्लैट्स, कालका जी में 3024 फ्लैट बनाने का काम शुरू किया था और इसी कड़ी में कठपुतली कॉलोनी प्रोजेक्ट के 2800 फ्लैट्स के निर्माण की सभी प्रक्रिया कांग्रेस सरकार ने पूरी की जिसका काम 2014 में शुरू हुआ लेकिन 11 वर्षों में केजरीवाल सरकार और दिल्ली विकास प्राधिकरण आज तक पूरा नही कर पाई। उन्होंने कहा कि कालका जी में 1862 फ्लैट का आवंटन हुआ जबकि 1000 से ज्यादा लोग आज भी अपना मकान मिलने का इंतजार कर रहे है।

श्री देवेन्द्र यादव ने बताया कि दिल्ली में कांग्रेस सरकार ने दिल्ली में 229 जे.जे.कलस्टरों को फ्लैट बनाने के लिए चिन्हित किए थे जिनमें राजीव रत्न आवास योजना, इंरू री१श्रीर व9ुल्ल ढङ्क9 (इरवढ) और डीएसआईआईडीसी के तहत 8 प्रोजेक्ट, ऊँ व9ुल्ल रीं'ई१ केत्र१ङ्क१ील्ल३ इङ्क१ि (उब्ररङ्क) के तहत 6 प्रोजेक्ट, 1 डीडीए और 1 एनडीएमसी के तहत 3083.37 करोड़ की अनुमानित राशि में 67800 गरीबों को फ्लैट बनाकर देने की योजना बनाई थी। उन्होंने कहा कि 20 मार्च 2012 तक 13820 फ्लैट का निर्माण पूरा करने के साथ 15288 फ्लैट निमार्णाधीन थे और 38696 फ्लैट बनाने के लिए टेंडर प्रक्रिया का काम चल रहा था, जिसके बाद भाजपा के सहयोग से अरविन्द केजरीवाल ने दिल्ली की सत्ता पर हथियाकर दिल्ली के गरीब लोगों को मिलने वाले फ्लैट भाजपा और आप पार्टी की आरोप प्रत्यारोप की तानाकशी में आज तक नही दिए गए। श्री देवेन्द्र यादव ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में जहां भाजपा और आम आदमी पार्टी दोनो ने मिलकर दिल्ली की झुग्गियों को उजाड़ने में बराबर भूमिका निभाई है और जहां झुग्गी वहीं मकान के नाम पर सिर्फ लोगों को धोखा दिया है। कोर्ट के आदेश के बावजूद दोनो ने बिना वैकल्पिक व्यवस्था के गरीब लोगों को खुले में रहने को मजबूर कर दिया है। उन्हांने कहा कि दिल्ली की 40 प्रतिशत जनसंख्या झुग्गी झौपड़ी में रहती है और भाजपा और आम आदमी पाटी इन्हें मूल सुविधाएं देने की जगह सिर्फ अवसरवादिता के चलते वोट की राजनीति कर रहे है। श्री देवेन्द्र यादव ने कहा कि कांग्रेस की दिल्ली सरकार ने ह्यराजीव रत्न आवास योजनाह्न के तहत नरेला, बवाना, घेवरा में 45 हजार फ्लैट गरीबों के बेहतर जीवन स्तर के लिए बनवाए थे।

**घोषणाएं** प्रधानमंत्री की ओजस्वी योजनाओं के चलते दिल्ली के युवाओं को दिल्ली एनसीआर में बेहतर रोजगार के अवसर मिल रहे हैं तो वहीं गिग वर्कर्स के रूप में युवाओं को रोजगार के नये अवसर भी मिल रहे हैं।

# केजरीवाल ने दस साल में काम नहीं केवल भ्रष्टाचार के कांड किये हैं : वीरेन्द्र सचदेवा

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली, 03 जनवरी (वेब वार्ता)। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि अरविन्द केजरीवाल ने दस साल में दिल्ली में काम नहीं केवल भ्रष्टाचार के कांड किये हैं। श्री सचदेवा ने कहा है कि जहां एक ओर केन्द्र सरकार ने दिल्ली को यशोभूमि, भारत मण्डपम, ईको पार्क, बांसेरा पार्क, प्रगति मैदान टनल, यूबीआर-2, रिंग रोड़-3, ईस्ट वेस्ट कॉरीडोर, दिल्ली मेरठ हाईवे, अलीपुर बाईपास जैसे अनेकानेक विकास प्रतीक दिये हैं, तो वहीं अम्बेडकर स्थल एवं बिरसा मुंडा चैक जैसे स्मारक और कर्तव्य पथ को नया स्वरूप देकर दिल्ली वालों को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के विकास से जोड़ा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डीडीए ने दिल्ली में लगभग 5000 से अधिक झुग्गी वासियों को रहने का बेहतर आवास दिया गया है। प्रधानमंत्री की ओजस्वी योजनाओं के चलते दिल्ली के युवाओं को दिल्ली एनसीआर में बेहतर रोजगार के अवसर मिल रहे हैं तो वहीं गिग वर्कर्स के रूप में युवाओं को रोजगार के नये अवसर भी मिल रहे हैं। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि इसके ठीक विपरीत अरविन्द केजरीवाल ने दिल्ली को शराब घोटाला, जासूसी घोटाला, पैनिक बटन घोटाला, राशन कार्ड घोटाला, अस्पताल निर्माण घोटाला, मोहल्ला में दवा एवं जांच घोटाला, स्कूल-क्लास रूम घोटाला जैसे घोटाले दिये हैं। आप गिनते जाईये, केजरीवाल के



घोटाले खत्म नहीं होंगे। जहां देश के प्रधानमंत्री ने करोड़ों लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत घर दिये वहीं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने दिल्ली के गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना एवं आयुष्मान भारत योजना जैसी लाभकारी योजनाओं से वंचित किया है। श्री सचदेवा ने कहा है कि जहां प्रधानमंत्री ने करोड़ों को घर दिया वहीं केजरीवाल ने खुद के लिए शीशमहल बनाया और नरेला में गरीबों के लिये बने हुए 40 हजार फ्लैट आवंटित नहीं किए ओर उन्हें खण्डहर कर दिया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि अरविन्द केजरीवाल शिक्षा की बात करते हैं, दस साल में दिल्ली में एक नया स्कूल नहीं खोला, एक नया कॉलेज नहीं बनाया जबकि केन्द्र सरकार ने दिल्ली में सात नये केन्द्रीय विद्यालय खोले, दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्वी दिल्ली परिसर का निर्माण किया और दो नये कॉलेज एवं विश्वविद्यालय प्रोजेक्ट का शिलान्यास किया। श्री सचदेवा ने कहा है कि केजरीवाल बतायें कि उनके द्वारा घोषित खेल विश्वविद्यालय और सैनिक प्रशिक्षण स्कूल कौन सी भ्रष्टाचार की फाईलों में फंस कर रह गये। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि अरविन्द केजरीवाल दिल्ली को टूटी सड़को पर जवाब दें, दिल्ली में इस मानसून हुई 62 मौतों पर जवाब दें। श्री सचदेवा ने कहा है कि इसके अलावा अरविन्द केजरीवाल बतायें कि दिल्ली की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था क्यों चरमराई हुई है, क्यों वह डीटीसी के लिए एक भी बस नहीं खरीद पाये। श्री सचदेवा ने अरविन्द केजरीवाल से पूछा है कि वह आज दिल्ली वालों को बतायें कि जब कोविड़ काल में केन्द्र सरकार दिल्ली के लिये विशेष अस्पताल बना रही थी तो उनके अस्पतालों एवं मोहल्ला क्लीनिक ने जनता को क्यों धोखा दिया था।

## संक्षिप्त खबरें

### माल लेकर भुगतान के पौने 91 लाख रुपये हड़पे, केस दर्ज

गाजियाबाद। नगर कोतवाली क्षेत्र में दिल्ली के कंपनी संचालक द्वारा माल लेकर पौने 91 लाख रुपये का भुगतान हड़पने का मामला सामने आया है। पीड़ित कारोबारी का कहना है कि आरोपी ने भुगतान के लिए चेक दिए थे, लेकिन कोई न कोई बहाना बनाकर उन्हें बैंक में नहीं लगाने दिया। जिससे उनकी तारीख भी निकल गई। एंटी फ्रॉड सेल की जांच के बाद नगर कोतवाली पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज किया है। मनीष कुमार यादव का कहना है कि वह मुंडका दिल्ली के स्वर्ण पार्क उद्योग नगर स्थित कृति टेक्नो इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक हैं। कंपनी का कार्यालय बिसरख रोड इंडस्ट्रियल एरिया छपरौला में है।उनकी कंपनी विद्युत पैनल और औद्योगिक स्वचालित मशीनों से संबंधित विद्युतीय कार्य करती है। सरिता विहार दिल्ली स्थित टीके इनर्जी इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक तेजिंदर सिंह हैं। तेजिंदर सिंह ने दो बार में 78.44 लाख रुपये का माल मंगाया और 24.99 लाख रुपये का भुगतान कर उन पर भरोसा कायम कर लिया। आरोप है कि इसी क्रम में जेतिंदर सिंह ने तीन इनवॉइस के जरिये भी माल मंगाया। अलग-अलग तिथि में भुगतान होने के बाद भी तेजिंदर सिंह पर उनके 90.75 लाख रुपये बकाया रह गए। मनीष कुमार यादव के मुताबिक आरोपी ने भुगतान के संबंध में चेक भी दिए, लेकिन कोई न कोई बहाना बनाकर उन्हें बैंक में नहीं लगाने दिया। इस तरह चेकों की तारीख निकल जाने के कारण वह कोर्ट में वाद भी नहीं डाल सके। वह पैसों की मांग करते हैं तो आरोपी उन्हें गुंडों से पिटवाने की धमकी देता है। थक-हारकर पीड़ित ने डीसीपी सिटी को शिकायत देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। एसीपी कोतवाली रितेश त्रिपाठी का कहना है कि आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है।

### हादसे में ऑटो चालक की मौत

ट्रांस हिंडन । इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में ऑटो चालक की मौत हो गई। मृतक नोएडा में रहने वाली बहन के पास जा रहा था। बड़े भाई ने बस चालक के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। त्रिलोकपुरी दिल्ली निवासी नंद किशोर ने बताया कि छोटा भाई महेंद्र कुमार ऑटो चलाता था। 30 दिसंबर को नोएडा में रहने वाली बहन के घर जा रहा था। इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में दिल्ली हाईवे पर गाजियाबाद की तरफ जा रही एटा डिपो की रोडवेज बस के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दी। बचने के प्रयास में ऑटो पलट गया। हादसे में भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### सील तोड़ने पर मुकदमा दर्ज होगा

गाजियाबाद। अवैध इमारत की सील खोलकर निर्माण करने वालों पर मुकदमा दर्ज होगा। इसके लिए जीडीए दो साल के भीतर सील की गई सभी इमारतों की सूची तैयार करेगा। यह सूची जोनवार बनाई जाएगी। शासन ने अवैध निर्माण के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जीडीए भी लगातार अवैध निर्माण पर कार्रवाई कर रहा है। लेकिन लोग प्राधिकरण की सील खोलकर निर्माण करने लगते हैं। ऐसे में शुक्रवार को हुई बैठक में जीडीए सचिव ने जोनवार सूची तैयार करने के निर्देश दिए हैं, जिसमें पिछले दो साल का डाटा तैयार किया जाएगा। इसमें उन अवैध निर्माण को शामिल किया जाएगा, जिन्हें पूर्व में सील किया जा चुका है या ध्वस्त किया गया था, लेकिन इसके बाद भी इसकी सील खोलकर इसमें निर्माण कर लिया गया है। इस सूची के तैयार होने के बाद इन सभी लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

# हरियाणा के सभी शहरों में अब दो से अधिक मंजिल वाले आवासीय भवनों में स्टिल्ट पार्किंग जरूरी होगी

प्रात : किरण संवाददाता



चंडीगढ़। हरियाणा के सभी शहरों में अब दो से अधिक मंजिल वाले आवासीय भवनों में स्टिल्ट पार्किंग जरूरी होगी। हालांकि, स्वयं के उपयोग के मामलों में तीन मंजिला भवन तक स्टिल्ट पार्किंग से छूट दी जाएगी।

चार मंजिला सभी भवनों में स्टिल्ट पार्किंग अनिवार्य होगी, चाहे इसमें अलग-अलग फ्लैट बेचे गए हों या फिर सारी बिल्डिंग किसी एक ही व्यक्ति के पास हो।

शहरों में वाहनों की पार्किंग की समस्या से निपटने के लिए नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग ने भवन कोड-2017 में बदलाव की तैयारी कर ली है। सार्वजनिक नोटिस जारी कर हितधारकों से एक फरवरी तक आपत्तियां और सुझाव मांगें गए हैं। इसके बाद नए नियम लागू कर दिए जाएंगे।

स्वयं के लिए पार्किंग की जरूरत नहीं नए नियमों में अलग-अलग फ्लैट वाले दो मंजिल से अधिक बड़े भवनों का पंजीकरण तभी होगा, जब उसमें स्टिल्ट पार्किंग हो। केवल स्वयं के उपयोग के लिए तीन मंजिल तक के निर्माण के लिए स्टिल्ट पार्किंग की आवश्यकता नहीं होगी।

इसके अलावा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में 500 वर्ग मीटर से बड़े सभी प्लॉट पर निर्माण या तोड-फोड़ के लिए डस्ट पोर्टल पर पंजीकरण के संबंध में प्रमाण देना अनिवार्य रहेगा।

करनाल में 4 सड़कें नो वेंडिंग जोन घोषित

उधर, करनाल की मुख्य सड़कों से भीड़-भाड़ कम करने व यातायात व्यवस्थित करने के मकसद को लेकर चार मुख्य सड़कों को नगर निगम करनाल ने नो वेंडिंग जोन घोषित किया है। अब सड़कों के किनारे, फुटपाथ या पटरी पर कोई भी रेहड़ी-फड़ी नहीं लगा सकेगा।

महाराजा अग्रसेन चौक से श्रीमद्भगवद गीता द्वार तक, आंबेडकर चौक से लोक निर्माण विश्राम गृह, पुराने कमेटी चौक से रणबीर हुड्डा चौक (कर्ण कैनाल पुलिया) तथा आइटीआइ चौक से सेक्टर नौ पुलिया तक सड़कों को नो वेंडिंग जोन घोषित किया गया है। आमजन की सुविधा को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

नगर निगम आयुक्त डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि दिसंबर माह में हुई सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक में उपायुक्त की ओर सेस निर्देश दिए गए थे कि इन सड़कों नो वेंडिंग जोन घोषित किया जाए। इन निर्देशों की अनुपालना में चारों सड़कों को नो वेंडिंग जोन बनाया गया है।

इन क्षेत्रों के संबंधित सफाई निरीक्षक व दरोगा यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी व्यक्ति इन सड़कों पर रेहड़ी-फड़ी नहीं लगा पाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आदेशों की दृढ़ता से पालना की जाए। यदि इन चारों मार्गों पर किसी भी प्रकार की रेहड़ी-फड़ी पाई जाती है तो उसके लिए संबंधित सफाई निरीक्षक व दरोगा स्वयं जिम्मेवार होंगे

# डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिला सैनिक बंधु की बैठक

## सैनिक बंधु की बैठक में दी राज्य व केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी



बदायूँ। जिला सैनिक बन्धु बैठक कलक्ट्रेट सभागार बदायूँ में जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। जिला सैनिक बन्धु बैठक में 19 पूर्व सैनिकों ने भाग लिया। आनरेरी सब ले० सतीश चन्द्र (अ०प्रा०) तथा जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, बदायूँ ने राज्य एवं केन्द्र सरकारी द्वारा संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में उपस्थित पूर्व सैनिकों को जानकारी प्रदान करने के साथ ही जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी द्वारा सैनिक के लम्बित प्रकरणों को निस्तारित कराने का अश्वासन दिया। जिला सैनिक बन्धु बैठक का संचालन ले०कर्नल संदीप सिंह (अ०प्रा०) जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी बदायूँ ने किया। सर्वप्रथम पूर्व जिला सैनिक बन्धु बैठक में प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर हुई कार्यवाही से पूर्व सैनिकों को अवगत कराया गया। तदोपरान्त सैनिक बन्धु बैठक में प्राप्त प्रार्थना पत्रों को बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिसमें तीन प्रार्थना पत्र शस्त्र लाइसेन्स को जनपद में दर्ज कराये जाने हेतु प्राप्त हुए।

जी०एफ०सी० कैन्टीन मैनेजर ने बताया कि अभी जिस जगह पर कैन्टीन चल रही है वह जगह रायफल क्लब की है और तत्कालीन जिलाधिकारी ने तीन वर्ष के लिए स्वीकृत किया है जिसके तीन वर्ष की अवधि फरवरी 2025 में पूर्ण हो रही है। पांच या दस वर्ष यह अवधि और बढाने के लिए मांग की, जिसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने पत्रावली प्रस्तुत करने को कहा। इस अवसर पर आनरेरी सब ले० सतीश चन्द्र (अ० प्रा०), सी०ओ० सिटी संजीव कुमार, डिप्टी सीएमओ डा० पवन कुमार सहित अन्य अधिकारीगण व विभागीय प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# गुरुग्राम: निगमायुक्त ने सुनी उद्योगपतियों की समस्याएं

- -प्रोग्रेसिव फेडरेशन ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री के पदाधिकारियों व उद्योगपतियों से मुलाकात कर सुनी क्षेत्र की शिकायत

प्रात : किरण संवाददाता



गुरुग्राम। नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त अशोक कुमार गर्ग ने शुक्रवार को सेक्टर-37 औद्योगिक क्षेत्र फेज-1 व फेज-2 का दौरा किया। मौके पर उपस्थित अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। यहां पर प्रोग्रेसिव फेडरेशन ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (पीएफटीआई) के पदाधिकारियों व अन्य उद्योगपतियों से मुलाकात के दौरान निगमायुक्त ने क्षेत्र की शिकायतें सुनकर जल्द समाधान सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया।

बैठक में पीएफटीआई के चेयरमैन दीपक मैनी व अन्य सदस्यों ने क्षेत्र की समस्याएं निगमायुक्त के समक्ष रखी। इनमें मुख्य रूप से औद्योगिक क्षेत्र में सीवर ओवरफ्लो की समस्या, ड्रेनेज सिस्टम का अभाव, हार्वेस्टिंग सिस्टम, स्ट्रीट लाईट, सफाई व्यवस्था, सीवर, पानी, सडक जैसी बुनियादी सुविधाओं, अतिक्रमण, फुटपाथ, प्रॉपर्टी टैक्स डाटा सहित अन्य मुद्दे शामिल थे। उन्होंने निगमायुक्त को विस्तारपूर्वक इन समस्याओं के बारे में अवगत कराया।

निगमायुक्त ने सभी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। मौके पर ही उपस्थित संयुक्त आयुक्त विशाल कुमार व सहायक अभियंता नईम हुसैन से कहा कि वे क्षेत्र में सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या का जल्द समाधान सुनिश्चित कराएं। क्षेत्र में नए हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने की दिशा में भी प्रक्रिया शुरू कराई जाएगी, ताकि बरसात के दौरान ज्यादा से ज्यादा पानी जमीन में डाला जा सके।

प्रॉपर्टी टैक्स डाटा संबंधी त्रुटियों के समाधान के लिए उन्होंने जोनल टैक्सेशन अधिकारी पंकज कुमार से कहा कि वे पीएफटीआई के सहयोग से क्षेत्र में विशेष कैंप का आयोजन करें। यह सुनिश्चित करें कि कैंप में आने वाली शिकायतें मौके पर ही दुरुस्त हों।

इस मौके पर पीएफटीआई के चेयरमैन दीपक मैनी, वाइस चेयरमैन डॉ. एसपी अग्रवाल, गुरुग्राम अध्यक्ष पीके गुप्ता, उद्योगपति वीपी बजाज, पीएफटीआई के निदेशक एडवोकेट आर एल शर्मा, महासचिव राकेश बत्रा, खजांची अमन गुप्ता, डीपी गौड़, हरिकिशन गोयल, मुनिष गुप्ता, विनोद अग्रवाल, डॉ. केके अग्रवाल, विनोद गुप्ता, वीरेन्द्र कुमार, संतराम शर्मा, विनोद गुप्ता, सुशांत कपूर व जेके बाटा सहित अन्य उद्योगपति शामिल थे।

# हरियाणा के नूंह में अवैध खनन की जांच के दौरान प्रवर्तन ब्यूरो की टीम पर हमला



प्रात : किरण संवाददाता

गुरुग्राम। हरियाणा के नूंह जिले के घाटा शमशाबाद गांव में अवैध खनन गतिविधि के निरीक्षण के दौरान राज्य प्रवर्तन ब्यूरो के दो अधिकारियों पर संदिग्ध खनन माफिया ने कथित तौर पर हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने अवैध खनन कार्य के लिए जब्त की गयी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को भी जबरन छुड़ा लिया। हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो के नूंह थाने के प्रभारी इंस्पेक्टर सूरजमल की शिकायत के आधार पर फिरोजपुर झिरका थाने में भारतीय न्याय संहिता और अन्य कानूनों के प्रावधानों के तहत तीन नामजद आरोपियों और 22 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

सूरजमल ने आरोप लगाया कि वह, सहायक उपनिरीक्षक राकेश और चालक रफीक एक कथित अवैध खनन कार्य का निरीक्षण करने के लिए फिरोजपुर झिरका-बीवान रोड पर जा रहे थे। सूरजमल ने बताया कि जब वे घाटा शमशाबाद पुलिस नाके के करीब पहुंचे तो उन्होंने पत्थरों से लदे तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को रोकने की कोशिश की, लेकिन वाहन नहीं रुके। उन्होंने आरोप लगाया, उन्होंने ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जंगल की ओर मोड़ दिया एक ट्रैक्टर चालक गांव में चला गया। मेरे आगे दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जा रही थीं और उनमें से एक का चालक ट्रॉली खाली करके भाग गया। इसके बाद मैंने मदद के लिए फिरोजपुर झिरका थाने के प्रभारी को फोन किया। कुछ ही देर में 20-25 लोग आए तथा हम पर पथराव करने लगे।

इंस्पेक्टर ने बताया कि पथराव में वह और उनके साथी घायल हो गए तथा वे बड़ी मुश्किल में वहां से बचकर निकल सके। उन्होंने बताया कि इस दौरान कोई व्यक्ति ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर भाग गया। शिकायत के अनुसार, कुछ देर बाद फिरोजपुर झिरका के थाना प्रभारी अपनी और खनन विभाग की टीम के साथ पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी भाग चुके थे। शिकायत के आधार पर मुली, अरसद, ढोला तथा 22 अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। फिरोजपुर झिरका के थाना प्रभारी अमन सिंह ने बताया, हम आरोपियों को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रहे हैं और उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# गुरुग्राम: सैनिक स्कूल में दाखिले के लिए करें ऑनलाइन आवेदन




प्रात : किरण संवाददाता

गुरुग्राम। देश व प्रदेश के विभिन्न सैनिक स्कूलों में अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा (एआईएसएसईई) 2025 के माध्यम से वर्ष 2025-2026 के लिए कक्षा छठी व कक्षा नौवीं में दाखिले के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं।

पात्र अभ्यर्थी वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट एग्जाम्स डॉट एनटीए डॉट एसी डॉट आईएन/ एआईएसएसईई/ पर आगामी 13 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा ओएमआर शीट पर बहुविकल्पीय प्रशनावली के रूप में होगी। डीसी अजय कुमार ने बताया कि कक्षा छठी में प्रवेश के लिए छात्रों की जन्मतिथि पहली अप्रैल, 2013 तथा 31 मार्च, 2015 (दोनों तिथियां मान्य) तथा कक्षा नौवीं में प्रवेश हेतु छात्रों की जन्मतिथि पहली अप्रैल, 2010 तथा 31 मार्च, 2012 (दोनों तिथियां मान्य) के बीच होनी चाहिए। कक्षा छठी व 9वीं में दाखिले अनुमानित सीटों पर होंगे हैं, जोकि कभी भी घटाए या बढ़ाए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि 67 प्रतिशत सीटें हरियाणा के बच्चों के लिए तथा 33 प्रतिशत सीटें अन्य राज्यों के लिए आरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि छठी कक्षा में प्रवेश के लिए गणित, सामान्य ज्ञान (विज्ञान एवं सामाजिक अध्ययन), भाषा और बुद्धि परीक्षण (इंटेलिजेंस) विषयों से संबंधित 125 प्रश्न पूछे जाएंगे। यह परीक्षा कुल 300 अंकों की होगी और इसकी समयावधि 150 मिनट होगी। इसी तरह 9वीं कक्षा में प्रवेश के लिए गणित, अंग्रेजी, बुद्धि परीक्षण (इंटेलिजेंस), सामान्य विज्ञान और सामाजिक अध्ययन विषयों से संबंधित 150 प्रश्न पूछे जाएंगे। यह परीक्षा कुल 400 अंकों की होगी और इसकी समयावधि 180 मिनट होगी। अभ्यर्थी को वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट एग्जाम्स डॉट एनटीए डॉट एसी डॉट आईएन/ एआईएसएसईई/ पर केवल ऑनलाइन आवेदन करना होगा और ऑनलाइन फार्म जमा करवाने की अंतिम तिथि 13 जनवरी है।

# गुरुग्राम में ट्रैफिक पुलिस कर्मी डयूटी पर पहनेंगे बॉडी कैमरे



गुरुग्राम। गुरुग्राम के यातायात पुलिसकर्मी अब बॉडी वार्न कैमरों का इस्तेमाल करेंगे। सभी यातायात निरीक्षकों/ जोनल अधिकारियों को ट्रैफिक टॉवर में बॉडी वार्न कैमरे का इस्तेमाल करने बारे उचित दिशा-निर्देश दिए गए। सभी यातायात निरीक्षकों और जोनल अधिकारियों को कैमरे के इस्तेमाल की पूरी जानकारी देने के साथ उच्च अधिकारियों द्वारा जारी की गई एसओपी कापी भी सांझा की गई।पुलिस उपायुक्त यातायात गुरुग्राम विरेंद्र विज के निर्देशन में सहायक पुलिस आयुक्त यातायात पूर्व सुरेन्द्र कौर द्वारा सभी यातायात निरीक्षकों और जोनल अधिकारियों को चालान करते समय बॉडी वार्न कैमरे का इस्तेमाल करने के लिए बारे में विस्तार से बताया गया। चालान करने के बारे में दिशा-निर्देश दिए। किसी भी वाहन चालक के साथ चालान करते समय बहस न करने, मधुर व्यवहार के साथ अपना कार्य करने बारे भी दिशा-निर्देश दिए गए। चालान करने के दौरान इन बॉडी वार्न कैमरे के इस्तेमाल से वाहन चालक और चौक चौराहे पर होने वाली गतिविधियों को भी रिकॉर्ड किया जाएगा। रिकॉर्डिंग को सुरक्षित तरीके से रखा जाएगा, ताकि भविष्य में जरूरत पड़ने पर इन बॉडी वार्न कैमरे रिकार्डिंग से मदद ली जा सके।

# सीवरेज व एनफोर्समेंट से जुड़ी शिकायतों का त्वरित समाधान करें : अशोक गर्ग

## सीवरेज व एनफोर्समेंट संबंधी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश



गुरुग्राम ।समाधान शिविर में शुक्रवार को निगमायुक्त अशोक कुमार गर्ग ने 13 शिकायतों की सुनवाई की। अधिकारियों से कहा कि वे सीवरेज व एनफोर्समेंट से जुड़ी शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। इसके साथ ही समाधान शिविर में प्रॉपर्टी टैक्स डाटा से जुड़ी शिकायतों का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित कराया जा रहा है, ताकि नागरिकों को बेवजह चक्कर काटने ना पड़ें। निगमायुक्त ने कहा कि हमारा उद्देश्य नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराना है तथा इसके लिए पूरी गंभीरता से कार्य किया जा रहा है। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जिन शिकायतों के समाधान में समय लगना है, वहां पर तुरंत ही अंतरिम राहत की व्यवस्था करें तथा एस्टीमेट व टेंडर आदि की प्रक्रिया निर्धारित समयसीमा में पूरी कराएं। वहीं एनफोर्समेंट विंग से जुड़ी शिकायतों के बारे में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वह मौका निरीक्षण करके नोटिस आदि की प्रक्रिया पूरी करते हुए अतिक्रमण व अनाधिकृत निर्माण के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएं।

न्यू पालम विहार से आए नागरिकों की शिकायत सुनने के दौरान निगमायुक्त ने मौके पर ही उपस्थित कार्यकारी अभियंता, सहायक अभियंता, जोनल टेक्सेशन अधिकारी तथा प्लानिंग विंग के अधिकारियों से कहा कि वे क्षेत्र का संयुक्त दौरा करें तथा उस दौरान क्षेत्र के सक्रिय नागरिकों को भी इसमें शामिल करें।

### घर में घुसकर गहने और रुपयो पर चोरों ने किया हाथ साफ

ट्रांस हिंडन। खोड़ा थाना क्षेत्र स्थित सरस्वती विहार में रहने वाले एक व्यक्ति के मकान को चोरों ने निशाना बनाया और ताले तोड़कर वहां रखे गहने व रुपये चोरी कर लिए। घटना के दौरान पीड़ित परिवार के साथ बाहर गया हुआ था। वापस लौटने पर चोरी की घटना का पता चला और फिर पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। खोड़ा थाना क्षेत्र के सरस्वती विहार कॉलोनी में रहने वाले अश्वनी चौधरी ने खोड़ा थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अश्वनी चौधरी के अनुसार बीते कुछ समय से उसकी पत्नी की तबीयत खराब चल रही है। इसी वजह से वह 31 दिसंबर को नोएडा में रहने वाली अपनी बहन के यहां पत्नी के साथ गया हुआ था। इस दौरान जब वह नोएडा से वापस घर लौटा तो कमरे का ताला टूटा हुआ था और सामान बिखरा पड़ा था। पीड़ित ने अंदर जाकर छानबीन की तो पता चला कि कमरे में रखें हजारों रुपये व लाखों के गहने चोरी हो गए। पीड़ित ने खोड़ा पुलिस को चोरी की सूचना दी।

# मकान बेचने का एग्रीमेंट कर दंपती से 41 लाख रुपए ठगे




गाजियाबाद। वेव सिटी थानाक्षेत्र में मकान बेचने का एग्रीमेंट कर दंपती से 41 लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। घटना के संबंध में महिला ने पिता-पुत्र समेत तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया है। महिला के मुताबिक आरोपियों ने उनके साथ एग्रीमेंट कर मकान किसी और को बेच दिया। रकम वापस मांगने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए हत्या की धमकी दी। थाना अहमदगढ़ जिला बुलंदशहर के गांव खेलिया कल्याणपुर निवासी खुशी का कहना है कि उन्होंने व्यवसायिक कार्य के लिए खुरेजी खास कृष्णानगर दिल्ली निवासी सलीम मोहम्मद से दीनानाथपुर स्थित मकान किराए पर लिया था। 20 अप्रैल 2024 को हापुड़ में नोटराइज्ड लीज होने के बाद उन्होंने मकान पर कब्जा लेकर व्यापार शुरू कर दिया। खुशी के मुताबिक 23 अप्रैल 2024 को सलीम का रिश्तेदार इकबाल उनके तथा उनके पति हसीन के पास आयि और कहा कि सलीम इस मकान को बेचना चाहता है। इस पर उन्होंने मकान खरीदने की इच्छा जाहिर कर दी। 27 अप्रैल को सलीम और इकबाल आए और मकान का सौदा 1.70 करोड़ रुपये में कर दिया। इसके बाद उन्होंने नकद व ऑनलाइन तरीके से सलीम को 40.90 लाख रुपये दे दिए। 16 जुलाई 2024 को एग्रीमेंट हुआ, जिसमें बैनामे की तिथि 16 अक्तूबर 2024 तय हुई। उन्होंने बीच में बैनामा करने के लिए कहा तो सलीम ने समय बचा होने का हवाला देते हुए इनकार दिया। खुशी के मुताबिक कुछ समय बाद पता चला कि सलीम ने 27 सितंबर 2024 को मकान का बैनामा मेहराज, उसके भाई रियाज, मतीन और सिराज निवासी शेखपुर खिचरा के हक में कर दिया है। फर्जीवाड़े का पता लगने पर उन्होंने और उनके पति ने सलीम मोहम्मद से पैसे वापस मांगे तो उसने साफ इनकार कर दिया और जान से मारने की धम की दी। फर्जीवाड़े के संबंध में खुशी ने वेव सिटी थाने में शिकायत दी। एसीपी वेव सिटी लिपि नगायच का कहना है कि सलीम और उसके बेटे हारिस के अलावा इकबाल के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया गया है। साक्ष्यों के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

# सावित्री बाई फुले द्वारा जलाई ज्योति आज के समय में और अधिक प्रासंगिक: राव नरबीर सिंह

## देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले की जयन्ती पर गांव झाड़सा में हुआ कार्यक्रम

प्रात : किरण संवाददाता



गुरुग्राम। उद्योग एवं वाणिज्य, पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि शिक्षा समाज के जागरण में मुख्य भूमिका निभाती है। ऐसे में हमारी युवा शक्ति को सावित्रीबाई फुले के जीवन मूल्यों को आत्मसात करते हुए समाज के उत्थान में अपना महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए।

कैबिनेट मंत्री शुक्रवार को देश की प्रथम महिला अध्यापक एवं समाज सेविका सावित्री बाई फुले की जयन्ती पर गांव झाड़सा में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आज दुनिया भर में यह प्रमाणित हो चुका है कि शिक्षा हर एक नागरिक का सम्पूर्ण विकास करती है। जिसके चलते महिलाओं के लिए शिक्षा का महत्व और भी ज्यादा जरूरी हो जाता है। जो समाज जितना अधिक शिक्षित होगा उसके विकास की आधारभूत संरचना उतनी की दृढ़ होगी।

राव नरबीर सिंह ने कहा कि समाज का ढांचा जैसा होगा शिक्षा उतनी ही महत्वपूर्ण हो जाती है। सावित्री बाई फुले के द्वारा जलायी गयी ज्योति आज के समय में और अधिक प्रासंगिक है। क्योंकि जिस समाज के भीतर स्त्रियां अधिक जागरूक होती है वह समाज कहीं अधिक विकसित होता है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद भी महिलाओं को उनके अधिकारों के लिए एक लंबा संघर्ष करना पड़ा। ऐसे में जब देश में राजनीतिक गुलामी के साथ-साथ सामाजिक गुलामी का भी दौर था, तब सावित्रीबाई फुले ने शिक्षा के महत्व को जाना, समझा और महिलाओं की आजादी के नए द्वार खोलकर उनमें नई चेतना का सृजन किया जो हम सभी के लिए आज भी प्रेरणा का विषय है।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि हमें सावित्रीबाई फुले का योगदान सिर्फ कुछ जातियों के विकास तक सीमित रखने के दृष्टिकोण से नही देखना चाहिए। उन्हें सिर्फ समाज सुधारक कहकर उनके द्वारा किए गए कार्यों को सीमित नहीं किया जा सकता। सावित्रीबाई ने स्त्री जीवन को गौरवान्वित कर समाजिक न्याय का जो पथ प्रदर्शन किया था।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी उन्ही विचारों से प्रेरणा लेकर प्रदेश में महिला सशक्तिकरण के साथ साथ सर्वसमाज के हितों को ध्यान में रखते हुए निरन्तर उनके सामाजिक उत्थान के लिए कार्य कर रहे हैं। निश्चित रूप से हरियाणा आने वाले पांच वर्षों में विकास के नए आयाम को छूएगा। इस अवसर पर बादशाहपुर के एसडीएम अंकित कुमार चौकसे, संयुक्त आयुक्त अखिलेश यादव, दुष्यंत सैनी एडवोकेट, मंजीत जेलदार, सुंदर गहलोत, ताराचंद सैनी, जय सिंह, पवन, सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# दिल्ली साहित्य अकादमी द्वारा शहर के चार लोगों को पुरस्कृत किया जाएगा

## दो जनवरी को हिंदी अकादमी ने की इसकी घोषणा

प्रात : किरण संवाददाता



गाजियाबाद। दिल्ली साहित्य अकादमी ने साहित्य और कला के क्षेत्र मंट विशेष योगदान देने वाले शहर के चार प्रमुख हस्तियों को पुरस्कृत करने की घोषणा की है। इनमें वरिष्ठ साहित्यकार ममता कालिया,व्यंगकार सुभाष चंदर, नेशनल बुक ट्रस्ट के पूर्व संपादक पंकज चतुवेर्दी और रिंकल शर्मा शामिल हैं। इन सभी को वर्ष 2022 से लेकर इनकी उल्लेखनीय उपलब्धियां को ध्यान में रखते हुए हिंदी अकादमी ने इन्हें नवाजे जाने का निर्णय लिया है। दो जनवरी को दिल्ली की हिंदी अकादमी ने वर्ष 2022 से लेकर वर्तमान वर्ष तक में साहित्य और कला के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले साहित्यकारों एवं व्यंगकारों को पुरस्कृत करने के लिए कई नामों की घोषणा की गई। इनमें कला एवं साहित्य के क्षेत्र के कई दिग्गजों के नामों में शहर के चार प्रमुख हस्तियों को भी पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है। इनमें वरिष्ठ साहित्यकार ममता कालिया को वर्ष 2022-23 के लिए संतोष कोली स्मृति सम्मान से नवाजा जाएगा। ममता कालिया हिंदी साहित्य में एक प्रमुख नाम है, जिन्होंने उपन्यास, कहानी और निबंध विधाओं में अपने लेखन से साहित्य जगत में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। ममता कालिया की कई उपन्यास चर्चित है जिनमें वर्ष 1971 में प्रकाशित बेघर, प्रेम कहानी, लड़कियां, अंधेरे का ताला प्रमुख है। उन्हें पूर्व में कई प्रतिष्ठित सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है। इनमें साहित्य भूषण सम्मान, यशपाल स्मृति सम्मान, महादेवी स्मृति पुरस्कार आदि पुरस्कार शामिल है। ममता कालिया को सम्मान राशि के रूप में दो लाख रुपए प्रदान किए जाएंगे।वरिष्ठ व्यंगकार सुभाष चंदर को उनके साहित्यिक व्यंग्य और हास्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए वर्ष 2023-24 का हिन्दी अकादमी हास्य व्यंग सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। उन्हें सम्मान राशि के रूप में एक लाख रुपए भी प्रदान किए जाएंगे। प्रसिद्ध व्यंगकार सुभाष चंदर 50 से अधिक पुस्तकों के लेखक हैं। इसके अलावा उन्होंने रेडियो एवं टेलीविजन के लिए अनेक धारावाहिकों का लेखन भी किया है। उन्हें उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान का पं श्रीनारायण चतुर्वेदी सम्मान, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय पुरस्कार, हरिशंकर परसाई सम्मान आदि पुरस्कार मिल चुके हैं। नेशनल बुक ट्रस्ट के पूर्व संपादक एवं बाल साहित्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले लेखक पंकज चतुवेर्दी को वर्ष 2023-24 का हिंदी अकादमी बाल साहित्य सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। उनकी कहानियां बच्चों के मानसिक विकास और नैतिक शिक्षा के लिए विशेष रूप से सराही जाती है। क्यों डूबी पनडुब्बी किताब के लिए उन्हें वर्ष 2019 में उत्तर प्रदेश सरकार का सूर पुरस्कार मिल चुका है।इसके अलावा भी उनकी कई किताबें काफी प्रसिद्ध है। उन्हें वर्ष 2016 में डॉक्टर हरिकृष्ण देवसरे बाल साहित्य सामान से भी नवाजा जा चुका है। पंकज चतुवेर्दी नेशनल बुक ट्रस्ट की बाल पत्रिका पाठक मंच बुलेटिन का 8 साल तक संपादन कर चुके हैं। वही नाटक और रंगमंच के क्षेत्र में दिग्गज नाम रिंकल शर्मा को भी वर्ष 2024-25 के लिए हिंदी अकादमी नाटक सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। रिंकल शर्मा ने नाटक कला के माध्यम से सामाजिक मुद्दों को प्रस्तुत करने और हिंदी रंगमंच को नई ऊंचाइयों तक पहुंचने में अहम भूमिका निभाई है। उनकी रचनाएं और निर्देशन लोगों को गहराई से प्रभावित करते हैं।इन चारों को सम्मान दिए जाने की घोषणा से साहित्य और कला के क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों को प्रोत्साहन मिलेगा। इनको पुरस्कृत करने की अभी तिथि घोषित नहीं हुई है।

सम्पादकीय

# अंबेडकर और कांग्रेस

कांग्रेस और अंबेडकर का वैचारिक स्तर पर आपस में क्या संबंध है, इसको लेकर पिछले कुछ दिनों से चर्चा तेज होती जा रही है। दरअसल कुछ दिन पहले गृहमंत्री अमित शाह ने कहा था कि कुछ लोग दिन-रात अंबेडकर की माला जपते रहते हैं, यदि वे उतनी माला अपने इष्ट देव की जपते तो शायद तर जाते। तर जाते यानी उनकी वह इच्छा पूरी हो जाती जिसके लिए वह माला जप रहे हैं। भारतीय राजनीति को गहराई से देखने वाले यह समझ ही सकते हैं कि आजकल अंबेडकर की माला जपने में सबसे आगे कांग्रेस पार्टी और आम आदमी पार्टी ही है। लेकिन दोनों का ही अंबेडकर के चिंतन से कुछ लेना-देना नहीं है। सबसे पहले कांग्रेस की ही बात की जाए। जिन दिनों अंग्रेजों की सरकार थी और कांग्रेस आजादी के लिए लड़ रही थी तो अंबेडकर ने कांग्रेस का व्यावहारिक व सैद्धांतिक रूप से अध्ययन करने के बाद कहा था कि मुझे लग रहा है कि कांग्रेस केवल सत्ता प्राप्ति के लिए लड़ रही है। आज एक शताब्दी से भी ज्यादा समय निकल जाने के बाद कांग्रेस किसी वैचारिक अनुष्ठान के लिए नहीं, बल्कि महज सत्ता प्राप्ति के लिए संघर्ष करती प्रतीत हो रही है। लेकिन क्या इसे संयोग कहा जाए कि इसके लिए वह उसी अंबेडकर की माला जप रही है, जिसे उसने कभी अंग्रेजों का एजेंट तक कहा था। कांग्रेस के सबसे बड़े नेता पंडित जवाहर लाल नेहरु, जिनके साथ आज का सोनिया गांधी परिवार प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से अपना संबंध जोड़ रहा है, ने 26 जनवरी 1946 को राजकुमारी अमृत कौर को एक पत्र में लिखा था कि अंबेडकर तो ब्रिटिश सरकार का आदमी था। नेहरु का बस चलता तो शायद अंबेडकर संविधान सभा के सदस्य भी न हो पाते। यह तो पश्चिमी बंगाल के कुछ लोगों का प्रयास था कि अंबेडकर संविधान सभा में पहुंच पाए। सभी जानते हैं कि नेहरु किसी यूरोप के गोरे को भारतीय संविधान लिखने का ह्यमहान दायित्वह्न देने वाले थे। महात्मा गांधी जी की दखलअंदाजी से अंबेडकर को प्रारूप समिति का अध्यक्ष बनाया गया था। लोकसभा के पहले चुनाव से पूर्व जो मंत्रिमंडल नेहरु के नेतृत्व में बना था, उसका कारण कांग्रेस की सदाशयता नहीं थी, बल्कि लोकसभा के गठन से पूर्व किसी एक पार्टी का मंत्रिमंडल नहीं होना चाहिए, बल्कि राष्ट्रीय मंत्रिमंडल होना चाहिए, यह सैद्धांतिक निर्णय था। इस मंत्रिमंडल में हिंदु महासभा के अध्यक्ष डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अकाली दल के बलदेव सिंह भी थे। कांग्रेस का सारा जोर इनको किस तरह से मंत्रिमंडल से निकाला जाए, इन षड्यंत्रों में लगा रहता था। कांग्रेस ने अंबेडकर को अपमानित करने में हर तरीका इस्तेमाल किया। अंबेडकर ने नेहरु के व्यवहार एवं समाज विरोधी नीतियों के चलते उनके मंत्रिमंडल से त्यागपत्र दिया था, यह भारतीय इतिहास का सामान्य छात्र भी जानता है। लेकिन पंडित नेहरु इसकी सूचना हजारों मील दूर लंदन में लार्ड माऊंटबेटन की पत्नी को एक लंबी चिट्ठी में लिखते हुए बताते हैं कि मैंने उसे अपने मंत्रिमंडल से निकाल दिया है। कांग्रेस इतना तो जानती है कि ह्यत्यागपत्र देनेह्न और ह्यनिकालनेह्न में बहुत फर्क होता है। लेकिन इससे एक प्रश्न और पैदा होता है कि नेहरु देश की भीतरी राजनीति की खबरें माऊंटबेटन की पत्नी को क्यों दे रहे थे? अंग्रेजों के आदमी आखिर कौन थे? अंबेडकर ने संस्कृत गंथों का गहन अध्ययन कर हिंदु कोड बिल तैयार किया था। उसको लेकर बहुत विवाद हुआ था। अंबेडकर का कहना था कि इन चार बिलों के सभी प्रावधान भारत के प्राचीन ग्रंथों में से ही लिए गए हैं। वे उन ग्रंथों के उद्धरण भी बता रहे थे। वैचारिक स्तर पर कांग्रेस भी हिंदु कोड बिल से सहमत थी। लेकिन कांग्रेस ने उसे संविधान सभा में पारित नहीं होने दिया। तकनीकी आधारों पर उसे लटकाए रखा। इसी विवाद के चलते अंबेडकर ने विधि मंत्री के पद से त्यागपत्र दे दिया था। लेकिन अंबेडकर के हटने के बाद कांग्रेस ने इसे पहली लोकसभा में ही पारित करवा दिया। उसका मूल कारण एक ही था कि हिंदु कोड बिल का श्रेय कहीं अंबेडकर को न मिल जाए। इसका श्रेय नेहरु स्वयं लेना चाहते थे। अंबेडकर के प्रति कांग्रेस का इतना विद्वेष था कि कांग्रेस ने पक्का इंतजाम कर रखा था कि किसी तरीके से अंबेडकर लोकसभा में जीत कर आ न सकें। और कांग्रेस ने सचमुच अंबेडकर को पहले लोकसभा चुनाव में हरा कर ही दम लिया। अंबेडकर अपने अंतिम दिनों में ह्यबुद्ध और उनका धर्मह्न किताब लिख रहे थे। उन्होंने पंडित नेहरु को पत्र लिखा कि यदि सरकार पुस्तक प्रकाशित होने के बाद इसकी कुछ प्रतियां खरीद लेगी तो पुस्तक के प्रसार में सहायता होगी और आर्थिक सहायता भी हो जाएगी। जब सरकार अपने विज्ञापनों के लिए लाखों रुपया बर्बाद कर रही थी, तब नेहरु कुछ हजार रुपए की अंबेडकर की पुस्तक को खरीदने के लिए तैयार नहीं थे।

# आखिर क्यों नहीं थम रहा रुपये में गिरावट का सिलसिला

निर्यात की तुलना में आयात में वृद्धि के कारण व्यापार घाटा बढ़ने से विदेशी मुद्रा का बहिर्वाह बढ़ता है, जिससे रुपया कमजोर होता है। कच्चे तेल और सोने के बढ़ते आयात के कारण 2022 में भारत का रिकॉर्ड व्यापार घाटा रुपये के मूल्यह्रास को बढ़ाता है। भारतीय रुपये में गिरावट बाहरी क्षेत्र की कमजोरियों के बीच मुद्रा स्थिरता बनाए रखने की चुनौतियों को रेखांकित करती है। मुद्रा मूल्य में उतार-चढ़ाव वैश्विक भू-राजनीतिक तनावों जैसे रूस-यूक्रेन युद्ध, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और पूंजी बहिर्वाह के साथ-साथ राजकोषीय घाटे जैसे घरेलू कारकों से उत्पन्न होते हैं। भारत के बाहरी लचीलेपन को बढ़ाने और इसकी अर्थव्यवस्था को स्थिर करने के लिए प्रभावी नीतिगत उपाय महत्त्वपूर्ण हैं...





**डॉ सत्यवान सौरभ**
लेखक

सितंबर 2024 के शेयर शिखर के बाद निरंतर बहिर्वाह ने रुपये को कमजोर कर दिया क्योंकि निवेशक अमेरिकी ब्याज दरों में वृद्धि की अटकलों के बीच सुरक्षित परिसंपत्तियों की ओर चले गए। उच्च व्यापार घाटे जैसे व्यापार घाटे आयात पर बाहरी निर्भरता को उजागर करते हैं, विशेष रूप से ऊर्जा के लिए, रुपये की कमजोरी के दौरान चालू खाता घाटा बढ़ाते हैं। रुपये के अवमूल्यन के साथ भारत का कच्चे तेल का आयात बिल बढ़ गया, जिससे 2024 का व्यापार घाटा बढ़कर 75 बिलियन के करीब पहुँच गया। टैरिफ की धमकियाँ और ब्रिक्स मुद्रा विवाद जैसी वैश्विक घटनाएँ भारत के बाहरी व्यापार और निवेश के लिए अनिश्चितताएँ पैदा करके अस्थिरता को बढ़ाती हैं। ब्रिक्स देशों की मुद्रा योजनाओं के खिलाफ अमेरिकी राष्ट्रपति की 2024 टैरिफ चेतावनी ने बाजार में बिकवाली को बढ़ावा दिया, जिससे भारत की बाहरी स्थिरता कमजोर हुई। रुपये को स्थिर करने के लिए विदेशी मुद्रा भंडार पर भारी निर्भरता निरंतर वैश्विक बाजार अशांति के दौरान दीर्घकालिक मौद्रिक लचीलेपन को प्रतिबंधित करती है। रुपये को वापस 85.53 पर लाने के लिए दिसम्बर 2024 में एक ही तिमाही में $20 बिलियन से अधिक के भंडार को समाप्त कर दिया। कमजोर रुपया घरेलू मौद्रिक नीतियों को प्रतिबंधित करता है, महंगे आयातों के माध्यम से मुद्रास्फीति को बढ़ाता है जबकि विकास सम्बंधी चिंताओं को दूर करने के लिए राजकोषीय स्थान को कम करता है। दिसम्बर 2024 में कच्चे तेल के आयात की लागत 15% बढ़ गई, जिससे नीति निमार्ताओं पर मुद्रा प्रबंधन और राजकोषीय विस्तार रणनीतियों को प्रभावी ढंग से संतुलित करने का दबाव पड़ा। टैरिफ या प्रतिबंध जैसे संरक्षणवादी व्यापार उपाय, व्यापार संतुलन को बाधित करके मुद्रा स्थिरता को कमजोर कर सकते हैं। प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के बीच राजनीतिक अस्थिरता या संघर्ष अस्थिरता पैदा करते हैं, जिससे सुरक्षित-पनाहगाह डॉलर की मांग बढ़ती है और उभरते बाजारों की मुद्राएँ कमजोर होती हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया, जिससे भारत के आयात बिल पर दबाव पड़ा और रुपये का मूल्य कम हुआ। उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में सख्त मौद्रिक नीतियों के कारण भारत से पूंजी का बहिर्वाह होता है, जिससे रुपये पर दबाव पड़ता है। 2022-23 में अमेरिकी फेडरल रिजर्व की दरों में बढ़ोतरी के कारण विदेशी पोर्टफोलियो का बहिर्वाह हुआ, जिससे रुपया कमजोर हुआ। निर्यात की तुलना में आयात में वृद्धि के कारण व्यापार घाटा बढ़ने से विदेशी मुद्रा का बहिर्वाह बढ़ता है, जिससे रुपया कमजोर होता है। कच्चे तेल और सोने के बढ़ते आयात के कारण 2022 में भारत का रिकॉर्ड व्यापार घाटा रुपये के मूल्यह्रास को बढ़ाता है। उच्च घरेलू मुद्रास्फीति मुद्रा मूल्य को कम करती है, जिससे निर्यात कम प्रतिस्पर्धी हो जाता है और आयात महंगा हो जाता है। कच्चे तेल जैसे अलोचदार आयातों की बढ़ती कीमतों ने भारत के आयात बिलों को बढ़ा दिया, जिससे 2023 में रुपया कमजोर हो गया। घरेलू और विदेशी निवेश में गिरावट कमजोर आर्थिक विकास का संकेत देती है, जिससे मुद्रा प्रवाह हतोत्साहित होता है। 2024 में, कॉर्पोरेट प्रदर्शन में कमी और स्टॉक वैल्यूएशन में वृद्धि के कारण विदेशी पोर्टफोलियो निवेश बहिर्वाह हुआ। मुद्रा को स्थिर करने के लिए केंद्रीय बैंक के हस्तक्षेप विदेशी मुद्रा भंडार द्वारा सीमित हैं और केवल अस्थायी राहत प्रदान कर सकते हैं। दिसम्बर 2024 में आरबीआई के देर से हस्तक्षेप ने रुपये को अस्थायी रूप से 85.53 प्रति डॉलर पर स्थिर करने में कामयाबी हासिल की। राजकोषीय रूप से विवश सरकार बाहरी झटकों को प्रबंधित करने की अपनी क्षमता को कम करती है, जिससे मुद्रा स्थिरता में विश्वास कमजोर होता है। महामारी के दौरान भारत के रिकॉर्ड राजकोषीय घाटे ने बाहरी लचीलेपन को बढ़ावा देने के लिए सरकारी उपायों को सीमित कर दिया। मुद्रा नीतियों पर सरकार का स्पष्ट रुख निवेशकों का विश्वास बढ़ाता है और सट्टा दबाव कम करता है। आरबीआई गवर्नर द्वारा 2024 में डी-डॉलराइजेशन को खारिज करने से बाजार आश्वस्त हुआ, जिससे रुपये के मूल्यह्रास की चिंताएँ अस्थायी रूप से कम हो गईं।। बाह्य लचीलेपन को मजबूत करने के उपाय हैं, निर्यात को बढ़ावा देना और विदेशी मुद्रा आय बढ़ाने और व्यापार असंतुलन को कम करने के लिए मूल्यवर्धित विनिर्माण और सेवाओं पर ध्यान केंद्रित करना। फार्मास्यूटिकल्स और आईटी जैसे क्षेत्रों को मजबूत करने से व्यापार घाटे को कम करने और रुपये को स्थिर करने में मदद मिल सकती है। विविध आपूर्तिकताओं के साथ दीर्घकालिक समझौते करके अस्थिर कच्चे तेल और आवश्यक आयात पर निर्भरता कम करें। रूस और मध्य पूर्वी देशों से कच्चे तेल के आयात का विस्तार करने से 2023 में औसत तेल आयात लागत कम हो गई। प्रभावी मुद्रा स्थिरीकरण के लिए सॉवरेन वेल्थ फंड और सोने के संचय के माध्यम से मजबूत भंडार बनाएँ। रिजर्व बैंक के अनुसार 2021 में $600 बिलियन के रिकॉर्ड विदेशी मुद्रा भंडार ने महामारी के दौरान अस्थिरता को प्रबंधित करने में मदद की। स्थानीय मुद्राओं में व्यापार को निपटाने, अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम करने और विनिमय दर जोखिमों को कम करने के लिए समझौतों में शामिल हों। भारत-रूस रुपया-रूबल व्यापार तंत्र ने रूस-यूक्रेन संकट के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव कम किया। मुद्रा जोखिमों से बचने के लिए अल्पकालिक बाहरी ऋण को कम करते हुए कम लागत और लंबी अवधि के उधार को प्राथमिकता दें। भारत द्वारा सॉवरेन ग्रीन बॉन्ड जारी करने में वृद्धि ने 2023 में पुनर्भुगतान अस्थिरता को कम करने के साथ स्थिर विदेशी निवेश आकर्षित करने में मदद की। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत के आर्थिक लचीलेपन के लिए एक मजबूत बाहरी क्षेत्र महत्त्वपूर्ण है। निर्यात प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देकर, विवेकपूर्ण राजकोषीय नीति सुनिश्चित करके, विदेशी मुद्रा भंडार में विविधता लाकर और रुपये में द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाकर, भारत मुद्रा अस्थिरता को कम कर सकता है। संरचनात्मक सुधारों और वैश्विक आर्थिक एकीकरण पर जोर देने वाली एक दूरदर्शी रणनीति दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करेगी और वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की स्थिति को मजबूत करेगी।

# बिहार के सरोद वादक तथा संगीत इतिहासकार थे प्रो सीएल दास

कार्यक्रम तो बहुत सफल रहा लेकिन एक बार फिर प्रो दास साहब को अपने अकाउंट से ही पैसे निकाल कर कलाकारों को देने पड़े थे। कॉलेज प्रशासन इस आयोजन के लिए बजट ही नही क्लियर कर पाया। इस बीच प्रो दास साहब आकाशवाणी के अखिल भारतीय संगीत समारोह की समीक्षा हाथरस, उत्तर प्रदेश से प्रकाशित पत्रिका, संगीत में लिखने लगे थे। इस बहाने देश भर के कलाकार उनसे जुडने लगे थे। रोज उनके पते पर कई चिट्ठियां आतीं। कई स्थानीय कलाकार घर पर आ जाते। संगीत अभ्यास होता और इस पर चर्चाएं भी होती।





**जितेन्द्र कुमार सिन्हा**
लेखक

सरोद वादक तथा संगीत इतिहासकार प्रो. सी. एल. दास की 91वीं जयंती 4 जनवरी 2025 को है। इस संदर्भ में कहना है कि ह्लपिता ने जैसे भविष्य की कल्पना की थी, उसके उलट प्रो. दास ने चुना था शास्त्रीय संगीत और आम लोगों के बीच की दूरी को पाटने की जद्दोजहदह्न कहते हैं संगीत के लिए व्यक्ति बना हुआ आता है। उसे मुखरित करने के लिए बस थोड़ी साधना और थोड़े तराश की जरूरत होती है। दरअसल जो राग रस होता है किसी के भीतर, वही तय करता है उसके जीवन धारा की दिशा को। कुछ ऐसा ही हुआ था सरोद साधक तथा संगीत इतिहासकार, प्रो. सी. एल. दास के साथ। प्रो. दास के भविष्य की एक अलग ही छवि बना रखी थी उनके परिवार ने, जहाँ था सैल्यूट मारता सरकारी शोफर और उनके गाँव की सड़क पर अंगरक्षकों से भरी सरपट दौड़ती गाड़ी। लेकिन नियति कुछ और ही लिख लाई थी इनके लिए। उन्होंने जो संसार रचा अपने लिए, उसमे वैसा कुछ नहीं था जैसी कल्पना की थी उनके परिवार ने। यहाँ थी सरोद, स्वर और लय की साधना, शास्त्रीय संगीत और आम लोगों के बीच की दूरी को पाटने की जद्दोजहद और उसके विस्तार के लिए पत्रिकाओं और समाचार पत्रों में रागों- स्वरों को शब्दबद्ध करने की जिम्मेदारी। सरकारी रोब- दाब जैसा कुछ नहीं था यहाँ। था तो बस मैहर और मदीना भवन के साथ अबूझा सा प्रेम। गर्मी की छुट्टियों में सरोद लेकर बॉम्बे जनता ट्रेन में पटना से मैहर तक का सफर, अल्लाउद्दीन बाबा के साथ भोजन के बाद मैहर म्युजिक कौलेज जाना और वहां बाबा को विद्यार्थियों को राग और गतें सिखाते देखना। यही थी उनकी दुनिया की धुरी। एक अनजानी सी रिश्तेदारी बन गई थी उनकी देश भर के कलाकारों, खास तौर पर उस्ताद अली अकबर खाँ, उस्ताद बहादुर खान, पद्म भूषण उस्ताद गुलाम मुस्तफा और पंडित रामचतुर मल्लिक से और अपने अनगिनत परिचित- अपरिचित कला पाठकों के साथ तो साझेदारी थी ही राग-संगीत की। 04 जनवरी, 1934 में नेपाल तराई के एक जमींदार परिवार में जन्मे चँद्रकांत के लिए उनके पिता ने हर आम पिता की तरह कई सपने देखे थे। बड़ी इच्छा थी कि बेटा पढाई कर कोई ऊँचा अधिकारी बने। सरकारी गाड़ी से गाँव की कच्ची सड़क पर चले तो उसकी धूल के साथ- साथ उसके ओहदे की धमक भी गाँव भर मे फैल जाए। बालक चंद्रकांत जब महज छः साल के थे, उसी उम्र में माँ की गोद से उतार बच्चे को अच्छी शिक्षा के लिए राजनगर (मधुबनी) भेज दिया था। बच्चे के विछोह में माँ रोती रह गई थी। ह्लकहाँ दूर मोगलान में भेज दिया मेरे बच्चे को,ह्व उन्होंने खीजकर कहा था। उन दिनों तराई के गाँव में भारत को मोगलान ही कहते थे लोग। लेकिन जमींदार साहब टस से मस नहीं हुए थे। दालान पर बैठे पटवारी कालिदास ने भी उनकी हाँ में हाँ मिलाते हुए कहा था, ह्लबच्चे को और मिर्चे को जितना आग में झोंकिए, उसकी झाँस उतनी ही बढती हैह्व। फिर क्या था जमींदार पिता और आश्वस्त हो गए थे। सोचते, ह्लबच्चा मेधावी है, जरूर अच्छा करेगा। चँद्रकांत एक बार बड़ा अधिकारी बन जाए, तो खेती की सारी चिंताएं दूर हो जाएंगीह्व। लेकिन यहाँ तो ग्रह- नक्षत्र के कुछ और ही खेल चल रहे थे। चँद्रकांत के नंबर तो अच्छे आ रहे थे। लेकिन पढाई के साथ - साथ राग -संगीत के प्रति आकर्षण बढने लगा था। राजनगर में दुर्गा पूजा में जब बाकी सहपाठी मेला घूम रहे होते और मछली और मिठाइयों के स्टौल के चक्कर काट रहे होते, चँद्रकांत का समय मंदिर में हो रहे पूजा के समय कलाकारों द्वारा गाए- बजाए राग और बंदिश सुनने में बीतता। एक बात जो उन्हे खटक रही थी वो ये कि शास्त्रीय संगीत और संगीतकार दोनो ही आम लोगों की पहुँच से बाहर थे। शायद उसी क्षण उन्होने शास्त्रीय राग संगीत को आम लोगों के बीच लाने की ठानी होगी। कॉलेज की पढाई के लिए वो जब पटना आए, तो यहाँ भी देखा कि कलाकार शहर के रईसों की बैठकियों तक ही सीमित थे। लेकिन जैसे ही पटना के एक कौलेज में नौकरी लगी, उन्होने संगीत और संगीतकारों को आम लोगों के बीच लाने की दिशा में काम करना शुरू कर दिया था। अपने कुछ संगीत प्रेमी मित्रों के साथ मिलकर शहर के सभागार में जन समारोह आरंभ किया। हालाँकि दशहरा में यहाँ कई दिनो का संगीत समारोह होता था। लेकिन बाकी दिन सब कुछ शांत और स्थिर सा होता। प्रो दास ने इस एकरसता को तोडने की पहल की। उन्होंने अपने जन समारोह में पंडित रवि शंकर और उस्ताद अमीर खाँ सरीखे कलाकारों को शामिल किया। इसके लिए जिस फंड की जरूरत थी, उसे शहर के कुछ संगीत प्रेमी डॉक्टरों, व्यवसाइयों और रईसों ने चंदा देकर पूरा किया। भारतीय नृत्य कला मंदिर की बुकिंग हुई और प्रचार के लिए शहर में पोस्टर लगाए गए। उन दिनो अखबारों में विज्ञापन देने का चलन नहीं था। कार्यक्रम में हॉल की सीट से ज्यादा लोग आ गए। लेकिन कलाकार को देने के लिए पैसे नहीं इकट्ठा हो पाया। बाद में अपने अकाउंट से ही पैसे निकालकर पंडित रविशंकर को मनी ऑर्डर कर दिया था। लेकिन इस आयोजन में पटना ने पंडित रविशंकर को उन दिनो लाईव सुना जब वो सितार वादन के चरम पर थे। बल्कि युवा पीढ़ी तक राग संगीत पहुँचाने के लिए प्रो दास ने अपने कौलेज में संगीत समारोह आयोजित किया।

# छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय चुनाव में देरी, राजनीतिक रणनीतियाँ और जनता की उम्मीदें

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव इस समय राज्य की सबसे चर्चित राजनीतिक घटना बन गई है। इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस जैसी प्रमुख पार्टियां एक-दूसरे के खिलाफ मोर्चा खोल चुकी हैं। यह चुनाव केवल स्थानीय निकायों के लिए प्रतिनिधियों के चयन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राज्य की राजनीति में सत्ता संतुलन और नेतृत्व के भविष्य का निर्धारण करने वाला बड़ा कारक भी है। नगरीय निकाय चुनावों में देरी, राजनीतिक दलों की रणनीतियां, जनता की अपेक्षाएं और चुनाव प्रणाली जैसे पहलू चर्चा के केंद्र में हैं। इन मुद्दों का विश्लेषण करना यह समझने के लिए आवश्यक है कि चुनावी प्रक्रिया कैसे विकसित हो रही है और इससे राज्य की जनता और राजनीति पर क्या प्रभाव पड़ेगा। चुनाव का महत्व केवल स्थानीय विकास योजनाओं के क्रियान्वयन तक सीमित नहीं है। यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया और नागरिकों के अधिकारों का प्रतिनिधित्व करता है। इसलिए, यह आलेख चुनाव के विभिन्न पहलुओं पर गहराई से विचार करेगा। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकायों का कार्यकाल दिसंबर 2024 तक लगभग समाप्त हो चुका है, लेकिन इसके बावजूद अब तक चुनाव की तिथियों की घोषणा नहीं की गई है। इस देरी ने राज्य में एक नई बहस को जन्म दिया है। प्रशासकों की नियुक्ति के कारण कई नगरीय निकायों में निर्वाचित प्रतिनिधित्व समाप्त हो गया है, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर सवाल उठे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्वीकार किया है कि चुनाव में देरी हो रही है, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव को टाला नहीं जाएगा। हालांकि, इस बयान से विपक्ष संतुष्ट नहीं है। कांग्रेस ने इसे भाजपा सरकार की नीतिगत विफलता और लोकतंत्र के प्रति लापरवाही करार दिया है। चुनाव में देरी का पहला प्रभाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर पड़ता है। स्थानीय निकाय सरकारों की अनुपस्थिति में प्रशासकों को जिम्मेदारी दी गई है, जिससे जनता के लिए अपनी समस्याओं का समाधान ढूंढ़ना कठिन हो गया है। इस देरी ने नागरिकों के बीच असंतोष और अविश्वास की भावना को बढ़ावा दिया है। दूसरा प्रभाव राजनीतिक बहस पर है। चुनाव में देरी ने सत्ताधारी दल भाजपा को आलोचना के घेरे में ला दिया है। विपक्ष इसे सरकार की नाकामी के रूप में प्रचारित कर रहा है। जनता में भी यह धारणा बन रही है कि सरकार अपनी नीतियों को लागू करने में सक्षम नहीं है। तीसरा प्रभाव स्थानीय विकास योजनाओं पर है। बिना निर्वाचित प्रतिनिधियों के, स्थानीय निकायों में विकास कार्य धीमा हो गया है। यह जनता की उम्मीदों के विपरीत है और यह स्थिति राजनीतिक दलों के लिए एक बड़ा मुद्दा बन गई है। चुनाव में देरी को लेकर कांग्रेस ने भाजपा पर तीखा हमला किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने इसे लोकतंत्र की हत्या करार दिया है। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा चुनाव में हार के डर से इसे टाल रही है। कांग्रेस ने इस मुद्दे को जनता के बीच ले जाने की रणनीति अपनाई है। राज्य के विभिन्न हिस्सों में रैलियों और जनसभाओं के माध्यम से कांग्रेस ने भाजपा सरकार की आलोचना की है। पार्टी ने यह दावा किया है कि चुनाव में देरी जनता के अधिकारों का हनन है और यह लोकतंत्र की आत्मा के खिलाफ है। पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने भी बैलेट पेपर से चुनाव कराने के राज्य चुनाव आयोग के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने इसे एक पारदर्शी और निष्पक्ष प्रक्रिया बताया, जिससे जनता का विश्वास बहाल होगा। कांग्रेस की रणनीति जनता से सीधा संवाद स्थापित करने और भाजपा पर दबाव बनाने की है। पार्टी ने चुनाव आयोग से भी यह सुनिश्चित करने की मांग की है कि चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी हो और इसे समय पर आयोजित किया जाए।

# अपनों के निशाने पर कांग्रेस पार्टी

**रमेश सर्राफ धमोरा**

कांग्रेस पार्टी इन दिनों अपने ही साथी दलों के निशाने पर है। भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों के संयुक्त इंडिया गठबंधन में शामिल विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं द्वारा कांग्रेस पार्टी से इंडिया गठबंधन का नेतृत्व वापस लेने की मांग की जा रही है। इंडिया गठबंधन में शामिल बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी खुले आम कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व पर सवाल उठा रही है। उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने प्रेस कांफ्रेंस करके कांग्रेस पार्टी को इंडिया गठबंधन के नेता पद से हटाने की मांग की हैं। ममता बनर्जी की मांग के समर्थन में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने भी अपनी सहमति जताई है। इससे इंडिया गठबंधन की स्थिति लगातार कमजोर हो रही है।

जून 2023 में 26 विपक्षी दलों के साथ बना इंडिया गठबंधन अब टूट के कगार पर खड़ा है। लोकसभा चुनाव में मिली हार और उसके बाद हरियाणा व महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में हुई पराजय ने इस गठबंधन को कमजोर कर दिया है। इसी के चलते कांग्रेस के सहयोगी दल ही उसकी नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठाकर अलग राह पकड़ने के संकेत दे रहे हैं। हाल ही में दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी ने तो कांग्रेस को इंडिया गठबंधन से बाहर निकलवाने तक की धमकी दे दी है। कांग्रेस द्वारा दिल्ली विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने की घोषणा के बाद से ही आम आदमी पार्टी कांग्रेस से खासी नाराज नजर आ रही है। पार्टी नेताओं का कहना है कि कांग्रेस जिस तरह से चुनाव लड़ रही है उससे भाजपा को लाभ मिल रहा है। कांग्रेस नेता अजय माकन व संदीप दीक्षित के बयान विपक्ष को कमजोर करने के लिए भाजपा के कहने पर दिए जा रहे हैं। समाजवादी पार्टी, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद पवार), नेशनल कांफ्रेंस तो खुलकर कांग्रेस की मुखालफत करने लगी है। हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस अपनी जीत तय मानकर आम आदमी पार्टी से गठबंधन करने से इनकार कर दिया था। जिसके चलते आम आदमी पार्टी ने कई सीटों पर अकेले ही चुनाव लड़कर 1.8 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे। जबकि हरियाणा में कांग्रेस को 39.34 प्रतिशत वोट व भाजपा को 39.94 प्रतिशत वोट मिले थे। यदि हरियाणा में कांग्रेस आम आदमी पार्टी से समझौता करके चुनाव लड़ती तो निश्चय ही सरकार बन सकती थी। मगर कांग्रेस ने अवसर गवां दिया और वहां भाजपा ने आसानी से तीसरी बार पहले से भी अधिक बहुमत से सरकार बना ली। उत्तर प्रदेश विधानसभा के उपचुनाव में तो समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस के लिए एक भी सीट नहीं छोड़ी थी। जबकि लोकसभा चुनाव कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने मिलकर ही लड़ा था। महाराष्ट्र में कांग्रेस नीत महा विकास अघाड़ी की करारी हार होने के बाद शिवसेना (यूबीटी) ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधते हुए कहा था कि कांग्रेस ने हरियाणा में आप और समाजवादी पार्टी को सीट ना देकर गलती की थी। पार्टी के मुखपत्र सामना में भी लिखा गया कि कांग्रेस नेताओं के अति आत्मविश्वास और घमंड ने हरियाणा में हार के लिए भूमिका निभाई। पार्टी नेता संजय राउत ने तो यहां तक कह दिया कि कांग्रेस को लगने लगा था कि वह अकेले ही जीत सकती है। इसलिए किसी को भी सत्ता में भागीदार बनाना उचित नहीं समझा था। पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 99 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। कांग्रेस कुल 329 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। जिसमें से 145 सीटों पर बिना किसी गठबंधन की अकेले चुनाव लड़ी थी। जिसमें कांग्रेस 37 सीटों पर चुनाव जीती थी। कांग्रेस का बिना किसी दल से गठबंधन में जीत का रेशियो 25.52 प्रतिशत रहा था। जबकि कांग्रेस 184 सीटों पर साथी दलों से गठबंधन करके चुनाव लड़ी थी। इसमें कांग्रेस ने 62 सीट जीती थी और जीत का रेशियो 33.75 प्रतिशत रहा था। इस तरह से देखे तो कांग्रेस पार्टी को अकेले चुनाव लड़ने की बजाय गठबंधन साथियों की बदौलत बड़ी जीत हासिल हुई थी। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 13 करोड़ 67 लाख 59 हजार 64 यानी 21.29 प्रतिशत वोट मिले थे। गठबंधन करने के कारण 2019 की तुलना में 2024 में कांग्रेस को 1.91 प्रतिशत अधिक वोट मिले थे। कांग्रेस पार्टी ने पंजाब, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, गोवा, कर्नाटक, लक्षद्वीप, मणिपुर, मेघालय, नागालैंड, उड़ीसा, तेलंगाना व पश्चिम बंगाल में अपने बूते चुनाव लड़ा था। जबकि बिहार, गुजरात हरियाणा झारखंड, केरल, महाराष्ट्र, पांडिचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश में गठबंधन करके चुनाव लड़ा था। अंडमान निकोबार दीप समूह, आंध्र प्रदेश, दादरा नगर हवेली व दमन दीव, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, लद्दाख, मध्य प्रदेश, मिजोरम, सिक्किम, त्रिपुरा, उत्तराखंड ऐसे प्रदेश है जहां लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुल सका था। हरियाणा विधानसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस को सबसे बड़ा झटका महाराष्ट्र में लगा जहां उनकी सीटे 44 से घटकर 16 रह गई। महाराष्ट्र में कांग्रेस शिवसेना (यूबीटी) व राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के साथ महाविकास अघाड़ी बनाकर चुनाव मैदान में उतरी थी।

# अंतिम पायदान के व्यक्ति तक सुविधा पहुंचाने को सरकार प्रयत्नशील : योगी

## सरकार का यह संकल्प है कि भीषण शीतलहर में कोई भी व्यक्ति खुले में सोने और ठंड से ठिठुरने को मजबूर न हो

प्रात: किरण संवाददाता

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसी भी सभ्य समाज में अंतिम पायदान के व्यक्ति तक सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास होना चाहिए। सरकार इस दिशा में पूरी प्रतिबद्धता से प्रयत्नशील है। सरकार का यह संकल्प है कि भीषण शीतलहर में कोई भी व्यक्ति खुले में सोने और ठंड से ठिठुरने को मजबूर न हो। इसके लिए आश्रय गृहों की व्यवस्था, कंबल वितरण सहित सभी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं।

सीएम योगी शुक्रवार को ट्रांसपोर्ट नगर में नगर निगम द्वारा 2 करोड़ 17 लाख रुपए की लागत से बनाए गए नवीन आश्रय गृह (रैन बसेरा) का लोकार्पण करने और गरीबों-असहायों के बीच कंबल व भोजन पैकेट वितरित करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।




वैदिक मंत्रोच्चार के बीच रैन बसेरे के लोकार्पण और यहां उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि भीषण शीतलहर में आश्रयविहीन को आश्रय मिल जाए, यह सबसे बड़ा पुण्य है। ट्रांसपोर्ट नगर के रैन बसेरे से पहले शहर में कई आश्रय गृह संचालित हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में जरूरतमंद लोगों को भीषण ठंड से बचाने के लिए राजस्व विभाग के माध्यम से सभी जिलों को कंबल वितरण के लिए पर्याप्त धनराशि जारी की गई है। हर जिले में जनप्रतिनिधियों के सहयोग से पर्याप्त संख्या में कंबल वितरण हो रहे हैं। इसमें धर्मार्थ संस्थाएं भी आगे आई हैं। यह सबकी जिम्मेदारी होती है कि हम हर जरूरतमंद व्यक्ति की विपत्ति में उसके साथ खड़े रहें। कुछ दिनों तक शीतलहर का यह दौर जारी रह सकता है। ऐसे में हमें स्वस्थ जीवन के लिए सबको सावधानी और बचाव के उपायों के प्रति प्रेरित करने की जरूरत है। सीएम योगी ने कहा कि शासन-प्रशासन ने आश्रय गृहों की व्यवस्था दी है। खुले में आसमान के नीचे, सड़क के किनारे फुटपाथ पर कोई खुले में न सोए, यह देखना जनप्रतिनिधियों और नागरिकों की भी जिम्मेदारी है। यदि कोई बाहर से आया आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति, मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति या शहर में काम की तलाश में आए कामगार-मजदूर, रिक्शा वाले खुले में सोते मिले तो पूरी संवेदना से उसे आश्रय गृह पहुंचाने की पहल होनी चाहिए। आपदा के समय, भीषण सर्दी, बाढ़, भीषण गर्मी जैसी स्थितियों में आश्रय गृह बेहद उपयोगी साबित होते हैं।

उन्होंने सुरक्षा के ध्यान को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि पुलिस और प्रशासन तो सुरक्षा की जिम्मेदारी उठा ही रहे हैं, समाज के लोगों को भी देश के दुश्मनों से सावधान रहना होगा।

रैन बसेरे के लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सानिध्य में करीब एक हजार लोगों के बीच कंबल और भोजन के पैकेट वितरित किए गए। कई लोगों को मुख्यमंत्री ने खुद अपने हाथों से कंबल और भोजन के पैकेट प्रदान किए। इस दौरान उन्होंने बच्चों को चॉकलेट और दुलार कर आशीर्वाद दिया।

उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि यहां जो लोग भी कंबल पाने से बच जाएं, उनके नाम नोट कर लिए जाएं। कार्यक्रम के बाद उन तक भी कंबल पहुंचना सुनिश्चित किया जाए।

कंबल वितरण के दौरान मुख्यमंत्री योगी की नजर जैसे ही मेवातीपुर से आई अनीता रानी और उनके साथ व्हीलचेयर पर बैठे उनके 11 वर्षीय पुत्र अर्जित पर पड़ी तो वह भावुक हो गए। उनके यह पूछने पर कि बच्चे को क्या हो गया है, अनीता ने बताया कि बचपन से ही न्यूरो की प्रॉब्लम होने से अर्जित चल-फिर या बोल नहीं पाता है। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉक्टर को दिखाइए, इलाज कराइए। हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी।

# पत्नी का पर्दा नहीं करना तलाक का आधार नहीं: उच्च न्यायालय



प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक निर्णय में कहा है कि पत्नी का पर्दा नहीं करना क्रूरता नहीं हो सकती और इस तरह से यह तलाक के लिए आधार नहीं हो सकता। हालांकि, उच्च न्यायालय ने इस आधार पर तलाक मंजूर कर ली कि पति और पत्नी 23 साल से अधिक समय से अलग अलग रह रहे हैं। पति की अपील पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति डी. रमेश की पीठ ने यह फैसला सुनाया। पति की तलाक की अर्जी निचली अदालत ने खारिज कर दी थी। अपीलकर्ता ने तलाक के लिए दो आधार रखे थे जिसमें से पहला आधार यह था कि उसकी पत्नी स्वतंत्र विचारों वाली है और अपनी मनमर्जी से बाजार एवं दूसरी जगहों पर चली जाती है एवं पर्दा नहीं करती है। दूसरा आधार था कि वह लंबे समय से उससे दूर है। इस मामले के तथ्यों के मुताबिक, दोनों की शादी 26 फरवरी, 1990 को हुई और गौना चार दिसंबर, 1992 को हुआ जिसके बाद दो दिसंबर, 1995 को उन्हें एक बेटा हुआ। पति-पत्नी कभी कभार ही साथ रहते थे। पत्नी द्वारा स्वीकार किया गया कि वह 23 साल से अधिक समय से पति के साथ नहीं रही और उनका इकलौता बेटा अब बालिग हो गया है। उच्च न्यायालय ने निचली अदालत के निर्णय के खिलाफ अपील स्वीकार करते हुए कहा, अपीलकर्ता अपनी पत्नी द्वारा मानसिक क्रूरता का दावा कर सकता है क्योंकि उसकी पत्नी बहुत लंबे समय से अलग रही।

# दोहरे हत्याकांड का आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार




बलिया। बिहार सीमा के समीप कोटवा नारायनपुर गांव में नववर्ष के पहले दिन दो युवकों की हत्या करने के आरोपी व्यक्ति को पुलिस ने शुक्रवार को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी इस दौरान पैर में गोली लगने से घायल हो गया जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि नरही थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव निवासी प्रशांत गुप्ता (23) व गोलू वर्मा (24) कनुवान मार्ग पर स्थित दुकान से बीयर खरीदने गए थे कि इसी दौरान उनकी वहां किसी व्यक्ति से कहासुनी व मारपीट हो गई। इसके बाद धारदार कुल्हाड़ी से प्रहार कर प्रशांत व गोलू की हत्या कर दी गयी।

प्रशांत पटना में इलेक्ट्रिशियन का काम करता था तथा अपने दो वर्ष के बेटे अयांश का जन्म दिन मनाने गांव आया हुआ था । घटना के विरोध में बृहस्पतिवार को कोटवा कस्बे की दुकानें बंद रहीं तथा ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर धरना देकर चक्का जाम कर दिया। भारी सुरक्षा प्रबन्ध के मध्य बृहस्पतिवार की रात्रि दोनों युवकों का अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि परिजनों से प्राप्त तहरीर के आधार पर शिवम राय, बिट्टू यादव, प्रियांशु राय और रुदेश राय के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों की तलाश और गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें काम में लगी थीं। इस दौरान बघौता पुलिया के पास मौजूद पुलिस की टीम को सूचना मिली कि डबल मर्डर का मुख्य आरोपी शिवम राय रामगढ़ झ टूटवारी मार्ग की तरफ से पैदल आ रहा है । इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा घेराबन्दी कर एक व्यक्ति को बघौता पुलिया के पास रोकने का प्रयास किया गया तो उसने जवाब में पुलिस टीम को निशाना बनाकर तमंचे से गोली चलाई गयी। पुलिस टीम द्वारा की गयी जवाबी फायरिंग में आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हो गया । घायल ने अपना नाम शिवम राय बताया। पुलिस के अनुसार, उसने एक जनवरी को प्रज्ञा स्कूल,ग्राम नरायनपुर के पास अपने साथियों के साथ मिलकर डबल मर्डर की घटना को अंजाम देने की बात कुबूल की है। आरोपी को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया । उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा, दो खोखा कारतूस व एक जिन्दा कारतूस तथा हत्या के दौरान प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद हुई। घायल शिवम को इलाज हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### किराए के पांच हजार भेजने की बजाय 80 हजार रुपये ठगे

गाजियाबाद । जालसाज ने किराए के पांच हजार रुपये भेजने की बात कहकर चिरंजीव विहार निवासी व्यक्ति से 80 हजार रुपये ठग लिए। आरोपी ने पांच की बजाय 50 हजार रुपये का मैसेज भेज बाकी रकम ट्रांसफर करने को कहा। आरोपी के झांसे में आकर पीड़ित ने 80 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। ठगी के संबंध में पीड़ित ने कविनगर थाने में केस दर्ज कराया है। चिरंजीव विहार में रहने वाले नवल शर्मा का कहना है कि नौ सितंबर 2024 की शाम को उनके पास अनजान नंबर से फोन आया। कॉलर ने कहा कि उसका नाम मनोज शर्मा है और वह उनके पिता का परिचित तथा किराएदार है। मनोज शर्मा ने कहा कि उनके पिता के कहे अनुसार पर किराए के पांच हजार रुपये उन्हें भेज रहा है। नवल शर्मा के मुताबिक उनके मोबाइल पर 50 हजार रुपये आने का मैसेज प्राप्त हुआ। इसके बाद कॉलर ने कहा कि गलती से उसने पांच हजार की जगह 50 हजार रुपये भेज दिए हैं। वह 45 हजार रुपये उसे वापस कर दें। नवल शर्मा का कहना है कि उन्होंने बैलेंस चेक किए बिना 45 हजार रुपये उसे भेज दिए। आरोप है कि इसके बाद मनोज शर्मा ने कहा कि मर्चेंट अकाउंट होने के कारण उनके खाते में एक साथ 45 हजार रुपये नहीं आ सकते। उसने 25, 10 और 10 हजार रुपये करके भेजने को कहा। नवल शर्मा के मुताबिक उन्होंने इस बार भी बैलेंस चेक किए बिना तीन बार में 45 हजार रुपये भेज दिए।

### भाजपा सांसद ने अपने संसदीय क्षेत्र मे मृतकों के परिजनों को बंधाया ढांढस

अमरोहा। भाजपा सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर अपने संसदीय क्षेत्र के विधानसभा हसनपुर के ग्राम रूखालू निवासी दिनेश खड़गवंशी के आवास पर पहुंचकर ट्रैक्टर ट्रॉली के पलटने से हुए उनके दर्दनाक निधन पर परिजनों को सांत्वना दी, साथ ही ग्राम रूखालू में भाजपा कार्यकर्ता पवन गुर्जर के पूज्य पिताजी स्व० वीरपाल सिंह, स्व. मलखान सिंह ग्राम रुस्तमपुर निवासी स्व० प्रदीप गुर्जर, स व० प्रिंस सैनी, ग्राम मंगरौला निवासी स्व० ओमी सिंह आदि के आवास पर पहुंचकर उनके आकस्मिक निधन पर शौक संवेदना व्यक्त करते हुए पर परिजनों को सांत्वना दी। ईश्वर से प्रार्थना है दिवंगत पुण्यात्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान दें व शोकाकुल परिवारों को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस मौके पर महेश खडगवंशी, रूखालू मंडल अध्यक्ष हुकम सिंह खडगवंशी, पप्पू सिंह, रिंकू गुर्जर, सुरेन्द्र लोहिया, पवन गुर्जर, देवेन्द्र खडगवंशी, रामपाल खडगवंशी, ब्रहम सिंह, डोरी खडगवंशी, अमित व परिजनों समेत अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे।

# बिरला पब्लिक कन्या इंटर कॉलेज एनएसएस इकाई ने स्वास्थ्य और स्वच्छता पर लगाया शिविर

प्रात: किरण संवाददाता

स्योहारा। बिड़ला पब्लिक कन्या इंटर कॉलेज स्योहारा (बिजनौर) के राष्ट्रीय इण्टर सेवा योजना इकाई के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का ग्राम श्यामबाद आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम मे बुधवार को द्वितीय दिवस में स्वास्थ्य और स्वच्छता विषय पर कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रंजन शुक्ला प्रधानाचार्या बिरला पब्लिक कन्या इंटर कॉलेज तथा पर्यवेक्षक के रूप में जितेन्द्र यादव प्रधानाचार्य राजकीय हाईस्कूल नरावली में उपस्थित रहे। उन्होने सर्वप्रथम मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। इसके पश्चात उन्होंने स्वयं सेविकाओं को आज स्वच्छता और स्वास्थ्य विषय पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने जे लिये प्रेरित किया। मुख्य अतिथि विद्यालय की प्रधानाचार्या रंजना शुक्ला ने स्वयंसेविकाओं को बताया कि लोगों को एक साथ मिलकर स्वच्छता पर काम करना होगा। इस अवसर पर स्वयंसेवीकाओ ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सबको जागरूक कर कविता आदि प्रस्तुत कीं। इसके बाद कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती संहर बानो, शिक्षिका श्रीमती मेघा के मार्गदर्शन ने आस पास के क्षेत्र घर-घर जाकर जनसंपर्क कर जनता को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जागरूक किया।



# योगी ने नये साल के पहले जनता दर्शन में दिया न्याय का भरोसा



गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को कड़ाके की ठंड के बावजूद नए साल के पहले जनता दर्शन में गोरखनाथ मंदिर पहुंचे और लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं एवं संतुष्टिपरक समाधान का भरोसा दिया। दरअसल, सीएम योगी गोरखपुर दौरे पर है। आज दौरे के दूसरे दिन हमेशा की तरह सीएम योगी ने गोरखनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की और इसके बाद जनता दर्शन किया। जनता दर्शन में योगी ने करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। जनता दर्शन के दौरान सीएम योगी खुद लोगों के पास गए और सबकी समस्या सुनीं। उन्होंने सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि किसी के साथ नाइंसाफी नहीं होगी। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि हर पीड़ित की समस्या पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। मुख्यमंत्री योगी के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। यदि कोई किसी की भूमि पर जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसे कानून सम्मत सबक सिखाया जाए।

# बिजनौर में विद्युत स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य शुरू हुआ

## स्मार्ट मीटर लगवाने में उपभोक्ता करें सहयोग और भ्रम की स्थिति से निकले बाहर: उदय प्रताप

प्रात: किरण संवाददाता

बिजनौर।ऊर्जा विभाग के निर्देश पर बिजनौर में भी विद्युत स्मार्ट मीटर लगाने का काम शुरू हो गया है। विधुत स्मार्ट मीटर लगाने वाली टीम सर्वे कर मीटर लगा रही है। ऊर्जा विभाग के आदेश पर अब बिजनौर में भी विद्युत स्मार्ट मीटर लगाने का काम शुरू हो गया है। अब तक जनपद बिजनौर में तीन हजार दो सौ मीटर लग चुके हैं।अमूमन मीटर लगाते समय बिजली उपभोक्ताओं में भ्रम की स्थिति बन जाती है। लेकिन विद्युत स्मार्ट मीटर लगाने वाली टीम द्वारा स्मार्ट मीटर की खूबियों के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि टीम द्वारा स्मार्ट मीटर के साथ एक चेक मीटर भी लगाया जाता है।स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली उपभोक्ताओं को सही बिजली रीडिंग के साथ सही बिल प्राप्त होगा औ बिल जमा करने पर छूट भी मिलेगी।



विद्युत वितरण मंडल बिजनौर के अधीक्षण अभियंता उदय प्रताप के कार्यालय में स्मार्ट मीटर लगाने वाली टीम पहुंची।

अधीक्षण अभियंता उदय प्रताप ने स्मार्ट मीटर टीम को भरोसा दिलाते हुए कहा कोई समस्या आये तो तत्काल उनको अवगत कराएं।समस्या को दूर कराया जाएगा। तो वहीं टीम को अपना काम पूरी पारदर्शिता के साथ करने के निर्देश देते हुए कहा कि बिजली उपभोक्ताओं को विश्वाश में लेकर अपने कार्य को करें। अधीक्षण अभियंता उदय प्रताप ने सभी बिजली उपभोक्ताओं से अपील करते हुये कहा कि स्मार्ट मीटर लगवाने में उपभोक्ताओं पूरी तरह से सहयोग करें मीटर लगने के बाद बिजली बिल,बिजली रीडिंग की कोई समस्या नही होगी तथा विद्युत स्मार्ट मीटर की फैली गलत जानकारी के भ्रम की स्थिति से बाहर निकले।

उन्होंने बिजली बकायदारो से भी अपील करते हुए कहा कि विभाग की और से एक मुश्त समाधान योजना (ओटीएस ) चल रही है जिसमे बिजली बकयदारो को अपना बकाया बिल जमा करने पर छूट मिल रही है। उपभोक्ता अपना जल्द से जल्द बकाया बिल जमा कर योजना का लाभ उठायें। इसके साथ ही अन्य बिजली उपभोक्ताओ से भी अपना बिजली का बिल समय से जमा करने का अनुरोध किया।

### डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

बदायूँ। जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेई सभागार में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए आमजन को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए कहा। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सार्थक प्रयास करने के लिए कहा। लोक निर्माण विभाग द्वारा जनपद के 11 महत्वपूर्ण मार्गों पर जिसमें 17 चौराहे व 198 टी जंक्शन है वहां सुधारात्मक कार्य कराए जाएंगे, जिलाधिकारी ने इस कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया जल्द से जल्द पूर्ण कर प्राथमिकता पर कार्य प्रारंभ करने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि गन्ने की बड़ी ट्रॉली पर अगर रिफ्लेक्टर आदि न लगा हो तो ऐसे वाहनों का चालान किया जाए। उन्होंने 07 जनवरी से 31 जनवरी तक जनपद के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों में सड़क सुरक्षा से संबंधित कार्यक्रम करने के लिए कहा। उन्होंने शपथ, रंगोली व क्विज प्रतियोगिताएं भी करने के लिए कहा। एनसीसी, स्काउट गाइड तथा अन्य विद्यार्थियों के माध्यम से कार्यक्रम आयोजित कराए जाएंगे। जिलाधिकारी ने पेट्रोल पंपों के प्रतिनिधियों से पेट्रोल पंपों पर शौचालय की समुचित साफ सफाई कराने के लिए कहा तथा पेट्रोल पंप पर आने वाले ऐसे वाहन जिन पर रिफ्लेक्टर आदि नहीं लगे हैं उन पर रिफ्लेक्टर स्ट्रिप लगाने के लिए कहा साथ ही पेट्रोल पंपों पर यातायात नियमों से संबंधित स्लोगन लगाने के लिए कहा।

### उप्र : युवक पर नाबालिग से दुराचार का आरोप, शिकायत दर्ज

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में गांव में ही रहने वाले अपने ताऊ को खाना देने गई 16 वर्षीय नाबालिग से दुराचार के आरोप में गांव के ही एक युवक के खिलाफ शिकायत की गई है। पुलिस क्षेत्राधिकारी (पुवायां) निष्ठा उपाध्याय ने शुक्रवार को बताया कि थाना पुवाया अंतर्गत गांव में रहने वाली 16 वर्षीय किशोरी पास ही में रहने वाले अपने ताऊ को खाना देने गई थी। उन्होंने बताया कि इसी दौरान उसका पड़ोसी साबिर वहां पहुंचा, और उसने एक झोपड़ी में किशोरी को ले जाकर उसके साथ कथित दुराचार किया। उपाध्याय ने बताया कि किसी तरह पीड़िता अपने घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद बृहस्पतिवार देर रात पुलिस में परिजनों ने शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़ित किशोरी को चिकित्सीय परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा और आरोपी की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है।

# लखनऊ के बिल्डर के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

प्रात: किरण संवाददाता

भदोही । उत्तर प्रदेश के भदोही में बिहार की एक महिला से 42 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने और उसे धमकाने के आरोप में एक रियल एस्टेट डेवलपर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। भदोही की पुलिस अधीक्षक मीनाक्षी कात्यायन ने बताया कि बिहार के शेखपुरा की रहने वाली डॉ. रश्मि कुमारी ने लखनऊ स्थित ह्यआर.बी. डी. कंस्ट्रक्शन डेवलपर के वशिष्ठ कुमार दुबे को लखनऊ में जमीन सहित मकान देने की बात तय होने पर अग्रिम राशि के तौर पर 42 लाख रुपये का तीन सितंबर 2022 को भुगतान किया था। पीड़िता ने अपनी शिकायत में कहा कि दुबे ने उसे लखनऊ में भूखंड समेत मकान देने का अपना वादा पूरा नहीं किया।

शिकायत के अनुसार, जब कुमारी ने अपनी जमीन और मकान दिए जाने की मांग की तो दुबे ने उसे कथित तौर पर धमकाया और कहा कि उसके संबंध एक कुख्यात अपराधी गिरोह से हैं। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि दुबे ने कुमारी को जान से मारने की धमकी भी दी। दुबे पर भारतीय दंड संहिता की धाराओं 406 (आपराधिक विश्वासघात), 420 (धोखाधड़ी) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। कात्यायन ने कहा कि मामले की जांच जारी है और पुलिस आरोपियों को न्याय के दायरे में लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# प्लास्टिक उन्मूलन 3.0 अभियान में जब्त की गई पॉलिथीन

प्रात: किरण संवाददाता

गजरौला। नगर पालिका परिषद द्वारा ह्यप्लास्टिक उन्मूलन 3.0ह्ल अभियान के अंतर्गत शुक्रवार बजार में पॉलिथीन जब्त की गई और उल्लंघनकताओं पर चालान जारी किए गए एवं सभी को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की शपथ भी दिलाई, साथ ही प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले नुकसान के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। एवं लोगों से पॉलीथिन की जगह कपड़े व कागज के थैली के प्रयोग करने के अपील की करी गई। इस पहल के तहत, नगर पालिका की टीम के द्वारा गजरौला के विभिन्न बाजारो में निरीक्षण किया रहा है, और सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर सख्ती से रोक लगाने के लिए दुकानदारों को चेतावनी भी दी जा रही है। इसके अतिरिक्त, आज शुक्रवार बाजार में पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में भी बताया गया , नगर पालिका ने नागरिकों से अपील की है कि वे प्लास्टिक का उपयोग न करें और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। अधिशासी अधिकारी श्रीमती दीपिका शुक्ला द्वारा बताया गया कि इस अभियान का उद्देश्य गजरौला को प्लास्टिक मुक्त और स्वच्छ शहर बनाना है। इस मौके पर लेखाकार/ स्वच्छता नोडल अधिकारी श्री आदेश कुमार, लिपिक श्री इरशाद खान,ऋतिक सिंघल, योगेश कुमार, अमित गौतम, दिनेश कुमार, सुमित कुमार, दुष्यंत, यशवीर, गौरव कुमार, नदीम खान, रामपाल व्यास आदि टीम उपस्थित रही।

# 7 जनवरी को होगा उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के 57 वें तीन दिवसीय राज्य सम्मेलन का आयोजन

## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह करेंगे सम्मेलन का उद्घाटन

- सम्मेलन की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी, पूर्व एम०एल०सी० करेगे
- माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी को सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है



प्रात: किरण संवाददाता

गजरौला। माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद अमरोहा का एक प्रतिनिधि मंडल प्रदेशीय मंत्री डॉ० जी० पी० सिंह के नेतृत्व में जिला विद्यालय निरीक्षक विष्णु प्रताप सिंह से मिला तथा मिलकर नव वर्ष की बधाई दी। साथ ही जिलाध्यक्ष गुरनाम सिंह ने शिक्षकों के एरियर भुगतान के सम्बन्ध में वार्ता की। कहा की इस सत्र के अवशेष एरियर इसी सत्र में भुगतान होने चाहिए और जो पिछले हैं उनको धनराशि के अनुसार जे डी कार्यालय अथवा निदेशालय अनुमन्यता हेतु भिजवा दिए जाएं। इस पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने शीघ्र ही नए और पुराने अवशेषों का शीघ्रता से निपटाने का आश्वाशन दिया। संगठन के प्रदेशीय मंत्री डॉ० जी० पी० सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के आगरा में आयोजित होने वाले 57 वें तीन दिवसीय राज्य सम्मेलन का उद्घाटन भारत सरकार के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह 07 जनवरी को करेंगे। आगरा स्थित मुफीद-ए-आम इंटर कालेज में दिनांक 7, 8 एवं 09 जनवरी को प्रातः 10:00 बजे से आयोजित होने वाले राज्य सम्मेलन की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी, पूर्व एम०एल०सी० करेगे। डॉ० सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के उप-मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी को सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। इसी के साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) डा० महेन्द देव सम्मिलित होगें।

सम्मेलन मे प्रदेश के कोने कोने से लगभग 5000 शिक्षक प्रतिनिधि प्रतिभाग करेगे। सम्मेलन के समक्ष चयन बोर्ड अधिनियम की सेवा सुरक्षा सम्बन्धी धारा 21, शिक्षकों की पदोन्नति सम्बन्धी धारा 12 तथा प्रधानाचार्यो की तदर्थ पदोन्नति सम्बन्धी धारा 18 की बहाली, पुरानी पेंन्शन की बहाली, राज्य कार्मचारियो की भांति शिक्षको को भी निःशुल्क चिकित्सा सुविधा का लाभ, तदर्थ शिक्षकों की बहाली तथा वेतन भुगतान, वित्त विहीन विद्यालयों के शिक्षकों को समान कार्य के लिए समान वेतन आदि 15 प्रस्ताव विचारार्थ प्रस्तुत किए जाएगें। इसी के साथ प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था एवं संगठनत्माक गतिविधियों आदि पर भी विशेष चर्चा होगी। राज्य सम्मेलन में प्रतिभाग करने वाले शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को शिक्षा निदेशक (मा0) द्वारा दिनांक 07,08 एवं 09 जनवरी को विषेष अवकाश स्वीकृत किया गया है। संगठन के जिलाध्यक्ष गुरनाम सिंह और सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी अतुल शर्मा, जिला मंत्री बालक राम तथा जिला कोषाध्यक्ष कृष्ण पाल सिंह ने संयुक्त रूप से प्रधानाचार्यो, शिक्षक व शिक्षिका साथियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में आगरा सम्मेलन में प्रतिभाग करें। संगठन द्वारा शिक्षक साथियों के ठहरने की व्यवस्था विद्यालयों में मण्डलवार की गयी है।

# अपने ही परिवार के सदस्यों के हाथों मारे गए पांच लोगों के शव दफनाए गए

प्रात: किरण संवाददाता

संभल। लखनऊ में अपने ही परिवार के एक सदस्य के हाथों मारे गए पांच लोगों के शवों को शुक्रवार को संभल में दफना दिया गया।

मृतकों के शव शुक्रवार की सुबह संभल लाए गए। एक साथ पांच शवों को देखकर परिवार में गम का माहौल है। सरकार से हत्या के मुख्य आरोपी अरशद और उसके पिता को फांसी की सजा देने की मांग की गई है।

पुलिस के अनुसार, आगरा के 24 वर्षीय एक युवक ने जमीन संबंधी विवाद में अपने समुदाय के लोगों द्वारा उत्पीड़न किए जाने से परेशान होकर बुधवार, एक जनवरी की सुबह यहां एक होटल में अपनी चार बहनों और मां की हत्या कर दी थी।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा था कि आरोपी मोहम्मद अरशद को दिल दहलाने वाली इस घटना के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया गया। यह घटना नाका क्षेत्र में स्थित होटल शरनजीत मंय हुई।



पुलिस उपायुक्त (मध्य लखनऊ) रवीना त्यागी के मुताबिक, आरोपी की पहचान अरशद (24) के रूप में हुई जिसने अपने ही परिवार के पांच सदस्यों की हत्या कर दी। इस घटना के बाद पुलिस ने उसे घटनास्थल से ही पकड़ लिया।

पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान आलिया (9), अलशिया (19), अक्सा (16), रहमीन (18)- सभी अरशद की बहनें और अस्मा (आरोपी युवक की मां) के रूप में हुई है। त्यागी ने बताया था कि 24 वर्षीय अरशद आगरा का रहने वाला है और प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि उसने घरेलू विवाद की वजह से यह कदम उठाया।

इस बीच शुक्रवार को अस्मा के भाई मोहम्मद जीशान ने बताया, ह्यउस दिन लखनऊ से फोन आया, उसके बाद मैंने अरशद से बात की। उसने कहा कि अंकल, मैंने पूरे परिवार को मार दिया है, फिर पुलिस ने उसके हाथ से फोन ले लिया। करीब चार महीने पहले मेरी बहन से बात हुई थी। वह बहुत ही सरल और प्यारी थी। अब, मैं बस यही चाहता हूं कि अरशद को सख्त से सख्त सजा मिले, उसे फांसी हो और जल्द ही उसके पिता को भी गिरफ्तार किया जाए।

इस चौंकाने वाली घटना के सामने आने के कुछ ही देर बाद सोशल मीडिया पर एक कथित वीडियो सामने आया, जिसमें अरशद ने अपनी बहनों और मां की कलाई और गला काटने की बात कबूल की। उसने दावा किया कि उसने अपने इलाके के निवासियों द्वारा उत्पीड़न किए जाने से परेशान हो कर यह कदम उठाया।

अरशद ने कहा था, मैं और मेरा पूरा परिवार असहाय और हताश होकर यह कदम उठाने को मजबूर हैं मैंने अपनी बहनों और मां को मार डाला है। जब पुलिस को यह वीडियो मिले, तो मैं अनुरोध करता हूं कि वह इसके लिए इलाके के लोगों को जिम्मेदार ठहराएं।

उसने आरोप लगाया था कि उसके इलाके के लोगों ने उसका घर छीनने के लिए उसके परिवार के सदस्यों पर अकल्पनीय अत्याचार किए हैं। उसने कहा कि आवाज उठाने के बावजूद किसी ने उनकी बात नहीं सुनी।

उन्होंने कहा, ह्यअब 10 दिन हो गए हैं और हमें फुटपाथ पर सोने और ठंड में भटकने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने हमसे हमारा घर छीन लिया है, जबकि हमारे पास संपत्ति के कानूनी कागजात हैं। हम इसे मंदिर को समर्पित करना चाहते थे और अपना धर्म बदलना चाहते थे, लेकिन हमसे सब कुछ छीन लिया गया।

अरशद ने वीडियो क्लिप में पुलिस और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी अपील की थी।

पुलिस ने बताया कि बृहस्पतिवार को अरशद को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया और उसके पिता को गिरफ्तार करने के प्रयास जारी हैं। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि परिवार आगरा से लखनऊ कब पहुंचा और इसके पीछे क्या कारण था।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रात:किरण
नई दिल्ली, शनिवार, 04 जनवरी,2025



## संक्षिप्त खबरें

### बुजुर्ग महिला के गले से सोने की चेन लूटी

नोएडा,। थाना बिसरख क्षेत्र से अज्ञात बदमाशों ने एक बुजुर्ग महिला के गले से सोने की चेन लूट ली। पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। ऋतुराज ने बीती रात थाना बिसरख में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनकी मां हिना देवी (65) गैलेक्सी डायमंड प्लाजा मॉल में घूमने गई थी। वह माल से बाहर निकलकर कार में बैठने जा रही थी, तभी अज्ञात बदमाशों ने उनके गले से सोने की चेन छीन ली। शिकायतकर्ता के अनुसार उनकी मां ने शोर मचाया लेकिन बदमाश मौके से भाग गए। इस बाबत थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### किशोरी को भगा ले जाने का आरोप

ग्रेटर नोएडा,। सेक्टर 142 थाना क्षेत्र के गढ़ी गांव से एक किशोरी के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया। किशोरी के पिता ने एक युवक पर उसे बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक गढ़ी गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने अखिलेश नाम के एक युवक पर मुकदमा दर्ज करवाया है। आरोप है कि आरोपी उसकी बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया। परिजनों ने किशोरी को इधर-उधर काफी तलाश किया, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला है। पीड़ित परिवार ने पुलिस से किशोरी को सकुशल बरामद करने की मांग की है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। किशोरी को सकुशल बरामद किया जाएगा।

### नोएडा में एक व्यक्ति ने चार लोगों के खिलाफ मारपीट कर नकदी लूटने का मामला दर्ज कराया

नोएडा,। उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले में नोएडा के सेक्टर 24 थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपनी पुत्रवधू और उसके पिता समेत चार लोगों पर मारपीट कर नकदी लूटने का आरोप लगाया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि प्रमोद राऊत नामक व्यक्ति की शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। थाना सेक्टर 24 के प्रभारी निरीक्षक श्याम बाबू शुक्ला ने बताया कि बृहस्पतिवार की रात को राऊत ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके छोटे बेटे समीर राऊत की पत्नी अर्पिता नायक ने उनकी पत्नी को गला दबाकर मारने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि शिकायत के अनुसार उनकी पुत्रवधू ने उनसे धनराशि की भी मांग की और पैसे नहीं दिये जाने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रमोद राऊत का आरोप है कि अर्पिता के परिचितों सेनापति नायक, बनमली नायक और राजू नायक ने उनके साथ मारपीट करके उससे नकदी और सोने की चेन लूट ली। उन्होंने बताया कि इन चारों लोगों के खिलाफ लूटपाट, हत्या के प्रयास समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### जन समस्याओं के समाधान का मंच बना समाधान शिविर

फरीदाबाद, । हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार डीसी विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में समाधान शिविर के माध्यम से जन सुनवाई करते हुए जरूरतमंद लोगों की सार्वजनिक व व्यक्तिगत शिकायतों का प्राथमिकता से निदान किया जा रहा है। जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर प्रतिदिन कार्य दिवस पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक लगाए जा रहे समाधान शिविर में लोगों की शिकायतों का समाधान किया जा रहा है। समाधान शिविर में शुक्रवार को एसडीएम फरीदाबाद शिखा ने नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसडीएम फरीदाबाद शिखा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविर में संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी मौके पर उपस्थित रहे ताकि शिकायतों का जल्द निपटारा किया जा सके और शिकायतकर्ताओं को समाधान होने पर जानकारी दी जाए। इनमें प्रमुख तौर पर प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, जमीन का पंजीकरण, लोकल बॉडी का नो ड्यूज सर्टिफिकेट, म्युनिसिपल कमेटी से नक्शा अनुमोदन, बिजली-सिंचाई-सार्वजनिक स्वास्थ्य, समाज कल्याण पेंशन तथा अपराध की शिकायतें और राशन कार्ड को शामिल किया गया है। इनसे संबंधित हर प्रकार की शिकायतों के समाधान के लिए समाधान शिविर में संपर्क किया जा सकता है।

# वढ में पान मसाला-सरिया बनाने वाली 80 फैक्ट्रियों पर सख्ती, शासन स्तर से होगी निगरानी, ई- वे बिल में हेरफेर का मामल

प्रात: किरण, संवाददाता



राज्य ब्यूरो, लखनऊ। कानपुर की पान मसाला फैक्ट्रियों पर सख्ती बढ़ाने के बाद अब राज्य कर विभाग इसका दायरा पूरे प्रदेश में बढ़ाने जा रहा है। राज्य कर विभाग ने पान मसाला, गुटखा, तंबाकू और सरिया जैसे संवेदनशील उत्पादों का उत्पादन करने वाली 80 फैक्ट्रियां चिह्नित की हैं। राज्य कर विभाग का मानना है कि इन फैक्ट्रियों में होने वाले उत्पादन और बिक्री के सापेक्ष बहुत कम रिटर्न दाखिल हो रहा है। ऐसे में अब राज्य कर विभाग इन फैक्ट्रियों पर सीधे निगरानी करेगा। लखनऊ स्थित मुख्यालय में एकीकृत कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। इस कंट्रोल रूम का एक्सेस न केवल राज्य कर विभाग के अधिकारियों के माध्यम से फैक्ट्रियों तक होगा। वहीं, फैक्ट्रियों के गेट पर लगे कैमरे की कमान भी विभाग खुद लेगा। पान मसाला फैक्ट्रियों पर सख्ती शुरू पिछले साल नवंबर में राज्य कर विभाग ने एक ई-वे बिल पर बार-बार संवेदनशील उत्पाद ले जाने के मामले को पकड़ने के लिए कानपुर की पान मसाला फैक्ट्रियों पर सख्ती शुरू की थी। बाडी वार्न कैमरों के साथ अधिकारियों की तैनाती की गई। हालांकि इन सबके बीच पिछले दिनों पान मसाला लदे चार ट्रकों को बिना ई-वे बिल के साथ लखनऊ की एसआइबी की टीम ने पकड़ लिया था। 80 फैक्ट्रियों को किया गया चिह्नित इस बीच उच्च स्तर पर गठित एक टीम ने विभाग के आइटी अनुभाग की रिपोर्ट के आधार पर प्रदेश की सरिया और पान मसाला, तंबाकू व गुटखा जैसे संवेदनशील श्रेणी के उत्पाद बनाने वाली 80 फैक्ट्रियों को चिह्नित किया है, जिनके ई-वे बिल और उनकी उत्पादन क्षमता में अंतर दिख रहा है। इसमें कानपुर की 14, नोएडा व आसपास के क्षेत्रों की 18, लखनऊ की आठ फैक्ट्रियां भी शामिल हैं। राज्य कर विभाग ने इनको मिलाकर सभी 80 फैक्ट्रियों के मालिकों को नोटिस भेजकर उनके यहां लगे सीसीटीवी कैमरों का एक्सेस मांगा है। फरवरी माह तक बन जाएगा कंट्रोल रूम साथ ही जिन फैक्ट्रियों के महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं, उन स्थानों को चिह्नित कर उसी जगह सीसीटीवी कैमरे लगाने को कहा गया है। ऐसा न होने की स्थिति में विभाग अपनी ओर से भी कैमरे लगाएगा। गोमतीनगर स्थित मुख्यालय में एक कंट्रोल रूम बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। माना जा रहा है कि फरवरी माह तक यह कंट्रोल रूम काम करने लगेगा। इसे भी पढ़ें- पान मसाला फैक्ट्रियों की निगरानी का दायरा बढ़ेगा, बिना ई- वे बिल के चार ट्रकों के पकड़े जाने पर लिया फैसला।

## फरीदाबाद : गौमांस तस्करी मामले में फरार दूसरा आरोपी गिरफ्तार



फरीदाबाद,। गौमांस तस्करी के मुकदमें में फरार चल रहे दूसरे आरोपी को अपराध शाखा सेक्टर-56 की टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि अपराध शाखा सेक्टर-56 की टीम बल्लबगढ़ बस स्टेण्ड एरिया में गश्त पर थी, जिनको अपने गुप्त सूत्रों से गाय का मीट बेचने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए अपराध शाखा टीम ने अज्जी कॉलोनी बल्लभगढ में मीट की दुकान से इसराईल को काबू किया। आरोपी से मौके पर 120 किलोग्राम मीट बरामद हुआ। जिस पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया था। आरोपी इसराईल ने बताया कि गाय का मीट मौहम्मद नदीम देकर जाता है। जिसकी अपराध शाखा तलाश कर रही थी। पुलिस के द्वारा लगातार आरोपी की तलाशी की जा रही थी। आरोपी नदीम को शामिल तफ्तीश कर घटनास्थल की निशानदेही कराई गई तथा नियमानुसार कार्यवाही की गई है।

# छात्र समेत दो का मोबाइल लूटा

प्रात: किरण, संवाददाता



नोएडा,। पारा गिरते ही बाइक सवार बदमाश शहर में फिर से सक्रिय हो गए हैं। एक ही थानाक्षेत्र में बदमाशों ने मोबाइल लूट की दो वारदात कर डाली। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-63 थाने की पुलिस को दी शिकायत में बलिया निवासी रविकांत तिवारी ने बताया कि वर्तमान में वह परिवार के साथ सेक्टर-12 में रहते हैं। शिकायतकर्ता का भाई शशिकांत बीते दिनों अपने दोस्त को छोड़ने घर से बाहर गया था। इसी दौरान एक बाइक पर सवार होकर तीन बदमाश आए और शशिकांत का मोबाइल छीनकर फरार हो गए। बदमाशों ने चेहरे और बाइक के नंबर प्लेट को शॉल से ढका हुआ था। पीड़ित के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे लेकिन तबतक बाइक सवार बदमाश फरार हो चुके थे। इसके अलावा अमित श्रीवास्तव के साथ भी मोबाइल लूट की वारदात सेक्टर-63 थानाक्षेत्र में ही हुई। शिकायत में फरुर्खाबाद निवासी अमित ने बताया कि बीते दिनों उनका रेलवे की परीक्षा का पेपर सेक्टर-62 स्थित एक सेंटर पर था। अमित घर से बस से चले और सेक्टर-62 गोलचक्कर पर उतर गए। जैसे ही अमित बस से उतरे पीछे से बाइक पर सवार होकर दो बदमाश आए और उनका मोबाइल छीनकर फरार हो गए। अमित वारदात के बाद बदमाशों के पीछे दौड़े पर उन्हें पकड़ नहीं सके। शिकायतकर्ता ने बदमाशों के हुलिया के बारे में पुलिस को जानकारी दी है।

## युवा शक्ति इतिहास को बदलने का रखती है सामर्थ्य : राजेश नागर

प्रात: किरण, संवाददाता




पलवल,। प्रदेश सरकार में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग राज्य मंत्री राजेश नागर ने कहा कि युवा शक्ति हैं जो देश के वर्तमान, भविष्य और इतिहास को बदलने और रचने का सामर्थ्य रखती है। चाहे खेल का मैदान हो या शिक्षा का क्षेत्र हो, हरियाणा के युवाओं ने हर जगह एक अलग मुकाम हासिल किया है। खेलों में ओलिंपिक, पेराओलिम्पिक, कॉमनवेल्थ कोई भी मैदान हो। प्रदेश के खिलाडि ने हर स्थान पर मेडल की बौछार की है। राज्य मंत्री राजेश नागर ने बतौर मुख्य अतिथि शुक्रवार को पलवल के दूधौला स्थित श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का शुभारंभ किया। युवा महोत्सव में विशिष्ठ अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार में युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता, खेल और कानून एवं विधायी राज्यमंत्री गौरव गौतम ने शिरकत की। राज्य मंत्री राजेश नागर ने संबोधित करते हुए कहा कि युवा हमारे देश के दिल की धडकन हैं और देश के सुनहरे भविष्य के ध्वजवाहक हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी भी विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने में सबसे अधिक विश्वास युवा शक्ति पर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय स्थायी रोजगार और आजीविका के अवसरों के लिए युवाओं की पूरी योग्यता और क्षमता को अनलॉक कर रहा है। यहां मौजूदा वैश्विक परिवेश में आवश्यक कौशल और व्यवहारिक अनुभव प्रदान किया जा रहा है। यह संस्थान विद्यार्थियों को रोजगार के अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप ढालने और संवारने का उत्कृष्ठ कार्य कर रहा है। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश सरकार में युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता, खेल और कानून एवं विधायी राज्यमंत्री गौरव गौतम ने पहली बार पलवल में आयोजित हो रहे राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में प्रदेश के कोने-कोने से आए युवा प्रतिभागियों का हौंसला बढ़ाते हुए कहा कि यहां आने वाले सभी प्रतिभागी अपने जिले में अपनी कला का बेहतर प्रदर्शन कर यहां पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि इस राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में श्रेष्ठ्द प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को आगामी 11-12 जनवरी को युवा दिवस पर राष्ट्द्रीय स्तर पर आयोजित युवा महोत्सव में भारत मंडप नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष अपनी कला का प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने में युवाओं की अहम भूमिका रहेगी। वहीं मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व में प्रदेश सरकार युवाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए कार्य कर रही है। इस अवसर पर डा. विवेक अग्रवाल महानिदेशक कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा, अतिरिक्त निदेशक संजीव शर्मा, अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी, एसडीएम ज्योति, एसीयूटी अंकिता व नोडल अधिकारी भगत सिंह आदि सहित भारी संख्या में युवा मौजूद रहे।

### फरीदाबाद:घर से लापता नाबालिग लडकी को पुलिस ने तलाशा

फरीदाबाद,। घर से लापता नौ वर्षीय नाबालिग लडकी को तलाश कर पुलिस चौकी सीकरी की टीम ने तलाश कर परिजनों के हवाले किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पुलिस चौकी सीकरी में 31 दिसंबर को नाबालिक लड़की के परिजनें ने एक शिकायत दी। जिसमें उन्होने अपने नाबालिक लडकी को गुम होना बताया है। जिस पर थाना सेक्टर-58 में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर नाबालिक लडकी की तलाश की जा रही थी। मामले में आगामी कार्रवाई करते हुए पुलिस चौकी सीकरी की टीम ने जगह-जगह ऑटो, गाडियों की चेकिंग शुरू की। पुलिस टीम के द्वारा काफी तलाशी के बाद वाटा झुग्गियों से चेकिंग के दौरान नाबालिक लडकी को तलाश कर लिया गया। नाबालिग लडकी के लीगल एड के ब्यान कराए गए। नाबालिक लडकी ने बताया कि उसकी किसी बात को लेकर बहन से नाराजगी थी, जिसको लेकर वह बिना बताए घर से निकल गई।

## फरीदाबाद में कंपनी कर्मचारी ही निकले मोबाइल टावर चोरी के आरोपी




प्रात: किरण, संवाददाता

फरीदाबाद,। मोबाइल टावर से चोरी के मामले में दो आरोपियो को अपराध शाखा उंचा गांव की टीम ने गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी पिछले दो वर्ष से कम्पनी में टेक्नीशियन पद पर काम कर रहे थे। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पुलिस चौकी चांदपुर में कृष्णा ने शिकायत दी जिसमें उसने बताया कि वह बतोर ओ/एम मैनेजर- डेलटॉप इंफ्रास्ट्रैक प्राईवेट लिमिटेड में तैनात है। कंपनी के मोबाइल टावर चांदपुर शहजहांपुर में लगा हुआ है। 31 दिसम्बर को टावर में प्रोबलम होने के कारण चैक किया तो टावर से आरआरयू डिवाइज गायब मिला। मकान मालिक से पता करने पर पता चला कि टावर से मनोज कुमार व प्रदूम सिंह नाम के दोनो व्यक्ति जो हमारी कंपनी में टेक्रीशियन के पद पर तैनात है। कल सुबह आये थे जो दोनो व्यक्ति क्रक्र डिवाइज को चोरी करके ले गये हैं। जिस संबंध में थाना छायंसा में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। मामले में अपराध शाखा द्वारा कार्यवाही करते हुए दोनों आरोपियों को अटाली बस स्टेंड से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियो में मनोज कुमार वासी आजमगढ़ उत्तर प्रदेश व प्रदूम सिंह वासी सुलतानपुर इटावा उत्तर प्रदेश का नाम शामिल है। आरोपी मनोज फरीदाबाद के 50 टावरों पर टेक्नीशियन है तथा आरोपी प्रदूम नोएडा के 50 टावरों पर टेक्नीशियन है। दोनों आरोपी पिछले 2 वर्ष से नौकरी कर रहे है। दोनों आरोपी दोस्त है। आरोपी मनोज को पूछताछ के बाद जेल भेजा जा रहा है तथा आरोपी प्रदूम को पुलिस रिमांड पर लेकर चोरी किए गए आरआरयू डिवाइज को बरामद किया जाएगा।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार महिला की हड्डी टूटी



प्रात: किरण, संवाददाता

नोएडा, । पंचशील इंटर कॉलेज के पास तेज रफ्तार कार के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए आगे जा रही बाइक में टक्कर मारकर महिला समेत दो लोगों को घायल कर दिया। हादसे में महिला के पैर की हड्डी टूट गई और एक निजी अस्पताल में उसका अभी भी उपचार चल रहा है। महिला के पति की शिकायत पर फेज दो थाने की पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शिकायत में हरदोई निवासी रमेश ने बताया कि वर्तमान में वह परिवार के साथ सेक्टर-93 में रह रहे हैं। बीते दिनों शिकायतकर्ता की 40 वर्षीय पत्नी अंजू उबर बाइक से काम पर जा रही थीं। सुबह साढ़े ग्यारह के बजे के करीब जब अंजू पंचशील इंटर कॉलेज के पास पहुंची तभी पीछे से तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक चला रहा युवक और अंजू छिटककर दूर गिरे। राहगीरों की मदद से गंभीर रूप से घायल अंजू और युवक को नजदीक के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक्सरे से पता चला कि हादसे में अंजू के पैर की हड्डी टूट गई है। हादसे के बाद आरोपी कार चालक घायलों को अस्पताल पहुंचाने की बजाय मौके से ही फरार हो गया। कार और आरोपी चालक की पहचान के लिए पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है।

## बल्लभगढ़ में निगम ने चलाया अतिक्रमण हटाने का अभियान

प्रात: किरण, संवाददाता




फरीदाबाद, । नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस ने शुक्रवार को बल्लभगढ़ में नेशनल हाईवे 19 और मेन बाजार बल्लभगढ़ से अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। बल्लभगढ़ में राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर बस अड्डे के सामने आदर्श सब्जी मंडी के पास रेहड़ी लगाने वालों ,ऑटो चालक और प्राइवेट बस संचालक सहित ऑटो और प्राइवेट बसों को खड़ा करके अतिक्रमण किया हुआ था। उनकी वजह से नेशनल हाईवे नंबर 19 पर ट्रैफिक जाम लगा रहता था, यहां से पैदल निकलना भी मुश्किल था। इसी तरह बल्लभगढ़ के बाजार में भी दोनों तरफ दुकानदारों ने सामान लगा करके अतिक्रमण किया हुआ था और रेडियाँ खड़ी करवा रखी थी। बाजार में भी ग्राहकों का आना जाना मुश्किल था। सडक पर अतिक्रमण होने के कारण आना जाना मुश्किल था। लोगों द्वारा लगातार इस संदर्भ में शिकायत निगम को मिल रही थी। नगर निगम बल्लभगढ़ जॉन के जॉइंट कमिश्नर करण सिंह भदोरिया ने ट्रैफिक पुलिस और थाना शहर पुलिस की मदद से अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू शुरू किया है । जॉइंट कमिश्नर ने दुकानदारों और रेहड़ी वालो से अपील की है की वे रास्तों पर अतिक्रमण न । ट्रैफिक पुलिस की डीसीपी जसलीन कौर भी इस अभियान में मौजूद रहीं , उनकी उपस्थिति में पुलिस दलबल के साथ अतिक्रमण को हटाया गया। इसके अलावा बल्लभगढ़ में लगभग आधा दर्जन मीट की दुकानें भी सील की गईं ।

## दो कारों की टक्कर में एक घायल

ग्रेटर नोएडा, । बीटा दो कोतवाली क्षेत्र में चूहड़पुर अंडरपास के समीप एक तेज रफ्तार ऑडी कार ने वैगरआर कार में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वैगरआर कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कार सवार घायल हुआ है। घायल युवक ने ऑडी कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। दिल्ली के जसोला गांव के रहने वाले पंकज तंवर ने पुलिस को बताया कि सोमवार की रात वह अपनी वैगरआर कार से नोएडा की तरफ जा रहे थे। चूहड़पुर अंडरपास के समीप एक ऑडी कार के चालक ने लापरवाही से उनकी कार में टक्कर मार दी। हादसे में उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई और वह घायल हो गए। इस दौरान आरोपी चालक कार लेकर फरार हो गया। पंकज ने बताया कि उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने इस मामले में ऑडी कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि कार चालक के बारे में पता लगाया जा रहा है। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई जाएगी।

## प्रदेश सरकार कर रही हर वर्ग का विकास : राजेश नागर

**मंत्री ने गांव के बुजुर्गों से करवाई सडक निर्माण कार्य की शुरूआत**



प्रात: किरण, संवाददाता

फरीदाबाद,। हरियाणा सरकार में खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश प्रदेश बदल रहा है। राजेश नागर ने शुक्रवार को घरौंडा से होते हुए चांदपुर, फज्जूपुर, अरुआ से छायसा तक सडक निर्माण कार्य का गांव के बुजुर्गों से नारियल फुड़वाकर उद्घाटन कराया। मंत्री राजेश नागर ने कहा कि प्रदेश सरकार ने हर क्षेत्र में प्रदेश का चहुमुखी विकास किया गया है। फरीदाबाद शहर आने वाले समय में विकास की नई दौड़ में शामिल होने जा रहा है। जिससे विकास कार्यों और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में फरीदाबाद को विश्व में अलग पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा की केंद्र सरकार और नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ने लगातार योजनाओं के माध्यम से प्रदेश की जनता को सशक्त करने का काम किया है। भाजपा सरकार के कार्यकाल में गरीब, महिला, किसान सबका उत्थान हुआ है और युवा साथियों को बिना पर्ची, बिना खर्ची युवाओं को नौकरी मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक दल है और हमारे देवतुल्य कार्यकर्ता पार्टी की शक्ति और सामर्थ्य हैं। इन्हीं सक्रिय एवं समर्पित कार्यकताओं के दम पर भाजपा ने देश और प्रदेश में तीन बार सरकार बनाई है। इस अवसर पर सरपंच ताराचंद, सरपंच सुभाष, पूर्व सरपंच देवेंद्र गोयल, मेंबर संजय अधाना, बाबू चंदीला, बीडीसी जय भगवान, पूर्व सरपंच अशोक, पूर्व सरपंच किशन चंद त्यागी, सचिन त्यागी, गौरव त्यागी, कर्मवीर शर्मा, संदीप अधाना, मंडल अध्यक्ष गिर्राज त्यागी, पार्षद अनिल पाराशर, सरपंच विक्रम प्रताप, सरपंच सूरजपाल भूरा, मंडल अध्यक्ष मोहम्मद जावेद, चेयरमैन रॉबर्ट, राव नारायण आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## कार ने स्कूटी में टक्कर मारी, दो छात्र घायल

ग्रेटर नोएडा, । बीटा दो कोतवाली क्षेत्र में रेयान गोल चक्कर के समीप एक तेज रफ्तार कार ने दो छात्रों की स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपी चालक कुछ दूर तक स्कूटी को घसीटते हुए ले गया, जबकि दोनों छात्र साइड में गिर गए। हादसे में छात्रों को चोट आई है। दोनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना के बाद आरोपी चालक गाड़ी लेकर मौके से भाग गया। पुलिस ने चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मूल रूप से झांसी के रहने वाले नंदकिशोर रैकवार ने बताया उनका बेटा मानव रैकवार अपने दोस्त गर्वित भटनागर के साथ एक सोसाइटी में रहता है। दोनों युवक एक कॉलेज से बीटेक की पढ़ाई कर रहे हैं। नंदकिशोर ने बताया कि दोनों छात्र स्कूटी पर सवार होकर एक दुकान से दूध लेने जा रहे थे। जब यह रेयान गोल चक्कर के समीप पहुंचे तो तेज रफ्तार कार ने की इनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपी कुछ दूर तक स्कूटी को घसीटते हुए ले गया। इस घटना में दोनों छात्रों को चोट आई है, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। उधर घटना के बाद आरोपी चालक गाड़ी को लेकर मौके से भाग गया। अब इस मामले में नंद किशोर की तरफ से आरोपी कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है की गाड़ी का नंबर ट्रेस कर आरोपी चालक का पता लगाया जा रहा है। आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाएगी।

## वृंदावन जा रही महिला की फरीदाबाद में ट्रेन की चपेट में आकर मौत

फरीदाबाद, । बल्लभगढ़ रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से दूसरी साइड उतरने की कीमत एक 52 वर्षीय महिला को अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। महिला की पहचान गोरखपुर निवासी 52 वर्षीय भानमती के रूप में हुई है जो गोरखपुर से चलकर अपने कुछ रिश्तेदारों के साथ वृंदावन में घूमने के लिए गई थी। लेकिन जब वह लोकल ट्रेन से बल्लभगढ़ स्टेशन पर पहुंची तो उसे ट्रेन से उतरने का रास्ता नहीं मिला गेट पर काफी भीड़ थी। सामान रखा हुआ था। उसके कुछ साथ वाले तो स्टेशन पर उतर गए, लेकिन भानुमति रेलवे पटरी की तरफ उतरी। दूसरी तरफ से अचानक से जेहलम एक्सप्रेस आ गई, जिसकी चपेट में भानमती आ गई और भानमती की ट्रेन की चपेट में आने से दर्द मौत हो गई। घटना बीते गुरुवार शाम की है। शुक्रवार को मृतका के शव का बादशाह खान सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम करा कर शव उसके परिजनों को सौंप दिया गया है। भतीजे नगीना मदोशीय ने बताया कि यदि उनकी मौसी को निकालने की जगह मिल जाती और वह प्लेटफार्म पर उतरती तो शायद उनकी मौसी के साथ यह हादसा न होता।

## आवासीय भूखंड योजना के दस आवेदकों की मुश्किलें बढ़ी

ग्रेटर नोएडा। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) की 361 आवासीय भूखंड योजना में आरक्षण का लाभ पाने के लिए बैक डेट में व्यावसायिक संपत्ति का फर्जी कंपलीशन बनवाने वाले दस आवेदकों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। इन आवेदकों को हाईकोर्ट से भी राहत नहीं मिली है। हाईकोर्ट ने प्राधिकरण को ही उनके भूखंड आवंटन पर निर्णय लेने के लिए फैसला सुनाया है। ऐसे में माना जा रहा है कि उनकी मुश्किलें बढ़नी तय हैं। बता दें कि प्राधिकरण ने जुलाई में 361 आवासीय भूखंडों की योजना निकाली थी। योजना में दो लाख से अधिक लोगों ने आवेदन किया था। इनमें दस भूखंडों पर व्यावसायिक आरक्षण का लाभ मिलना था। इस श्रेणी में दस आवेदकों ने अलग-अलग सेक्टर में आवंटित किए कियोस्क (व्यावसायिक श्रेणी) का पूर्णता प्रमाण पत्र (कंपलीशन) मई से लेकर जुलाई महीने की अलग-अलग तारीख में जारी कर दिया, जबकि मौके पर कोई निर्माण नहीं हुआ था। मामले का खुलासा होने के बाद इन सभी 10 कियोस्क आवंटियों का पूर्णता प्रमाण पत्र अवैध करार करा दिया गया। साथ ही इन्हें आवासीय भूखंड में आरक्षण के लिए अयोग्य भी कर दिया गया था। योजना के तहत 10 अक्तूबर ड्रा 350 भूखंडों पर ड्रा किया गया। प्राधिकरण के खिलाफ आवेदकों ने हाईकोर्ट में चुनौती थी, लेकिन हाईकोर्ट से उन्हें झटका मिल गया है। कोर्ट ने प्राधिकरण को ही इस मामले पर निर्णय लेने का अधिकार दिया है।

# रेमो डिसूजा के दिलों को छू गया वैभव और परी का एक्ट

प्रात: किरण,/ एजेसी



मुंबई। बॉलीवुड के जानेमाने कोरियोग्राफर-निर्देशक रेमो डिसूजा के दिलों को वैभव और परी का एक्ट छू गया। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का इंडियाज बेस्ट डांसर बनाम सुपर डांसरः चैंपियंस का टशन, दर्शकों को रोमांचक डांस चुनौतियों, नाटकीय नोकझोंक और भावनात्मक प्रदर्शनों का एक और सप्ताह लेकर आएगा। टीम की मालिक मलाइका अरोड़ा इंडियाज बेस्ट डांसर का प्रतिनिधित्व करती हैं, जबकि गीता कपूर सुपर डांसर के प्रतिभाशाली कलाकारों का नेतृत्व करती हैं। दिग्गज रेमो डिसूजा निर्णायक मंडल का नेतृत्व करते हैं, जो कड़ी प्रतिस्पर्धा में निष्पक्षता सुनिश्चित करते हैं। इस सप्ताह, अभिनेता और हास्य अभिनेता संकेत भोसले नए साल के विशेष एपिसोड में अपनी खास बुद्धि और चुटकुलों को शामिल करेंगे, क्योंकि वह संजय दत्त और रणबीर कपूर जैसे बॉलीवुड आइकन की नकल करते हैं, और ह्वबक बक अवॉर्डह्व और ह्वगिरा हुआ अवॉर्डह्व जैसे अनोखे पुरस्कार प्रदान करते हैं, जिससे सभी हंसते-हंसते लोटपोट हो जाते हैं। चुनौतियों की शुरूआत जश्न पे टशन से हुई, जहां दोनों टीमों ने जश्न-ए-इश्का और अपना टाइम आएगा जैसे गानों पर शानदार ग्रुप परफॉर्मेंस दी। इसके बाद मलाइका अरोड़ा ने कहा, हर कोई अपना सर्वश्रेष्ठ दे रहा है, और साथ मिलकर, यह डांस की एक खूबसूरत दुनिया बना रहा है। टीम इंडियाज बेस्ट डांसर, मुझे आपका मालिक होने पर गर्व है ह्व दूसरी चुनौती, जिसका नाम अभी मजा आएगा ना भिडू था, में टीम सुपर डांसर के प्रतिभाशाली तुषार और अर्शिया ने इंडियाज बेस्ट डांसर के समर्पण और स्टीव के खिलाफ मुकाबला किया, और जज रेमो उनके अभिनय के बीच उलझे हुए थे, क्योंकि डांस के मामले में दोनों टीमें बराबर थीं। तीसरी चुनौती, देसी तड़का, एक शानदार पल होगा, जिसमें अनुराधा और तेजस ने सौम्या और अकिना का मुकाबला किया। इस अभिनय में तेजस की आँखों पर पट्टी बंधी हुई थी और उसने अपने साहसी स्टंट से सभी को चौंका दिया, जिसमें मंच से योजनाबद्ध तरीके से गिरना भी शामिल था। मैं ठहरा रहा जमीन चलने लगी चैलेंज में रूपसा और देबपर्ना ने एक चलते हुए फ़्लोर पर परफॉर्म किया, जिसमें रेमो और गीता के बीच तब तीखी नोकझोंक हुई। जब रेमो ने रूपसा के एक्ट को अतिरिक्त सहायता की आवश्यकता पर टिप्पणी की, जिससे परफॉर्मेंस निष्पक्षता के बारे में तीखी नोकझोंक हुई। तुरुप का इक्का चैलेंज में, फ्लोरिना और परी ने विवेक और शिवांशु के साथ मुकाबला किया और जज रेमो ने दोनों टीमों की अवधारणाओं की प्रशंसा की। इसके बाद क्लैश ऑफ टाइटन्स चैलेंज के दौरान वैभव और परी का दिल को छू लेने वाला पिता-पुत्री का अभिनय शाम का एक भावनात्मक आकर्षण था। अपनी बेटी के लिए समय निकालने के लिए एक पिता के संघर्ष का उनका चित्रण रेमो के दिल को छू गया, जो कहानी से संबंधित थे और एक पिता के रूप में अपने अनुभव साझा करते हुए, लोगों से आग्रह करते थे कि मैं चाहता हूँ कि यह एक्ट सारे बच्चे, सारे माता-पिता देखें.. और सीखें इस एक्ट से। रात का अंत अल्टीमेट टशन राउंड के साथ हुआ, जिसमें सुपर डांसर के संचित और इंडियाज बेस्ट डांसर के समर्पण के बीच इश्कजादे और दिल से रे जैसे गानों पर जोरदार मुकाबला हुआ। दोनों प्रतियोगियों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिससे जज और दर्शक

## पॉवर ऑफ पांच 17 जनवरी से डिज्नी+ हॉटस्टार पर विशेष रूप से स्ट्रीम होगी

मुंबई, ।एकता आर कपूर निर्मित, पॉवर ऑफ पांच 17 जनवरी से डिज्नी+ हॉटस्टार पर विशेष रूप से स्ट्रीम होगी। ड्रामा सीरीज पॉवर ऑफ पांच युवा दोस्ती की एक मनोरंजक कहानी का वादा करती है ।यह शो 17 जनवरी से प्रीमियर होने वाला है। एकता आर कपूर (बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड) निर्मित, पावर ऑफ पांच में रीवा अरोड़ा, आदित्य राज अरोड़ा, जयवीर जुनेजा, बियांका अरोड़ा, यश सहगल, उर्वशी ढोलकिया, बरखा बिष्ट, तन्वी गडकरी, अनुभा अरोड़ा, उमर कंधारी, सागर ढोलकिया, भानुज सूद सहित अन्य कलाकार शामिल हैं। यह सीरीज 17 जनवरी से केवल डिज्नी+हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। शो की निमार्ता एकता आर कपूर ने कहा, मैं ऐसी सामग्री बनाने में विश्वास करती हूँ जो सभी आयु समूहों और पृष्ठभूमि के लोगों को पसंद आए। ओटीटी प्लेटफॉर्म की खूबसूरती यह है कि वे विभिन्न क्षेत्रों के दर्शकों तक पहुँचने में सक्षम हैं, जिससे कहानी सुनाना और भी रोमांचक हो जाता है। पॉवर ऑफ पाँच एक ऐसा शो है जो इस दृष्टिकोण को दशार्ता है, जिसमें ऐसे तत्व पेश किए गए हैं जिनका दर्शक निश्चित रूप से आनंद लेंगे। इस सीरीज का निर्माण करना एक रोमांचक अनुभव रहा है। मानवीय संबंधों के साथ मौलिक शक्तियों को मिलाने की अवधारणा सार्वभौमिक रूप से संबंधित और ताजगी से भरपूर लगती है।

## मैडॉक फिल्म्स ने अपनी आठ फिल्मों की रिलीज डेट का एलान किया

मुंबई,। निमार्ता दिनेश विजान की कंपनी मैडॉक फिल्म्स ने अपनी अपनी आने वाली आठ फिल्मों की रिलीज डेट का एलान कर दिया है। लिस्ट के अनुसार, थामा (दिवाली), शक्ति शालिनी (31 दिसंबर, 2025), भेड़िया 2 (14 अगस्त, 2026) चामुंडा (4 दिसंबर, 2026), स्त्री 3 (13 अगस्त, 2027), महा मुंज्या (24 दिसंबर, 2027), पहला महायुद्ध (11 अगस्त, 2028) और दूसरा महायुद्ध (दिवाली, 18 अक्टूबर, 2028) पर रिलीज होगी। मैडॉक फिल्म्स ने इंस्टाग्राम पर अपडेट शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा , दिनेश विजान ने #मैडॉक कॉमेडीयूनिवर्स की शैली को परिभाषित करने वाली 8 ड्रामा फिल्में प्रस्तुत की हैं, जो आपको हंसी, डरावने, रोमांच और चीखों की एक जंगली सफर पर ले जाएगा!

## सोनू सूद की फिल्म फतेह का गाना हीर रिलीज

मुंबई, ।बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद की आने वाली फिल्म फतेह का गाना हीर रिलीज हो गया है। सोनू सूद और जैकलीन फर्नांडीज पर फिल्माया गया गाना हीर दो प्रेमियों की मार्मिक कहानी को दशार्ता है जो अपने बीच की दूरी को पार करते हैं। इस गाने को विशाल मिश्रा और असीस कौर ने भावपूर्ण ढंग से गाया है। विशाल मिश्रा ने कहा, हीर कोई आम प्रेम गीत नहीं है। इसकी धुन, बोल और हर बीट में चाहत का सार समाहित है। असीस की आवाज ने इसमें एक बेमिसाल खूबसूरती जोड़ दी है। मुझे उम्मीद है कि यह गाना सीमाओं से परे जाकर हर दिल को छूएगा। असीस कौर ने कहा, इस जादुई गाने पर विशाल और शब्बीर अहमद के साथ काम करना बहुत खास था। यह गाना प्यार और चाहत की भावनाओं को दशार्ता है और मेरा मानना है कि हमने कुछ जादुई बनाया है। हीर हमारे दिल के बहुत करीब है और हमें उम्मीद है कि इसे वह सारा प्यार मिलेगा जिसकी यह हकदार है। शब्बीर अहमद रचित, शब्बीर अहमद और अजय पाल शर्मा के लिखे गए बोल और शब्बीर अहमद निर्मित संगीत के साथ, हीर दिल को छू लेने वाली कविता और मनमोहक धुन का एक बेहतरीन मिश्रण है। शक्ति सागर प्रोडक्शंस की सोनाली सूद और जी स्टूडियो के उमेश केआर बंसल निर्मित, सह-निमार्ता अजय धामा के साथ, फतेह एक मनोरंजक एक्शन फि ल्म है। यह फिल्म साइबर अपराध के खिलाफ लड़ाई पर आधारित है। फि ल्म फतेह 10 जनवरी को रिलीज होने वाली है।

## गोल्डन स्टार गणेश की फिल्म पिनाका का टाइटल टीजर रिलीज

मुंबई, । गोल्डन स्टार गणेश की आगामी फि ल्म, पिनाका का बहुप्रतीक्षित टीजर रिलीज हो गया है। टीजर में एक ऐसा विजुअल ट्रीट दिया गया है, जिसने फैंस और दर्शकों को आश्चर्य में डाल दिया है। टीजी विश्व प्रसाद और कृति प्रसाद के विशेषज्ञ प्रोडक्शन के तहत, गोल्डन स्टार गणेश ने क्षुद्र और रुद्र के रूप में एक हैरतअंगेज नया अवतार लिया है, जिसमें उन्होंने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है और एक नए क्षेत्र में कदम रखा है। बी. धनंजय निर्देशित और पीपल मीडिया फैक्ट्री (पीएमएफ) समर्थित, यह ऐतिहासिक 49वां प्रोजेक्ट (पीएमएफ49) कन्नड़ सिनेमा को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार है। टीजर में काले जादू के तत्वों से भरपूर एक भव्य पीरियोडिक ड्रामा पेश किया गया है, जो एक मनोरंजक कहानी और कन्नड़ सिनेमा में पहले कभी न देखी गई एक विजुअल स्पेक्टेकल का वादा करता है। शानदार वीएफएक्स और कटिंग एज विजुअल के साथ, पिनाका एक रोमांचक नई दुनिया का निर्माण करती है और क्षुद्र के रैम्पेज पोस्टर द्वारा उत्पन्न चर्चा को आगे बढ़ाती है। विभिन्न इंडस्ट्रीज में ब्लॉकबस्टर देने के लिए जानी जाने वाली, पीपल मीडिया फैक्ट्री हाई क्वालिटी स्टोरीटेलिंग और वर्ल्ड क्लास प्रोडक्शन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के साथ नए बेंचमार्क स्थापित कर रही है। यह प्रोजेक्ट कन्नड़ सिनेमा को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के उनके नजरिए का प्रमाण है। गोल्डन स्टार गणेश के लिए, यह फिल्म उनके शानदार करियर में एक महत्वपूर्ण मोड़ है, जो उन्हें चुनौतीपूर्ण भूमिकाएँ निभाने में सक्षम एक बहुमुखी अभिनेता के रूप में स्थापित करती है। टीजर ने पहले ही बहुत चर्चा बटोरी है और यह सिनेमाई यात्रा अविस्मरणीय होने का वादा करती है। दंग रह गए। इंडियाज बेस्ट डांसर बनाम सुपर डांसरः चैंपियंस का टशन सिर्फ.सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर हर वीकेंड शाम सात बजे प्रसारित होता है।

## फिल्म सास बहू की महाभारत की शूटिंग शुरू

मुंबई, ।वर्ल्ड वाइड प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही फिल्म सास बहू की महाभारत की शूटिंग शुरू हो गई है। फिल्म सास बहू की महाभारत के निमार्ता प्रदीप सिंह हैं। इस फिल्म का निर्देशन अजय कुमार झा कर रहे हैं। इस फिल्म में मुख्य भूमिका में विक्रांत सिंह राजपूत,जय यादवऔर संचिता बनर्जी हैं। इनके अलावा फिल्म में शालू सिंह भी प्रमुख किरदार में नजर आने वाली हैं। वहीं, अन्य कलाकारों में जे नीलम, संजय पांडेय, जय यादव, कंचन मिश्रा हैं। प्रदीप सिंह ने कहा, यह फिल्म हर वर्ग के दर्शकों को पसंद आएगी क्योंकि इसमें न केवल मनोरंजन है, बल्कि समाज को एक महत्वपूर्ण संदेश भी दिया गया है। हमारी कोशिश है कि सास बहू की महाभारत के माध्यम से पारिवारिक रिश्तों और उनके बीच के भावनात्मक उतार-चढ़ाव को दर्शकों के सामने एक नई दृष्टि से प्रस्तुत किया जाए। यह फिल्म न केवल मनोरंजन करेगी,बल्कि एक महत्वपूर्ण सामाजिक संदेश भी देगी। हमारी पूरी टीम इस प्रोजेक्ट को लेकर बेहद उत्साहित है और हम इसे भोजपुरी सिनेमा में एक नई पहचान दिलाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। अजय कुमार झा ने बताया कि फिल्म की कहानी बिल्कुल नई और दिलचस्प है, जो दर्शकों को अपनी ओर खींचने में सक्षम होगी। विक्रांत सिंह राजपूत और संचिता बनर्जी ने भी अपने किरदारों को लेकर उत्साह व्यक्त किया। विक्रांत ने कहा, यह फिल्म मेरे लिए एक खास अनुभव है, और मुझे उम्मीद है कि दर्शकों को यह बेहद पसंद आएगी। संचिता बनर्जी ने इसे अपने करियर की एक महत्वपूर्ण फिल्म बताया है।

## मां की जयंती पर भावुक हुईं हेमा मालिनी, लिखा जो हूं आपकी वजह से, धन्यवाद अम्मा

प्रात: किरण,/ एजेसी



मुंबई,। हिंदी फिल्मों की दिग्गज अभिनेत्री और सांसद हेमा मालिनी ने अपनी मां जया लक्ष्मी को उनकी जयंती पर याद किया। एक प्यारा सा नोट सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर लिख थैंक्यू कहा। भावुक नोट में, हेमा ने उस महिला के प्रति प्यार और आभार व्यक्त किया, जिसने उनकी शख्सियत को निखारा और संवारा। शोल अभिनेत्री ने अपनी मां के साथ गुजारे अनमोल पल को दशार्ती तस्वीर साझा कर लिखा, यह साल का वह दिन है जो मेरे दिल के सबसे करीब है !ह्व हेमा ने आगे कहा,मेरी प्यारी मां का जन्मदिन, जिसे मैं कभी भी मनाना भूलती नहीं हूं, जो कुछ भी मां ने मेरे लिए किया उसके लिए मैं उनकी शुक्रगुजार हूं। उनका अद्भुत व्यक्तित्व और इंडस्ट्री में और उससे परे, सभी से मिलने-जुलने में उन्होंने जो तालमेल बनाया, उसने मेरे करियर को आकार दिया और मुझे वह बनाया जो मैं हूं। धन्यवाद, अम्मा। मैं आपसे बहुत प्यार करती हूं। हेमा की इस भावपूर्ण पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए उनकी बेटी और अभिनेत्री ईशा देओल ने कमेंट सेक्शन में दिल और हाथ जोड़ने वाली इमोजी शेयर की। हेमा की मां जया चक्रवर्ती एक प्रसिद्ध निमार्ता और कॉस्ट्यूम डिजाइनर थीं। पिछले साल भी अभिनेत्री ने अपनी मां के जन्मदिन पर एक खूबसूरत नोट भी लिखा था। हेमा ने लिखा,आज का दिन मेरे लिए बहुत खास है ! यह मेरी प्यारी मां का जन्म दिन है - एक ऐसा दिन जिसे मैं हर साल मनाती हूं, जब से उन्होंने मुझे छोड़ा है। मैं इस दिन बहुत आत्मचिंतन करती हूं, याद करती हूं कि उन्होंने मेरे जीवन और करियर में कितना योगदान दिया है, और मैं आज जो कुछ भी हूं, उसका श्रेय उन्हें ही देती हूं। धन्यवाद अम्मा। हिंदी सिने जगत में ड्रीम गर्ल नाम से मशहूर हेमा ने 1963 में तमिल फिल्म इधु साथियाम से अभिनय की शुरूआत की और बाद में 1968 की फिल्म सपनों का सौदागर से हिंदी सिनेमा में कदम रखा। 2020 की फिल्म शिमला मिर्ची में राजकुमार राव और रकुल प्रीत सिंह के साथ भी नजर आई थीं।

## बिग बी ने चार महान हस्तियों को दी श्रद्धांजलि, तस्वीर बनाने वाले की तारीफ में लिखे शब्द अनमोल

प्रात: किरण,/ एजेसी




मुंबई। सदी के महानायक और बॉलीवुड एक्टर अमिताभ बच्चन ने देश की चार महान हस्तियों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर मनमोहन सिंह, रतन टाटा, जाकिर हुसैन और श्याम बेनेगल से जुड़ा एक पोस्ट साझा किया। जिसमें भारत की धर्मनिरपेक्ष छवि को दशार्या गया। इसको खूबसूरत कैप्शन दिया जिसकी इसे बनाने वाले आर्टिस्ट ने भी सराहना की। एक्टर अमिताभ बच्चन ने कलाकार सतीश आचार्य द्वारा बनाए गए आर्ट को इंस्टाग्राम पेज पर जगह दी। पोस्ट में बच्चन ने लिखा,तस्वीर सब कुछ बयां कर देती है। दरअसल, इस कार्टून में चारों हस्तियों को दिखाया गया है। जाकिर हुसैन तबला बजा रहे हैं तो श्याम बेनेगल को कैमरे के साथ काम करते दिखाया गया है। इसके अलावा रतन टाटा कुत्तों को खाना खिलाते हुए दिख रहे हैं, जबकि पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह देश की बेहतरी के लिए अपना काम करते दिख रहे हैं। इस कार्टून के कैप्शन में लिखा है,2024 में एक पारसी, एक मुस्लिम, एक सिख और एक हिंदू का निधन हो गया। पूरा देश शोक में डूब गया। हम उन्हें सिर्फ एक भारतीय के रूप में याद करते हैं। उनकी इस पोस्ट पर कार्टूनिस्ट सतीश आचार्य ने खुशी जताई। अपने अकाउंट पर तस्वीर साझा कर बिग बी का धन्यवाद जताया। लिखा मुझे खुशी है कि आपने तस्वीर का ये चेहरा भी देखा! पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का 26 दिसंबर 2024 को दिल्ली में 92 साल की उम्र में निधन हो गया था। इससे पहले 23 दिसंबर को फिल्म निमार्ता श्याम बेनेगल का 90 साल की उम्र में निधन हो गया था। इसके अलावा, उसी साल 10 अक्टूबर को टाटा समूह के पूर्व अध्यक्ष रतन टाटा का 86 वर्ष की उम्र में निधन हुआ था। तबला वादक जाकिर हुसैन ने 73 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कहा। अमिताभ बच्चन हाल ही में वेट्टैयन में नजर आए थे, जिसमें उनके साथ रजनीकांत, फहद फासिल और राणा दग्गुबाती भी अहम भूमिकाओं में थे।

## तृप्ति अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड संग गई रोमांटिक वेकेशन पर



मुंबई,। अपने रिलेशनशिप को लेकर बालीवुड एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी सुर्खियों में हैं। एक्ट्रेस अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड सैम मर्चेंट के साथ रोमांटिक वेकेशन पर गई हुई हैं। एक्ट्रेस तृप्ति ने अपने वेकेशन की कई फोटोज और वीडियोज सोशल मीडिया पर शेयर किए हैं। तृप्ति के साथ इन फोटोज में एक शख्स नजर आ रहा है। जिसको देखकर सोशल मीडिया यूजर्स कयास लगा रहे हैं कि फोटो में दिख रहा शख्स एक्ट्रेस के बॉयफ्रेंड सैम मर्चेंट हैं। तृप्ति डिमरी फिनलैंड में छुट्टियां मना रही हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर फोटोज और वीडियोज शेयर करते हुए लिखा- ह्वआज का दिन मेरी जिंदगी के सबसे हैप्पी चैप्टर में से एक है ह्व एक्ट्रेस के वीडियो में एक शख्स लकड़ियों से आग जलाते दिख रहा है। एक्ट्रेस रेड कलर के आउटफिट और कैप पहने बर्फ से खेलते दिखाई दे रही हैं। तृप्ति के इस वीडियो को सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया जा रहा है। तृप्ति और सैम कई बार अपने रिलेशनशिप को लेकर चर्चा में आए हैं। सैम एक मॉडल हैं, उन्होंने साल 2002 में ग्लैडरैग्स मैनहंट कॉन्टेस्ट का खिताब जीता था। एक मॉडल होने के साथ-साथ सैम बिजनेसमैन भी हैं। सैम गोवा स्थित कैसावार्टर्स और एव्योरे गोवा फर्म्स के मालिक हैं। वहीं, साल 2023 में एक्ट्रेस फिल्म एनीमल में नजर आई थीं। फिल्म एनिमल में तृप्ति ने बहुत ही छोटा रोल निभाया था। इसके बावजूद उन्हें इस फिल्म से काफी पॉपुलैरिटी मिली थी। एनिमल में एक्ट्रेस और रणबीर के बीच कुछ इंटीमेट सीन्स भी दिखाए गए थे। उन्होंने साल 2017 में कॉमेडी फिल्म पोस्टर बॉयज से अपने एक्टिंग करियर की शुरूआत की थी। वो आखिरी बार भूल भुलैया 3 में दिखाई दी थीं। यह फिल्म 1 नवंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।

## अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 द रूल की बॉक्स ऑफिस पर धूम, वर्ल्डवाइड ग्रॉस 1799 करोड़ रुपये की कमाई की

प्रात: किरण,/ एजेसी




मुंबई,। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म ह्वपुष्पा 2 द रूलह्व ने वर्ल्डवाइड ग्रॉस 1799 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। अल्लू अर्जुन की फिल्म ह्वपुष्पा 2 द रूलह्व ने सिनेमाघरों में अपने चार हफ्ते पूरे कर लिए हैं, बावजूद इसके फिल्म की रफ्तार नहीं थमी है। इसके साथ ही पुष्पा 2 लगातार बॉक्स ऑफिस पर अन्य बड़ी फिल्मों को पछाड़ते हुए रोज दमदार कमाई कर रही है, साथ ही नए रिकॉर्ड भी बना रही है। ह्वपुष्पा 2 द रूलह्व घरेलू बॉक्स ऑफिस के साथ दुनियाभर में रिकॉर्डतोड़ कमाई कर रही है। सुकुमार के निर्देशन में बनी पुष्पा 2 इसी साल 05 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह फिल्म हिंदी, तेलुगु, तमिल, मलयालम और कन्नड़ में काफी धांसू कमाई कर रही है। अल्लू अर्जुन की फिल्म ह्वपुष्पा 2ह्व ने वर्ल्डवाइड ग्रास 1799 करोड़ रुपये की कमाई करके धमाल मचा दिया है। माइथ्री मूवी मेकर्स ने सोशल मीडिया पर लिखा, #पुष्पा 2 द रूल अपने रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन के साथ भारतीय बॉक्स ऑफिस पर राज कर रहा है। वाइल्डफायर ब्लॉकबस्टर ने चार सप्ताह में दुनिया भर में 1799 करोड़ की कमाई की। अभी अपने टिकट बुक करें! पुष्पाः द राइज के सीक्वल पुष्पा 2ः द रूल में अल्लू अर्जुन पुष्पा राज की भूमिका में और रश्मिका मंदाना श्रीवल्ली की भूमिका में वापस आ गयी हैं। इस फिल्म में फहाद फासिल की भी अहम भूमिका है। इस फिल्म का निर्माण माइथ्री मूवी मेकर्स और सुकुमार राइटिंग्स ने किया है।

## हिस्टोरिकल किरदार निभाना बहुत पसंद है मुझे : फैजल खान

मुंबई,। टीवी धारावाहिकों में ऐतिहासिक किरदारों को रोल निभाने वाले फैजल खान छत्रपति शिवाजी महाराज का रोल निभाने की ख्वाहिश रखते हैं। मीडिया से चर्चा में फैजल ने कहा कि शिवाजी महाराज का किरदार उनके लिए बहुत खास है। इसे निभाना उनके लिए गर्व की बात होगी। फैजल की मानें तो उन्हें हमेशा से ऐतिहासिक किरदार करना अच्छा लगता है। उन्होंने कहा, मुझे हिस्टोरिकल किरदार निभाना बहुत पसंद है। मैंने महाराणा प्रताप और चंद्रगुप्त जैसे रोल किए हैं। मुझे लगता है कि मैं ऐसे शोज को अच्छे से समझ सकता हूं। शिवाजी महाराज का किरदार मेरे लिए बहुत खास होगा। उनकी बहादुरी और दूरदर्शिता आज भी हमें प्रेरणा देती है। अगर मुझे ये मौका मिला, तो मैं इसे पूरे दिल से करूंगा। ये सिर्फ एक रोल नहीं होगा, बल्कि मेरे लिए गर्व की बात होगी। शिवाजी महाराज की कहानी हर भारतीय के दिल में है। उनके जैसी सोच को समझना और उसे स्क्रीन पर दिखाना मेरे लिए एक चैलेंज और सम्मान दोनों होगा। फैजल ने कहा, शिवाजी महाराज जैसा किरदार मेरे करियर का सबसे बड़ा सपना है। उनकी कहानियां आज भी हमें सिखाती हैं कि मुश्किल वक्त में भी साहस और समझदारी से काम लेना चाहिए। अगर मुझे ये मौका मिला, तो मैं इसे पूरी मेहनत और ईमानदारी से करूंगा। उन्होंने आगे कहा, यह मेरा सबसे बड़ा और सच में ख्वाब है। बहुत पहले से मैं इस रोल को करना चाहता हूं। पृथ्वीराज चौहान भी अच्छा किरदार था, लेकिन शिवाजी महाराज का रोल मेरे दिल के बहुत करीब है। मैं महाराष्ट्र से हूं, इसलिए मुझे इस किरदार से खास जुड़ाव है। शिवाजी महाराज का किरदार निभाना न सिर्फ मेरे लिए बल्कि हर एक्टर के लिए गर्व की बात होगी। मैं उम्मीद करता हूं कि एक दिन ये सपना सच होगा।

## जुनैद खान-खुशी कपूर की जोड़ी के साथ लवयापा का टाइटल ट्रैक रिलीज

मुंबई,। जुनैद खान-खुशी कपूर की जोड़ी की आने वाली फिल्म लवयापा का टाइटल ट्रैक रिलीज हो गया है। फैंटम स्टूडियोज और एजीएस एंटरटेनमेंट निर्मित प्रोड्यूस और अद्वैत चंदन निर्देशित फिल्म लवयापा ने अपनी घोषणा के बाद से ही लोगों में काफी एक्साइटमेंट बढ़ा दी है। यह फिल्म जुनैद खान और खुशी कपूर की पहली थिएटर रिलीज है। यह पहली बार है जब जुनैद रोमांटिक कॉमेडी में नजर आएंगे। लवयापा एक हल्की-फुल्की और मजेदार कहानी के साथ दर्शकों को कुछ नया दिखाने का वादा करती है। ऐसे में, अब मेकर्स ने फिल्म का टाइटल ट्रैक रिलीज कर दिया है।

## अभिजीत भट्टाचार्य ने मानसी की शादी में प्रस्तुति देने का वादा किया

प्रात: किरण,/ एजेसी



मुंबई,। बॉलीवुड के जानेमाने पार्श्वगायक अभिजीत भट्टाचार्य ने इंडियन आइडल के मंच पर प्रतिभागी मानसी की शादी में प्रस्तुति देने का वादा किया। इस वीकेंड सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर सिंगिंग रियलिटी शो इंडियन आइडल सीजन 15 एक विशेष उत्सव के साथ नए साल का स्वागत करेगा, जिसमें संगीत उद्योग की दिग्गज हस्तियां शामिल होंगी। इनमें ललित पंडित, अभिजीत भट्टाचार्य, साधना सरगम, साथ ही अभिजीत भट्टाचार्य की पी सुमति भट्टाचार्य और सदाबहार अभिनेत्री प्रीति झंगियानी शामिल हैं। इस एपिसोड में ऑल टाइम ग्रेट लव सॉन्ग्स की प्रस्तुति दी जाएगी। प्रतियोगी रोमांटिक माहौल बनाएंगे और जज श्रेया घोषाल और विशाल ददलानी के साथ महान प्रेम गीतों की प्रस्तुति देंगे। आइडल का डोका फोडू के कलाकार चैतन्य के ओले ओले गीत के गायन से प्रभावित अभिजीत भट्टाचार्य ने उन्हें खड़े होकर तालियां बजाकर सम्मानित किया और एक यादगार किस्सा साझा करते हुए कहा, इस फिल्म का नाम ये दिल्लगी है और मैं इसका टाइटल गीत गाने गया था। उदित, लता और मैं हम तीनों ने यह गीत गाया। उदित जी और मैं रिकॉर्डिंग के लिए गए। आदि और यश जी वहां थे। तब दिलीप सेन ने मुझसे कहा, अभिजीत, जाओ और एक और गीत डब करो। मुझे नहीं पता कि उन्होंने मुझे ऐसा क्यों करने को कहा, लेकिन इस गीत के साथ चुनौती वही थी जिसका सामना आपने किया था। इसे एक ही सांस में गाया जाना चाहिए, अन्यथा इसकी सुंदरता खो जाएगी। एक गाना हमेशा म्यूजिक डायरेक्टर का होता है, स्टार का नहीं। इंडियन आइडल की क्रेजी गर्ल मानसी, अभिजीत भट्टाचार्य से उनकी राय पूछती है, एक वीडियो का हवाला देते हुए जिसमें उन्होंने गायकों के खिलाफ बात की थी, जो सार्वजनिक मनोरंजन के लिए गाते हैं। अभिजीत ने मजाकिया अंदाज में जवाब दिया, आप सब मुझे कितना डांटेंगे? सच बताऊं, मैंने अपनी शादी में गाना नहीं गाया क्योंकि माहौल सही नहीं था। और उस निराशा के पल में कि मैं अपनी शादी में नहीं गा रहा था, मेरे ससुर ने मुझे सूट सिलने के पैसे नहीं दिए! शादियों में भावपूर्ण गीत होने चाहिए, लेकिन मैं आपकी शादी में बैंड के साथ जरूर गाऊंगा।मैं, ललित, विशाल और श्रेया गाएंगे। आइडल की स्टार कलाकार स्नेहा के बाहों में चले आओ गाने पर परफॉर्म करने पर अभिजीत दा कहते हैं, सिर्फ किस्मत वालों को ही संगीत विरासत में मिलता है और इस मामले में आप उनके लिए भाई-भतीजावाद शब्द का इस्तेमाल नहीं कर सकते। अभिजीत आइडल की लूप वाली आवाज बिस्वरूप की भी तारीफ करते हैं, जिन्होंने अपना खुद का गाना मैं कोई ऐसा गीत गाया और कहा, गाना खत्म होने से पहले ही मैं खड़ा था। मैं इसे खुले दिल से सुन रहा था। पहली बार किसी ने इस गाने के साथ न्याय किया है। इंडियन आइडल 15 का यह एपिसोड इस सप्ताहांत रात 8:30 बजे केवल सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### रुपया तीन पैसे की गिरावट के साथ 85.78 डॉलर पर

मुंबई, । रुपया शुक्रवार को शुरूआती कारोबार में तीन पैसे की गिरावट के साथ 85.78 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी बाजार में अमेरिकी डॉलर की मजबूती और घरेलू शेयर बाजार में नरम रुख का असर घरेलू मुद्रा पर पड़ा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी डॉलर 2024 में अधिकतर मुद्राओं के मुकाबले मजबूत रहा और इस वर्ष भी वह मजबूत स्थिति में बना रहेगा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.77 पर खुला। फिर फिसलकर 85.78 प्रति डॉलर पर आ गया, जो पिछले बंद भाव से तीन पैसे की गिरावट दशार्ता है। रुपया गुरुवार को 11 पैसे कमजोर होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.75 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.19 प्रतिशत की गिरावट के साथ 109.19 पर रहा।

### उत्तरी मुंबई में 2025 में प्रमुख बुनियादी ढांचे, झुग्गी पुनर्विकास योजनाओं पर दिया जाएगा जोर : गोयल

नई दिल्ली, । केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि उनके लोकसभा क्षेत्र के शहरी परिदृश्य को महत्वपूर्ण रूप से बदलने के लिए इस साल कई महत्वपूर्ण पहलों पर काम किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि झुग्गी-झोपड़ियों का पुनर्विकास तथा सड़क व रेलवे लाइन विस्तार जैसी प्रमुख परियोजनाओं में तेजी लाना इन पहलों में शामिल हैं। गोयल ने पिछले साल उत्तरी मुंबई से अपना पहला लोकसभा चुनाव जीता था। मंत्री ने कहा कि चार जनवरी को वह लंबित परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए मुंबई में सभी संबंधित विभागों के प्रमुखों से मिलेंगे। उन्होंने कहा कि उस बैठक में अभी तक उठाए गए कदमों पर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी तथा लंबित मुद्दों के लिए समयबद्ध कार्य योजना तैयार की जाएगी।

### सरकार का जीएम फसल समिति के निर्णयों में पारदर्शिता के लिए नियम कड़े करने का प्रस्ताव

नई दिल्ली, । केंद्र ने भारत में आनुवंशिक रूप से संवर्धित (जीएम) जीवों, फसलों तथा उत्पादों को मंजूरी देने और विनियमित करने के लिए जिम्मेदार जेनेटिक इंजीनियरिंग मूल्यांकन समिति (जीईएसी) की निर्णय लेने की प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए नियमों में संशोधन का प्रस्ताव किया है। इस संबंध में 31 दिसंबर को अधिसूचना जारी की गई। इसके अनुसार, अब जीईएसी के सदस्यों को अपने किसी भी ऐसे व्यक्तिगत या व्यावसायिक हित का खुलासा करना आवश्यक होगा जो उनके निर्णय को प्रभावित कर सकता हो। यदि उनका विचाराधीन मामले से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष संबंध है तो उन्हें चर्चा या निर्णय में हिस्सा लेने से भी दूर रहना होगा। इसमें कहा गया, इन उपायों को लागू करने के लिए विशेषज्ञों को समिति में शामिल होने पर किसी भी प्रकार के ह्यह्यहितों के टकरावह्नह्न को रेखांकित करते हुए लिखित घोषणा प्रस्तुत करनी होगी। कोई भी नई परिस्थिति उत्पन्न होने पर उन्हें इन घोषणाओं को अद्यतन करना होगा।

### ऑडी इंडिया ने 2024 में बेची 5,816 कार, भारत में पूरा हुआ 1 लाख यूनिट का आंकड़ा

मुंबई, । जर्मन लग्जरी कार निमार्ता ऑडी ने जानकारी दी कि कंपनी ने इस साल भारत में 5,816 कार बेची। चौथी तिमाही में कंपनी ने 1,927 रिटेल यूनिट की बिक्री की। इसी के साथ ऑटो मेकर ने अब तक देश में 1,00,000 यूनिट बेचने का आंकड़ा पार कर लिया है। कंपनी ने बताया कि ब्रांड के प्री-ओन्ड कार बिजनेस ह्यऑडी अप्रूव्ड : प्लस ने पिछले साल की तुलना में 2024 में 32 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की। ऑडी इंडिया के प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लों ने कहा,2024 की पहली छमाही ऑडी इंडिया के लिए आपूर्ति से जुड़ी चुनौतियां लेकर आई, फिर भी हमारे उत्पादों की निरंतर मांग हमारे ग्राहकों के ब्रांड पर अटूट विश्वास को दर्शाती है। 2024 की दूसरी छमाही में सप्लाई में सुधार के साथ, पिछली तिमाही की तुलना में चौथी तिमाही में वॉल्यूम में 36 प्रतिशत की वृद्धि हुई। ढिल्लों ने बताया,इस साल भारत में 1,00,000 कारों की बिक्री के साथ एक बड़ी उपलब्धि भी दर्ज की गई। नई ऑडी क्यू8 और ऑडी क्यू7 की शुरूआत के साथ-साथ एक मजबूत पोर्टफोलियो के साथ, हम चौथी तिमाही में मजबूती से साल का समापन कर रहे हैं और उम्मीद है कि आगे भी बिक्री बढ़ेगी।

# नए साल में लगातार दूसरे दिन महंगा हुआ सोना, चांदी के भाव में बदलाव नहीं

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली, । घरेलू सराफा बाजार में नए साल पर आज लगातार दूसरे दिन सोना महंगा हुआ है।

हालांकि चांदी के भाव में आज भी कोई बदलाव नहीं हुआ है।

सोने की कीमत में आज 300 रुपये से लेकर 330 रुपये प्रति 10 ग्राम की उछाल दर्ज की गई है। सोने के भाव में आई तेजी की वजह से देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 78,480 रुपये से लेकर 78,330 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 71,950 रुपये से लेकर 71,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है।

चांदी की कीमत में बदलाव नहीं होने की वजह से दिल्ली सराफा बाजार में इसकी कीमत लगातार दूसरे दिन 90,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर ही बनी हुई है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 78,480 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,950 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 78,330 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 78,380 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की



कीमत 71,850 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 78,330 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 71,800 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 78,330 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 78,480 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 71,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 78,380 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 71,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 78,480 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सराफा बाजार में भी आज सोने की कीमत में तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 78,330 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सराफा बाजारों में 22 कैरेट सोना आज 71,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार पर दबाव, सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली, । घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत मामूली बढ़त के साथ हुई थी, लेकिन बाजार खुलने के तुरंत बाद मुनाफा वसूली शुरू हो गई, जिसकी वजह से शेयर बाजार की चाल में गिरावट आ गई। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.65 प्रतिशत और निफ्टी 0.64 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से ओएनजीसी, ट्रेंट लिमिटेड, श्रीराम फाइनेंस, टाइटन कंपनी और एनटीपीसी के शेयर 3.15 प्रतिशत से लेकर 0.83 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर हीरो मोटोकॉर्प, सिप्ला, टेक महिंद्रा, टीसीएस और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर 2.34 प्रतिशत से लेकर 1.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,303 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,594 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 709 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 12 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 18 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 22 शेयर हरे निशान में और 28 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 129.28 अंक की तेजी के साथ 80,072.99 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते



ही बिकवाली का दबाव बन जाने के वजह से इस सूचकांक ने लाल निशान में गोता लगा दिया। हालांकि खरीदार बीच-बीच में लिवाली का जोर बनाने की कोशिश भी करते रहे, इसके बावजूद इस सूचकांक की गिरावट लगातार बढ़ती गई। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 521.03 अंक की कमजोरी के साथ 79,422.68 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 7.75 अंक की मामूली बढ़त के साथ 24,196.40 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलने के बाद बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से ये सूचकांक भी गिर कर लाल निशान में पहुंच गया। लगातार हो रही बिकवाली के कारण सुबह 10 बजे के करीब ये सूचकांक 24,032.15 अंक तक गिर गया। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 154.55 अंक की गिरावट के साथ 24,034.10 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन गुरुवार को सेंसेक्स 1,436.30 अंक यानी 1.83 प्रतिशत की मजबूती के साथ 79,943.71 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 445.75 अंक यानी 1.88 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,188.65 अंक के स्तर पर गुरुवार के कारोबार का अंत किया था।

### भारत 2025 में कृषि निर्यात में शानदार तेजी के लिए तैयार : रिपोर्ट

नई दिल्ली, । एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, भारत 2025 में अपने कृषि निर्यात क्षेत्र में शानदार वृद्धि दर्ज करवाने की मजबूत स्थिति में है। यह तेजी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, तकनीकी प्रगति और निर्यात को बढ़ावा देने की पहल पर सरकार के फोकस की वजह से देखी गई है। प्रैक्सिस ग्लोबल अलायंस की रिपोर्ट के अनुसार, किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) भारतीय किसानों, विशेष रूप से छोटे किसानों की आर्थिक भलाई में सुधार के लिए एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में उभरे हैं। संसाधनों को इकट्ठा कर, एफपीओ किसानों को कम लागत पर गुणवत्तापूर्ण इनपुट तक पहुंच प्रदान करते हैं और बाजार तक पहुंच को सुविधाजनक बनाते हैं। प्रैक्सिस ग्लोबल अलायंस में खाद्य और कृषि के प्रैक्टिस लीडर अक्षत गुप्ता ने कहा, एफपीओ मॉडल के सबसे सफल उदाहरणों में से एक डेयरी सहकारी अमूल है, जिसने लाखों छोटे किसानों को उचित मूल्य और विशाल बाजार नेटवर्क तक पहुंच प्रदान कर सशक्त बनाया है।

## ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशिया में भी मिला-जुला कारोबार

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली, । ग्लोबल मार्केट से आज अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान जॉन्स फ्यूचर्स आज मामूली बढ़त के रहा है। यूरोपीय बाजार में पिछले बाजारों में आज मिला-जुला कारोबार टेक शेयरों में आई जोरदार गिरावट के के दौरान लगातार दबाव बना रहा। इस ऊपरी स्तर से करीब 500 अंक टूट इंडेक्स ने 0.22 प्रतिशत की कमजोरी पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत प्रतिशत फिसल कर 19,271.14 जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.04 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ विपरीत यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र एफटीएसई इंडेक्स 1.05 प्रतिशत



अभी तक मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। गिरावट के साथ बंद हुए। हालांकि डाउ साथ कारोबार करता हुआ नजर आ सत्र के दौरान तेजी बनी रही। एशियाई हो रहा है। टेस्ला और एप्पल जैसे बड़े कारण अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र दबाव की वजह से डाउ जॉन्स दिन के कर बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 के साथ 5,868.55 अंक के स्तर किया। इसके अलावा नैस्डेक 0.21 अंक के स्तर पर बंद हुआ। डाउ प्रतिशत की तेजी के साथ 42,410.69 नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार के के दौरान लगातार खरीदारी होती रही। उछल कर 8,260.09 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.18 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,393.76 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 115.52 अंक यानी 0.58 प्रतिशत की बढ़त के साथ 20,024.66 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में आज मिला-जुला कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 5 के सूचकांक मजबूती के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 2 सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं। टोक्यो स्टॉक एक्सचेंज में छुट्टी होने की वजह से निक्केई इंडेक्स में कारोबार नहीं हो रहा है। गिफ्ट निफ्टी फिलहाल 143 अंक यानी 0.59 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 24,154 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.46 प्रतिशत टूट कर 3,247.54 अंक के स्तर तक गिर गया है। इसके अलावा स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.04 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 3,799.25 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। दूसरी ओर, हैंग सेंग इंडेक्स 177.50 अंक यानी 0.90 प्रतिशत की तेजी के साथ 19,800.82 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह ताइवान वेटेड इंडेक्स 154.96 अंक यानी 0.68 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,987.02 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। कोस्पी इंडेक्स ने आज जोरदार छलांग लगाई है। फिलहाल ये सूचकांक 2.16 प्रतिशत उछल कर 2,450.77 अंक के स्तर पर पहुंच गया है। इसके अलावा सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.23 प्रतिशत की मजबूती के साथ 1,383.01 अंक के स्तर पर और जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.18 प्रतिशत की बढ़त के साथ 7,175.88 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

## तेलंगाना में नई नवीकरणीय ऊर्जा नीति पेश, 2030 तक 20 हजार मेगावाट जोड़ने का लक्ष्य

हैदराबाद, । तेलंगाना के उप मुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क ने शुक्रवार को कहा कि राज्य का लक्ष्य 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन तथा भंडारण क्षमता में 20,000 मेगावाट जोड़ना है। राज्य में मौजूदा क्षमता 11,000 मेगावाट से अधिक है। तेलंगाना स्वच्छ व हरित ऊर्जा नीति-2024 पेश करने के बाद भट्टी ने कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए राज्य एकल नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं,फ्लोटिंग सोलर, अपशिष्ट से ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन जैसे अभिनव समाधानों पर ध्यान केंद्रित करेगा।उन्होंने कहा,तेलंगाना 2030 तक 20,000 मेगावाट अतिरिक्त नवीकरणीय ऊर्जा व भंडारण क्षमता हासिल करने का लक्ष्य बना रहा है। वर्तमान में नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 11,399 मेगावाट है, जिसमें 7,889 मेगावाट सौर ऊर्जा (वितरित नवीकरणीय ऊर्जा के अलावा) और 2,518 मेगावाट जल ऊर्जा शामिल है।

## महाराष्ट्र को 2024-25 में सिर्फ छह महीनों में 1.13 लाख करोड़ रुपये का एफडीआई मिला: फडणवीस

प्रात : किरण/एजेंसी

मुंबई, । महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को कहा कि राज्य को 2024-25 में केवल छह महीने में 1.13 लाख करोड़ रुपये का एफडीआई मिला है। यह पिछले चार वर्षों में सालाना प्राप्त होने वाली राशि के लगभग बराबर है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, राज्य को सितंबर 2024 में समाप्त होने वाली वित्त वर्ष 2024-25 की पहली दो तिमाहियों में 1,13,236 करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) मिला। राज्य को वित्त वर्ष 2020-21 में 1,19,734 करोड़ रुपये, 2021-22 में 1,14,964 करोड़ रुपये, 2022-23 में 1,18,422 करोड़ रुपये और 2023-24 में 1,25,101 करोड़ रुपये का एफडीआई प्राप्त हुआ था। फडणवीस ने लिखा, इसका मतलब है कि राज्य को पिछले चार वर्षों में औसतन वार्षिक प्राप्त होने वाले एफडीआई का 94.71 प्रतिशत छह महीने में प्राप्त हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे तथा अजित पवार और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करेंगे कि यह गति आगे भी जारी रहे।

## देश के शीर्ष आठ शहरों में सकल कार्यालय स्थल की मांग 2024 में 19 प्रतिशत बढ़ी:रिपोर्ट

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली, । भारत का कार्यालय बाजार 2024 में काफी सक्रिय रहा और कार्यालय स्थल की पट्टा मांग आठ प्रमुख शहरों में 19 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 885.2 लाख वर्ग फुट पर पहुंच गया। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रियल एस्टेट परामर्शदाता कुशमैन एंड वेकफील्ड (सीएंडडब्ल्यू) के आंकड़ों के अनुसार, 2023 में कार्यालय स्थल की सकल पट्टा मांग 745.6 लाख वर्ग फुट थी जो 2024 में बढ़कर 885.2 लाख वर्ग फुट हो गई। कुशमैन एंड वेकफील्ड में भारत, दक्षिण पूर्व एशिया एवं एपीएसी टेनेंट रिप्रेसेंटेशन के मुख्य कार्यकारी अंशुल जैन ने कहा, वर्ष 2024 भारत के कार्यालय क्षेत्र के लिए एक निर्णायक वर्ष रहा जिसमें मात्रा के लिहाज से रिकॉर्ड-तोड़ पट्टा मांग रही उन्होंने कहा कि वैश्विक क्षमता केन्द्रों (जीसीसी) की बढ़ती उपस्थिति, जो कुल मांग में करीब 30 प्रतिशत का योगदान दे रही है, वैश्विक बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए भारत के रणनीतिक महत्व को रेखांकित करती है। आठ प्रमुख शहरों में से बेंगलुरु में सकल पट्टा मांग 64 प्रतिशत बढ़कर 2024 में 259.3 लाख वर्ग फुट हो गई, जबकि 2023 में यह 158.3 लाख वर्ग फुट थी। मुंबई में मांग 140.8 लाख वर्ग फुट से 27 प्रतिशत बढ़कर 178.4 लाख वर्ग फुट, हैदराबाद में में 90.1 लाख वर्ग फुट से 37 प्रतिशत बढ़कर 123.1 लाख वर्ग फुट और अहमदाबाद में 16.3 लाख वर्ग फुट से 11 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 18.1 लाख वर्ग फुट हो गई। दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), चेन्नई तथा पुणे में कार्यालय की मांग में गिरावट दर्ज की गई, जबकि कोलकाता का बाजार स्थिर रहा। दिल्ली-एनसीआर में मांग 135.7 लाख वर्ग फुट से तीन प्रतिशत घटकर 131.4 लाख वर्ग फुट रह गई। पुणे में 84.7 लाख वर्ग फुट रही जो 2023 की 97.4 लाख वर्ग फुट से 13 प्रतिशत कम है। कोलकाता में 2024 और 2023 में 17 लाख वर्ग फुट पर स्थिर रही।

## अल्टेयर ने आईआईटी-मद्रास में सीएएआर के साथ किया समझौता

मुंबई, । अमेरिकी शेयर बाजार नैस्डैक में सूचीबद्ध वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी अल्टेयर ने मोटर वाहन क्षेत्र में समाधान विकसित करने के लिए आईआईटी-मद्रास में उन्नत मोटर वाहन अनुसंधान उत्कृष्टता केंद्र (सीएएआर) के साथ एक प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। अल्टेयर ने शुक्रवार को बयान में कहा, सीएएआर के साथ सहयोग में परिवहन, स्वायत्त प्रणालियों तथा टिकाऊ वाहनों को आगे बढ़ाने तथा उत्पाद विकास की समयसीमा को कम करने पर केंद्रित समाधान विकसित करने पर जोर दिया जाएगा। अल्टेयर इंडिया के कंट्री मैनेजर विश्वनाथ राव ने कहा, सीएएआर और आईआईटी मद्रास के साथ हमारा सहयोग मोटर वाहन क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देगा। यह मोटर वाहन क्षेत्र में स्थिरता, दक्षता तथा प्रगति को सक्षम करने वाली प्रौद्योगिकियों को प्रदान करने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। सीएएआर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) थिरु श्रीनिवासन ने कहा,अल्टेयर के साथ हमारी साझेदारी, नवीन अवधारणाओं को अकादमिक अनुसंधान से उद्योग के लिए तैयार प्रौद्योगिकियों की ओर ले जाने की प्रक्रिया को गति देने के हमारे लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## कई मेडिकल टेक्सटाइल उत्पादों के लिए गुणवत्ता नियंत्रण आदेश लागू

नई दिल्ली, । कपड़ा मंत्रालय ने मेडिकल टेक्सटाइल्स श्रेणी के महत्वपूर्ण उत्पादों की स्वच्छता एवं सुरक्षा और प्रभावकारिता सुनिश्चित करने के लिए उनके बारे में गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) जारी किए हैं। मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी आदेश के अनुसार मेडिकल टेक्सटाइल्स (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश, 2024 इन उत्पादों के लिए परीक्षण प्रोटोकॉल और लेबल लगाने संबंधी शर्तों सहित कड़े गुणवत्ता मानक निर्धारित करता है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि लघु और मध्यम उद्यमों (एसएमई) के सामने आने वाली अनूठी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए, मंत्रालय ने उक्त क्यूसीओ के अनुपालन के लिए समयसीमा में अतिरिक्त विस्तार दिया है। उक्त आदेश की अनुसूची ए के तहत तीन-वस्तुओं सेनेटरी नैपकिन, बेबी डायपर और पुनः प्रयोज्य सेनेटरी पैड/सेनेटरी नैपकिन/पीरियड पैंटी से संबंधित क्यूसीओ को लागू करने के लिए लघु और मझोले उद्यमों को 01 अप्रैल 2025 तक का अतिरिक्त समय दिया गया है। मंत्रालय का कहना है कि यह रियायत एसएमई को अपने व्यवसाय संचालन से समझौता किए बिना नए नियमों को अपनाने में सक्षम बनाएगी। इसी तरह नई व्यवस्था अपनाने में सहजता के लिए निमार्ताओं और आयातकों को पुराने स्टॉक को खाली करने के लिए छह महीने की समय सीमा दी गई है। इसी तरह वे 30 जून 2025 तक, अपने मौजूदा पुराने स्टॉक को खाली कर सकते हैं ताकि उनके व्यवसाय में कोई बड़ी बाधा न हो।

## सनशाइन पिक्चर्स ने आईपीओ के जरिये धन जुटाने के लिए सेबी के समक्ष दाखिल किए दस्तावेज

नई दिल्ली, । फिल्म एवं टेलीविजन निमार्ता-निर्देशक विपुल शाह समर्थित सनशाइन पिक्चर्स लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये धन जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी के समक्ष दस्तावेज दाखिल किए हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष दाखिल दस्तावेज के अनुसार, 83.75 लाख शेयरों का प्रस्तावित आईपीओ 50 लाख नए शेयर और 33.75 लाख शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। प्रवर्तक विपुल अमृतलाल शाह की 23.69 लाख शेयर, जबकि शेफाली विपुल शाह 10.05 लाख शेयर बेचने की योजना है। कंपनी ने आईपीओ से हासिल राशि का इस्तेमाल अपनी दीर्घकालिक कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए करने की योजना बनाई है। इसके अलावा अन्य सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के साथ-साथ भविष्य के विकास तथा परिचालन को समर्थन देने के लिए 94 करोड़ रुपये इस्तेमाल किए जाएंगे। सनशाइन पिक्चर्स फिल्मों तथा वेब सीरीज के निर्माण, विकास, विपणन और वितरण के व्यवसाय में लगी प्रसिद्ध निर्माण कंपनियों में से एक है।

## वित्त वर्ष 2024 में बढ़ी नौकरियां, 4.67 करोड़ अतिरिक्त रोजगार का हुआ सृजन, जारी रहेगा ट्रेंड

नई दिल्ली, । मार्च 2024 को खत्म वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था में 4.67 करोड़ अतिरिक्त रोजगार सृजित हुए। आधिकारिक आंकड़ों की मानें तो वित्त वर्ष 2024-25 में रोजगार सृजन की रफ्तार बरकरार रही। ये आंकड़े बताते हैं कि औपचारिक और अनौपचारिक दोनों क्षेत्रों में रोजगार सृजन की रफ्तार जारी रही। सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक सर्वेक्षण के अनुसार, अक्टूबर 2023 से सितंबर 2024 के दौरान भारत के असंगठित क्षेत्र में कुल अनुमानित रोजगार में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 10.01 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। असंगठित क्षेत्र उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण से पता चलता है कि कवर किए गए व्यापक क्षेत्रों (ब्रॉड सेक्टर) में, ह्नअन्य सेवाओं (अदर सर्विस)ह्न में प्रतिष्ठानों ने अक्टूबर 2023 और सितंबर 2024 के बीच 12 करोड़ से अधिक अतिरिक्त श्रमिकों को रोजगार दिया। यह 2022-23 से एक करोड़ से अधिक श्रमिकों की वृद्धि और मजबूत श्रम बाजार वृद्धि को दशार्ता है। व्यापक गतिविधियों में, ह्नअन्य सेवाह्न क्षेत्र ने 17.86 प्रतिशत की उच्चतम वार्षिक वृद्धि दिखाई, इसके बाद विनिर्माण क्षेत्र में 10.03 प्रतिशत की वृद्धि हुई। असंगठित गैर-कृषि क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था में रोजगार, सकल घरेलू उत्पाद और सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण योगदान देता है। यह क्षेत्र न केवल लाखों लोगों की आजीविका को बनाए रखता है, बल्कि घरेलू मूल्य श्रृंखला (डोमेस्टिक वैल्यू चेन) में अपनी भूमिका को मजबूत करते हुए वस्तुओं और सेवाओं की सप्लाई करता है। इसी तरह, औपचारिक क्षेत्र में वृद्धि जारी रही है। यह क्षेत्र में बेहतर गुणवत्ता वाली नौकरियां प्रदान करता है। नवंबर में जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही के दौरान तीन सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में नए सदस्यों की संख्या में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में वृद्धि हुई है। कर्मचारी भविष्य निधि योजना में नए एनरोलमेंट, जो बड़े संगठनों और बेहतर वेतन वाले कर्मचारियों पर लागू होते हैं, पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 2024-25 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में 2.3 प्रतिशत बढ़कर 6.1 मिलियन हो गए।

# रोहित सिडनी मैच के बाद अपने टेस्ट करियर को अलविदा कह सकते हैं : शास्त्री

प्रात: किरण,/ एजेसी

सिडनी, । भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने भविष्यवाणी की है कि रोहित शर्मा सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर चल रहे पांचवें टेस्ट के बाद अपने टेस्ट करियर को अलविदा कह सकते हैं, जहां उन्होंने आराम करने का विकल्प चुना है। उनकी अनुपस्थिति में जसप्रीत बुमराह टीम की अगुआई कर रहे हैं, जबकि शुभमन गिल प्लेइंग इलेवन में शामिल हैं। रोहित ने सीरीज में अब तक खेले गए तीन टेस्ट मैचों में 6.2 रन की औसत से रन बनाए हैं, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर 10 रहा है। उनके सिडनी में नहीं खेलने की अटकलें तब सामने आईं, जब मुख्य कोच गौतम गंभीर ने उन्हें सिडनी में होने वाले मैच के लिए गारंटीड स्टार्टर मानने से इनकार कर दिया। बुमराह, जिन्होंने पर्थ में रोहित के पितृत्व अवकाश के कारण मैच से बाहर रहने पर भारत को 295 रनों से जीत दिलाई थी, ने टॉस के समय कहा कि दाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ने खुद ही मैच से बाहर रहने का फैसला किया, जिसे मेहमान टीम को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज ड्रा करने के लिए जीतना जरूरी था, और उन्होंने कहा कि इसके पीछे कोई स्वार्थ नहीं था। ह्लशास्त्री ने फॉक्स स्पोर्ट्स पर कहा, यह अभी भी एक कप्तान के लिए एक साहसी कदम है कि वह अपनी गलती स्वीकार करे और कहे कि ह्यमैं इस मैच में बेंच पर बैठने के लिए तैयार हूं। अगर घरेलू सीजन आ रहा होता तो वह खेलना जारी रखने के बारे में सोच सकता था, लेकिन मुझे लगता है कि वह इस टेस्ट के अंत में खेल से बाहर हो सकता है। वह युवा नहीं हो रहा है... ऐसा नहीं है कि भारत में युवा खिलाड़ी नहीं हैं। विंग्स में बहुत-बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं और अब आगे बढ़ने का समय है। कठिन निर्णय, लेकिन हर चीज का एक समय होता है। अगर रोहित आखिरकार अपना टेस्ट करियर खत्म करते हैं, तो वे 67 टेस्ट में 40.57 की औसत से 12 शतक और 18 अर्द्धशतक के साथ 4301 रन बनाकर खेल से विदा लेंगे। 2013 में डेब्यू पर शतक लगाने के बाद, रोहित टेस्ट टीम से अंदर-बाहर होते रहे, इससे पहले कि 2019 में उनका करियर एक सलामी बल्लेबाज के रूप में फिर से शुरू हुआ। एक सलामी बल्लेबाज के रूप में, रोहित ने अपने टेस्ट करियर में एक सफल दौर का आनंद लिया, जिसमें उन्होंने 42.80 की औसत से 2697 रन बनाए, जिसमें नौ शतक शामिल हैं। उन्होंने विराट कोहली के दक्षिण अफ्रीका में 2-1 से सीरीज हारने के बाद 2022 की शुरूआत में इस्तीफा देने के बाद टेस्ट कप्तान का पद भी संभाला। भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज पार्थिव पटेल को लगता है कि रोहित का सिडनी टेस्ट से दूर रहना दिखाता है कि वह टीम के सर्वोत्तम हित के लिए कितने निस्वार्थ हैं। मूल रूप से, एक शब्द है जो बहुत महत्वपूर्ण है, और वह है स्वार्थ नहीं। अगर कोई यह सबूत चाहता है कि रोहित शर्मा स्वार्थी व्यक्ति नहीं हैं और किस हद तक वह टीम को खुद से ऊपर रख सकते हैं, तो यह इसका सबूत है। जाहिर है, आंकड़े और फॉर्म उनका साथ नहीं दे रहे हैं - चाहे वह ओपनिंग करना हो या छठे नंबर पर बल्लेबाजी करना हो। फॉर्म हासिल करने की हर कोशिश की गई, लेकिन आप कुछ भी योगदान नहीं दे सके। हालांकि कई लोग कहेंगे कि उन्होंने आराम करने का विकल्प चुना है या उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया है, लेकिन यह समझना बहुत महत्वपूर्ण है कि एक बार जब आप कप्तान के रूप में टेस्ट मैच नहीं खेलने का फैसला करते हैं, तो वह व्यक्ति खुद निर्णय लेने में शामिल होता है। उन्होंने क्रिकबज पर कहा,यहां, किसी ने आपको बाहर नहीं किया है और कप्तान के पास विकल्प है - इसलिए इस स्थिति का वर्णन करने के लिए ऑप्ट आउट सही शब्द है। इसके लिए रोहित शर्मा को श्रेय दिया जाना चाहिए क्योंकि उन्होंने खुद महसूस किया कि वह टीम के 11, 15 या 16 खिलाड़ियों में से पर्याप्त नहीं हैं और उन्होंने खुद को अलग कर लिया।



# भारत पहली पारी में 185 पर ढ़ेर, ऑस्ट्रेलिया का भी एक विकेट गिरा



प्रात: किरण,/ एजेसी

सिडनी, 03 जनवरी (वेब वार्ता)। बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज के पांचवें टेस्ट मैच के पहले दिन शुक्रवार को स्कॉट बोलैंड (चार विकेट), मिचेल स्टार्क (तीन विकेट) तथा पैट कमिंस (दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने भारत को पहली पारी में 185 रनों पर ढ़ेर करने के बाद दिन का खेल समाप्त होने के समय एक विकेट पर नौ रन बना लिये है। भारत के 185 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने दिन का खेल समाप्त होने के समय तीन ओवर में नौ रन पर एक विकेट गवां दिया। तीसरे ओवर में जसप्रीत बुमराह ने उस्मान ख़्वाजा (दो) रन पर आउट कर भारत का पहली सफलता दिलाई। स्टंप के समय सैम कॉन्स्टास (नाबाद सात) क्रीज पर थे। इससे पहले आज यहां भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने 11 के स्कोर पर केएल राहुल (चार) का विकेट गवां दिये। उन्हें मिचेल स्टार्क ने कॉन्स्टास के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद बोलैंड ने यशस्वी जयसवाल (10) को आउट कर भारत को दूसरा झटका दिया। शुभमन गिल (20) रन बनाकर आउट हुये। भारत का चौथा विकेट विराट कोहली (17) के रूप में गिरा। हालांकि इसके बाद ऋषभ पंत और रवींद्र जडेजा ने भारत की लडखडाती पारी को संभाला। भारत ने चायकाल तक चार विकेट पर 107 रन बना लिये थे। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के बीच 48 रन की साझेदारी हुई है। यह भारतीय टीम की सबसे बड़ी साझेदारी थी। चायकाल के भारतीय टीम ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। पांचवां विकेट के रूप में ऋषभ पंत आउट हुये। उन्होंने 98 गेंदों में तीन चौके और छक्का लगाते हुए (40) रनों की पारी खेली। उन्हें बोलैंड ने आउट किया। रवींद्र जाडेजा (26), नीतीश कुमार रेड्डी (शून्य), वॉशिंगटन सुंदर (14) और प्रसिद्ध कृष्णा (तीन) रन बनाकर आउट हुये। कप्तान जसप्रीत बुमराह ने 17 गेंदों में (22) रनों की पारी खेली। मोहम्मद सिराज तीन रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे भारतीय पारी 72.2 ओवर में 185 के स्कोर पर ढ़ेर हो गई। ऑस्ट्रेलिया के लिए स्कॉट बोलैंड ने चार विकेट तथा मिचेल स्टार्क ने तीन, पैट कमिंस ने दो और नेथन ने एक-एक विकेट लिया।

## सिडनी भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जा रहे पांचवें टेस्ट मैच के पहले

दिन शुक्रवार का स्कोर बोर्ड इस प्रकार है।

**भारत पहली पारी.**

बल्लेबाज..........................................................रन

यशस्वी जायसवाल कैच वेब्स्टर बोल्ड बोलैंड.............10

के एल राहुल कैच कॉन्स्टास बोल्ड स्टार्क .................04

शुभमन गिल कैच स्मिथ बोल्ड लायन........................20

विराट कोहली कैच वेब्स्टर बोल्ड बोलैंड ...................17

ऋषभ पंत कैच कमिंस बोल्ड बोलैंड ........................40

रवींद्र जडेजा पगबाधा स्टार्क..................................26

नीतीश कुमार रेड्डी कैच स्मिथ बोल्ड बोलैंड................00

वॉशिंगटन सुंदर कैच कैरी बोल्ड कमिंस ...................14

प्रसिद्ध कृष्णा कैच कॉन्स्टास बोल्ड स्टार्क..................03

जसप्रीत बुमराह कैच स्टार्क बोल्ड कमिंस..................22

मोहम्मद सिराज नाबाद.........................................03

अतिरिक्त...................................26रन

कुल 72.2 ओवर में 185 रन पर सभी खिलाड़ी आउट

विकेट पतनः 1-11, 2-17, 3-57, 4-72, 5-120, 6-120, 7-134, 8-148, 9-168, 10-185

## ऑस्ट्रेलिया गेंदबाजी

गेंदबाज...............ओवर..मेडन..रन..विकेट

मिचेल स्टार्क..........18......5....49....3

पैट कमिंस.............15.2....4....37...2

स्कॉट बोलैंड...........20......8....31...4

बो वेब्स्टर...............13......4....29....0

नेथन लायन ...........6.......2.....19....1

........................

**ऑस्ट्रेलिया पहली पारी.**

बल्लेबाज..................................................रन

सैम कॉन्स्टास नाबाद......................................07

उस्मान ख़्वाजा कैच के एल राहुल बोल्ड बुमराह....02

अतिरिक्त..........शून्य

कुल तीन ओवर में एक विकेट पर नौ रन

विकेट पतनः 1-9

भारत गेंदबाजी..

गेंदबाज...........ओवर..मेडन..रन..विकेट

जसप्रीत बुमराह....2.......0.....7.....1

मोहम्मद सिराज....1.......0.....2.....0

# ओसाका 2022 के बाद पहली बार डब्ल्यूटीए सेमीफाइनल में

ऑकलैंड,। पूर्व विश्व नंबर 1 नाओमी ओसाका शुक्रवार को एएसबी क्लासिक में हैली बैपटिस्ट पर 6-7(2), 6-1, 6-2 से क्वार्टरफाइनल जीत के बाद लगभग तीन साल में अपने पहले डब्ल्यूटीए सेमीफाइनल में पहुंच गई। ओसाका ने मैच के दौरान दो बार बारिश के व्यवधानों को झेला और 2 घंटे और 2 मिनट के खेल के बाद उभरती अमेरिकी बैपटिस्ट को बाहर कर दिया। जापानी खिलाड़ी ने 12 महीने पहले मातृत्व अवकाश से लौटने के बाद अपने पहले टूर-लेवल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पिछली बार जब वह डब्ल्यूटीए इवेंट में अंतिम चार या उससे बेहतर स्थान पर पहुंची थी, तो वह 2022 मियामी में उपविजेता रही थी, जहां वह इगा स्वीयाटेक से हार गई थी। उसने पिछले साल दो क्वार्टरफाइनल (दोहा और ह्यएस -हेरटोगेनबॉश) में जगह बनाई थी। ओसाका ने जीत के बाद कोर्ट पर कहा,मुझे लगता है कि मेरा मुख्य ध्यान सिर्फ खुद पर बहुत अधिक विश्वास और आत्मविश्वास रखने पर था। मुझे लगता है कि मैंने पिछले साल भर बहुत मेहनत की, और भले ही नतीजों ने इसे नहीं दिखाया, मुझे लगता है कि मैं बस कोशिश करना जारी रखूंगी, मुझे लगता है, जितना हो सके उतना प्रयास करूंगी और देखूंगी कि यह मुझे कहां ले जाता है। ओसाका ने अंतिम सेट में अपना दबदबा जारी रखा, जिसमें दिन का उनका 10वां और अंतिम ऐस उनके पहले मैच प्वाइंट पर पहुंचा। ओसाका ने 2023 में बेटी शाई को जन्म देने के बाद पहली बार फाइनल चार में जगह बनाने के लिए अपना स्थान पक्का किया।

# सिडनी में 5 वें टेस्ट के पहले दिन पहुंचे रिकॉर्ड 47,566 दर्शक



सिडनी,। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड ने शुक्रवार को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट मैच के पहले दिन अब तक की सबसे अधिक उपस्थिति दर्ज की, जिसमें रिकॉर्ड तोड़ 47,566 दर्शक स्टेडियम में मौजूद थे। चाय ब्रेक के समय सिडनी में 47,566 दर्शक मौजूद थे, जो जनवरी 1976 के बाद से क्रिकेट के लिए सिडनी में सबसे बड़ी उपस्थिति है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक्स पर पोस्ट किया, ह्लरिकॉर्ड लगातार गिरते जा रहे हैं। पहले दिन सिडनी क्रिकेट ग्राउंड के गेट से 45,000 से अधिक दर्शक आए ह्व सिडनी में भारी भीड़ ने सीरीज में पहले भी एक और रिकॉर्ड बनाया था, जब मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड ने तीसरे टेस्ट के दौरान टेस्ट मैच के लिए अब तक की सबसे बड़ी भीड़ की मेजबानी की थी। पहले दिन दोपहर के भोजन के समय तक 45,465 दर्शक एससीजी में आ चुके थे, जो 2003/04 भारत-ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला के दौरान स्थापित 44,901 के पिछले रिकॉर्ड को पार कर गया। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने दर्शकों की संख्या के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला, और कहा कि एससीजी में 1976 के बाद से लगभग 50 वर्षों में किसी टेस्ट के लिए यह सबसे बड़ी भीड़ थी।

# पाक टीम जीतेगी चैंपियंस ट्रॉफी : शोएब अख्तर

लाहौर, । पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर को भरोसा है कि अपनी मेजबानी में होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में उनकी टीम खिताब जीतेगी। पाक में फरवरी-मार्च में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन किया जा रहा है। ये टूनार्मेंट हाइब्रिड मॉडल से खेला जाएगा और इसमें भारतीय टीम के सभी मैच दुबई में खेले जाएंगे।चैंपियंस ट्रॉफी की शुरूआत 19 फरवरी से होगी। जबकि भारत और पाकिस्तान के बीच महामुकाबला 23 फरवरी को होगा। इसमें भी शोएब को अपनी टीम के जीतने की उम्मीदें हैं। अख्तर ने कहा कि, मुझे पूरा भरोसा है कि पाकिस्तान की टीम सेमीफाइनल में पहुंचेगी। पाकिस्तान शीर्ष 4 में जगह जरूर बनाएगा। उन्होंने ये भी कहा कि वह चाहते हैं कि फखर जमान को टीम में शामिल किया जाये। इसमें बाबर आजम भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। अख्तर ने कहा कि, बाबर चैंपियंस ट्रॉफी में टीम के लिए अंतर पैदा करेंगे। टीम अच्छा प्रदर्शन कर रही है, और मुझे यकीन है कि चैंपियंस ट्रॉफी में भी टीम अच्छा खेलेगी। उन्होंने कहा कि पाक को अपने घरेलू मैदानों का लाभ मिलेगा जिससे उसके जीतने की अधिक संभावना है। इससे पहले उसेन साल 2017 में भारतीय टीम को हराकर खिताब जीता था।

# रोहित के लिए फिर से टेस्ट खेलना लंबा और कठिन होगा : पोंटिंग



प्रात: किरण,/ एजेसी

सिडनी, । ऑस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर रिकी पोंटिंग को लगता है कि रोहित शर्मा के लिए फिर से टेस्ट खेलना लंबा और कठिन होगा, क्योंकि नियमित भारतीय कप्तान ने शुक्रवार को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में चल रहे पांचवें बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट से आराम लेने का फैसला किया है। रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए तीन टेस्ट मैचों में सिर्फ 6.2 की औसत से रन बनाए हैं, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर 10 रहा है। सिडनी में उनके न खेलने की अटकलें तब सामने आईं, जब मुख्य कोच गौतम गंभीर ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्हें गारंटीड स्टार्टर कहने से इनकार कर दिया। रोहित ने 2024 में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में भारत की कप्तानी करने के बाद टी20 को पहले ही अलविदा कह दिया था। ह्लमुझे लगता है कि प्रतिक्रिया यह रही है कि वे सभी उम्मीद कर रहे थे कि ऐसा हो सकता है। पिछले कुछ दिनों से चर्चा चल रही थी कि सभी को उम्मीद थी कि रोहित इस मैच में नहीं खेलेंगे, शुभमन गिल वापस आएंगे और (जसप्रीत) बुमराह शायद फिर से कप्तानी संभालेंगे और ऐसा ही हुआ। पोंटिंग ने कहा, आपको लगता होगा कि खेल के इस प्रारूप में रोहित शर्मा के लिए अब बहुत लंबा सफर तय करना बाकी है। मेरा मानना है कि भारत जून के मध्य या अंत तक कोई टेस्ट मैच नहीं खेलता है, जो कि आपके करियर के अंतिम चरण में आने के लिए बहुत लंबा समय है। उन्होंने कहा,जब मैंने इतने महत्वपूर्ण मैच में ऑप्ट आउट शब्द सुना तो मैं बहुत हैरान रह गया। हम जानते हैं कि वह लंबे समय से भारतीय क्रिकेट के लिए एक महान खिलाड़ी रहे हैं। इसलिए जिस तरह से उन्होंने इसे कहा है, आप इसे केवल सतही तौर पर ही ले सकते हैं। हमें भारतीय खेमे से जो सुनने को मिल रहा है, उस पर हमें विश्वास करना होगा, लेकिन इतना बड़ा मैच होने के कारण, यह जानते हुए कि उन्हें ट्रॉफी बरकरार रखने के लिए यह मैच जीतना ही होगा, उनके सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक के लिए ऑप्ट आउट करना एक दिलचस्प समय था।

## एटीपी हांगकांग ओपनः शीर्ष वरीयता प्राप्त रूबलेव दूसरे दौर में हारकर बाहर

हांगकांग,। शीर्ष वरीयता प्राप्त और गत चैंपियन रूस के आंद्रे रुबलेव गुरुवार को एटीपी हांगकांग ओपन के दूसरे दौर में हारकर बाहर हो गए हैं। रुबलेव को हंगरी के फैबियन मरोजसन से अप्रत्याशित हार का सामना करना पड़ा। विश्व के आठवें नंबर के खिलाड़ी रुबलेव को विक्टोरिया पार्क में खेले गए दूसरे दौर के मुकाबले में 58वीं रैंकिंग के मरोजसन से 5-7, 6-3, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा। यह मैच एक घंटे और 58 मिनट तक चला। क्वार्टर फाइनल में मारोजसन का सामना चीन के शांग जुनचेंग से होगा। 19 वर्षीय शांग ने सातवें वरीय स्पेन के पेड्रो मार्टिनेज को 6-3, 6-1 से हराकर आसानी से अगले दौर में प्रवेश किया। दिन के अन्य मैचों में दूसरी वरीयता प्राप्त इटली के लोरेंजो मुसेटी ने कनाडा के क्वालीफायर गेब्रियल डायलो पर जीत हासिल की, जबकि स्पेन के जाउम मुनार ने पांचवीं वरीयता प्राप्त पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस को 6-3, 7-5 से हराया।

# पंजाब एक ही विजय हजारे ट्रॉफी में लगातार दो बार 400 से अधिक का स्कोर बनाने वाली पहली टीम बनी

प्रात: किरण,/ एजेसी



अहमदाबाद, । पंजाब एक ही विजय हजारे ट्रॉफी टूनार्मेंट में दो बार 400 से अधिक का स्कोर बनाने वाली पहली टीम बन गई। पंजाब की हालिया बल्लेबाजी ने उन्हें नरेंद्र मोदी स्टेडियम ग्राउंड ह्यएह्न में हैदराबाद के खिलाफ 426/4 का चौंका देने वाला स्कोर बनाने में मदद की। यह टूनार्मेंट में दूसरी बार था जब पंजाब ने 400 रन का आंकड़ा पार किया, इससे पहले प्रतियोगिता में सौराष्ट्र के खिलाफ उन्होंने पांच विकेट पर 424 रन बनाए थे। पंजाब की पारी की नींव सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह ने रखी, जिनकी शानदार शतकीय पारी (137) आक्रामक बल्लेबाजी की मिसाल थी। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अपनी पारी में 20 चौके और तीन छक्के लगाए और हैदराबाद के गेंदबाजी आक्रमण को आसानी से ध्वस्त कर दिया। उनकी पारी ने पंजाब को धमाकेदार शुरूआत दिलाई, क्योंकि उन्होंने और अभिषेक शर्मा ने ओपनिंग विकेट के लिए 196 रनों की विशाल साझेदारी की। प्रभसिमरन ने जहां सुर्खियां बटोरीं, वहीं उनके ओपनिंग पार्टनर अभिषेक ने तेज अर्धशतक (93) के साथ अहम भूमिका निभाई। शर्मा की पारी में बाउंड्री लगी हुई थी, क्योंकि उन्होंने पावरप्ले के दौरान प्रभसिमरन के स्ट्रोक का मुकाबला किया, जिससे पंजाब ने शुरूआती बढ़त हासिल कर ली। जैसे-जैसे पारी आगे बढ़ी, मध्यक्रम ने सलामी बल्लेबाजों द्वारा बनाए गए मंच का फायदा उठाया। रमनदीप सिंह (80) और नेहल वढेरा (35) ने पारी को शानदार तरीके से समाप्त किया। रमनदीप के तेज अर्धशतक ने रस्सियों को साफ करने की उनकी क्षमता को दिखाया, जबकि वढेरा ने स्ट्राइक रोटेट करने और हैदराबाद के गेंदबाजों पर दबाव बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दोनों ने अंत में शानदार बल्लेबाजी की और पंजाब को 426 रनों के विशाल स्कोर तक पहुंचाया, जिससे हैदराबाद के सामने एक कठिन चुनौती खड़ी हो गई।

# 5 वां टेस्ट: विराट का कैच बना चर्चा का विषय, स्टीव स्मिथ ने कहा, कोहली आउट थे सिडनी



। ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच खेले जा रहे पांचवें टेस्ट मैच में विराट कोहली का कैच चर्चा का विषय बन गया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी स्टीव स्मिथ का मानना है कि विराट कोहली कैच आउट थे। क्योंकि, उनका हाथ गेंद के नीचे था। इस बात को लेकर क्रिकेट जगत में राय बंटी हुई है। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर स्कॉट बोलैंड ने यशस्वी जायसवाल को आउट किया। यह तेज गेंदबाज लगातार अपना दूसरा विकेट लेने ही वाला था, जब उनकी गेंद पर कोहली के बल्ले का बाहरी किनारा लगा और स्मिथ ने दूसरी स्लिप में अपने दाईं ओर डाइव लगाकर कैच लपक लिया। हालांकि, स्मिथ ने संतुलन बिगड़ते देख गेंद को हवा में उछाल दिया जिसे गली में खड़े मार्नस लाबुशेन ने पकड़ लिया। टीवी अंपायर जोएल विल्सन ने विभिन्न कैमरा कोणों को देखने के बाद देखा और कोहली को नॉट आउट करार दिया। लंच ब्रेक में ब्रॉडकास्टर फॉक्स स्पोर्ट्स से बात करते हुए स्मिथ इस बात पर अड़े रहे कि उन्होंने कैच को साफ-साफ पकड़ा था। इससे इनकार नहीं किया जा सकता। लेकिन अंपायर ने फैसला सुना दिया है और अब हम आगे बढ़ते हैं। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ग्लेन मैकग्राथ ने एबीसी स्पोर्ट पर कहा कि यह 50/50 का फैसला था, लेकिन उन्हें लगा कि कोहली आउट हो गए। क्रिकेटर के तौर पर, हम सभी को लगता है कि वह आउट है, गेंद वास्तव में कभी जमीन पर नहीं लगी। अगर मैं बल्लेबाजी कर रहा हूं तो मैं शायद वहां से निकलकर खुश हूं, लेकिन मैं (उनके) वहां रहने से भी खुश हूं। फॉक्स स्पोर्ट्स पर अपनी बात रखते हुए इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने भी कोहली को आउट करार दिया। बल्लेबाज के तौर पर आपको थोड़ी किस्मत की जरूरत होती है और मुझे लगता है कि विराट कोहली को (अपनी पहली गेंद पर) किस्मत का साथ मिला। मुझे लगता है कि वह आउट हो गए। ऑस्ट्रेलिया को अपना तीसरा विकेट मिल जाना चाहिए था। ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम की कप्तान एलिसा हीली ने भी इसी तरह के विचार व्यक्त किए। यह एक मुश्किल काम है, क्योंकि अगर आप इसे लाइव मोशन में देखें, तो यह बाहर की तरफ दिखता है - और स्टीव स्मिथ को स्पष्ट रूप से ऐसा लगा कि उनका भी हाथ इसके नीचे है। लेकिन आधुनिक समय में उनके पास जो नियम हैं, अगर (ऐसा लगता है) कि गेंद का कोई छोटा सा टुकड़ा जमीन पर है, तो अंपायर को यह कहना होगा कि यह आउट नहीं है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज और कोच जस्टिन लैंगर ने चैनल सेवन पर कहा कि उनके हिसाब से कोहली भी आउट थे।

## संक्षिप्त समाचार

### नोएडा में अगले आदेश तक 8वीं तक की कक्षाएं बंद, शिक्षा अधिकारी ने जारी किया आदेश

**नोएडा , एजेंसी।** गौतम बौद्ध नगर प्रशासन ने ठंड के मौसम की स्थिति को देखते हुए गुरुवार को जिले के सभी स्कूलों में अगले आदेश तक आठवीं तक की कक्षाएं निलंबित करने का आदेश दिया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार द्वारा यह आदेश जारी किया गया है। यह आदेश सभी बोर्ड से मान्यता प्राप्त स्कूलों पर लागू होगा। गौतमबुद्ध नगर के जिला मजिस्ट्रेट द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में, घने कोहरे और अत्यधिक ठंड को देखते हुए सभी बोर्डों द्वारा मान्यता प्राप्त सभी स्कूलों (कक्षाएं नर्सरी से 8 तक) में छुट्टी रहेगी। आदेश में कहा गया है कि (सीबीएसई/आईसीएसई/आईबी/यूपी बोर्ड और अन्य) तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक आठवीं तक की कक्षाओं को बंद रखेंगे। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, गुरुवार को गौतम बौद्ध नगर में पारा 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे गिर गया। जिले में अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी ने कोहरे और धुंध की स्थिति की भविष्यवाणी की है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान जताया है। बता दें कि दिल्ली के स्कूलों में 1 जनवरी से 15 जनवरी तक सर्दियों की छुट्टी घोषित की जा चुकी है। हालांकि, इस दौरान 9वीं से 12वीं तक की कक्षाएं दो पालियों में संचालित की जाएंगी।

### लॉरेंस बिश्नोई साक्षात्कार मामला: पंजाब सरकार ने डीएसपी रैंक के अधिकारी को बर्खास्त किया

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब सरकार ने पुलिस हिरासत में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के साक्षात्कार की रिकॉर्डिंग की सुविधा देने के आरोप में पुलिस उपायुक्त (डीएसपी) रैंक के एक अधिकारी को बृहस्पतिवार को बर्खास्त कर दिया। बर्खास्तगी का आदेश गृह विभाग के सचिव गुरकीरत किरपाल सिंह ने जारी किया। सरकार ने डीएसपी गुरशेर सिंह संधू को बर्खास्त करने के लिए संविधान के अनुच्छेद-311 के तहत हासिल शक्तियों का इस्तेमाल किया। मार्च 2023 में एक निजी समाचार चैनल ने बिश्नोई के दो साक्षात्कार प्रसारित किए थे। बर्खास्तगी आदेश के मुताबिक, पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय की ओर से गठित एसआईटी (विशेष जांच दल) ने निष्कर्ष निकाला कि पंजाब पुलिस सेवा (पीपीएस) के अधिकारी संधू ने एक टीवी चैनल को उस समय बिश्नोई के साक्षात्कार की रिकॉर्डिंग की सुविधा प्रदान की, जब वह सीआईए, खरड़ की हिरासत में था। लॉरेंस बिश्नोई 2022 में पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या से जुड़े मामले में आरोपी है। अक्टूबर में उसके साक्षात्कार के सिलसिले में सात पुलिस अधिकारियों को निलंबित किया गया था।

### कर्नाटक मंत्रिमंडल ने बस का किराया 15 फीसदी बढ़ाने का फैसला किया

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक मंत्रिमंडल ने गुरुवार को राज्य सरकार के स्वामित्व वाले परिवहन निगमों के बस किराये में 15 प्रतिशत की वृद्धि करने का निर्णय लिया. कर्नाटक के कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री एच. के. पाटिल ने कहा कि ईंधन की कीमतों और कर्मचारियों पर खर्च में वृद्धि जैसी परिचालन लागत में भारी बढ़ोतरी को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है. पाटिल ने संवाददाताओं से कहा, ''मंत्रिमंडल ने चार राज्य परिवहन निगमों- कर्नाटक राज्य सड़क परिवहन निगम , उत्तर पश्चिम कर्नाटक सड़क परिवहन निगम (एनडब्ल्यूकेआरटीसी), कल्याण कर्नाटक सड़क परिवहन निगम (केकेआरटीसी) और बेंगलुरु महानगर परिवहन निगम के बस किराये में 15 प्रतिशत की वृद्धि करने का निर्णय लिया है.'' मंत्री ने कहा कि यह निर्णय पांच जनवरी से लागू होगा. उन्होंने कहा कि बीएमटीसी का बस किराया 10 जनवरी, 2015 को बढ़ाया गया था जब डीजल की कीमत 60.90 रुपये प्रति लीटर थी. पाटिल ने बढ़ोतरी को उचित ठहराते हुए कहा, ''चारों निगमों की रोजाना डीजल खपत 10 साल पहले 9.16 करोड़ रुपये थी, जो अब बढ़कर 13.21 करोड़ रुपये हो गई है. इन चारों निगमों में कर्मचारियों पर प्रतिदिन 12.95 करोड़ रुपये का खर्च होता था, जो बढ़कर 18.36 करोड़ रुपये प्रतिदिन हो गया है. इसलिए संशोधन जरूरी था.''

# सत्ता का हाइब्रिड मॉडल किसी को फायदा नहीं देगा: मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला

**जम्मू , एजेंसी।**
जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सत्ता संभालने के लगभग ढाई महीने बाद पहली बार मीडिया से आधिकारिक तौर पर बातचीत की। उन्होंने बृहस्पतिवार को श्रीनगर में शेरी कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में कहा कि हम दो महीने से सत्ता संभाल रहे हैं और केंद्रशासित प्रदेश में सरकार के कामकाज को समझने में समय लगा। उन्होंने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में शासन का 'हाइब्रिड मॉडल' किसी के लिए भी फायदेमंद नहीं है, जब सत्ता का एक ही केन्द्र होता है तभी तंत्र बेहतर तरीके से काम करता है। शासन के 'हाइब्रिड मॉडल' से उनका आशय केन्द्र शासित प्रदेश होने के नाते जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल के पास शासन से जुड़ी अनेक संवैधानिक शक्तियां होने से है।

अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर में शासन के 'हाइब्रिड मॉडल' के बारे में पूछे जाने पर संवाददाताओं से कहा, ''जाहिर है कि सत्ता के दोहरे केंद्र किसी के लिए फायदेमंद नहीं हैं। अगर शासन के लिए सत्ता के दोहरे केंद्र प्रभावी होते तो ये आपको अन्य जगहों पर भी दिखाई देते।'' मुख्यमंत्री ने एक सवाल पर कहा, ''कुछ मुद्दों पर मतभेद रहे हैं लेकिन राजभवन के साथ कोई टकराव नहीं हुआ।''

**उमर: सत्ता का एक ही केंद्र बेहतर काम कर सकता है:** उन्होंने कहा, ''जब सत्ता का एक ही केंद्र होता है तो तंत्र बेहतर ढंग से काम करता है। केंद्र शासित प्रदेशों में तो सत्ता के दोहरे केन्द्र सन्निहित होते हैं। कुछ मुद्दों पर मतभेद हैं लेकिन उस पैमाने पर नहीं जितनी अटकलों थीं। ऐसी रिपोर्ट कोरी कल्पना मात्र है।'' अब्दुल्ला ने कहा कि सरकार के कामकाज के संबंध में नियम उचित विचार-विमर्श के बाद तैयार किए जाएंगे और फिर उन्हें उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के पास भेजा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह उनमें से नहीं हैं जो लोगों से कहें कि वे राजभवन नहीं जाए। उन्होंने कहा, ''मैं तो कहूंगा कि लोगों को हर ऐसी जगह जाना चाहिए जहां उनके मुद्दे सुलझ सकते हैं फिर चाहे वह राजभवन हो या स्थानीय विधायक या अधिकारी।''



**आरक्षण पर सांसद मेहदी का विरोध लोकतंत्र का हिस्सा:** आरक्षण के मुद्दे पर अपनी पार्टी के सांसद आगा सैयद रूहुल्लाह मेहदी के विरोध के बारे में पूछे जाने पर अब्दुल्ला ने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) में लोकतंत्र है और किसी को भी बोलने का अधिकार है। उन्होंने गुपकार में अपने आवास के पास आरक्षण विरोधी प्रदर्शन का जिक्र करते हुए कहा, ''नेकां पर अक्सर पारिवारिक पार्टी होने का आरोप लगाया जाता था लेकिन हमने हमेशा कहा है कि हम पार्टी में लोकतंत्र है और हर किसी को अपनी बात कहने का अधिकार है। सकारात्मक पक्ष देखें कि कितना बदलाव आया है। एक समय था जब विरोध करना अवैध माना जाता था लेकिन अब लोग विरोध करते हुए मेरे दरवाजे तक पहुंचे। इसके बाद हमारी एक बैठक हुई।''

मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां तक ??आरक्षण का सवाल है तो उन्होंने प्रतिनिधियों को बता दिया है कि कैबिनेट उप-समिति गठित कर दी गई है। उन्होंने कहा कि पार्टी को उम्मीद है कि श्रीनगर से लोकसभा सदस्य मेहदी राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए इसी तरह का विरोध प्रदर्शन संसद में भी करेंगे। अब्दुल्ला ने कहा कि हम आरक्षित और अन्य श्रेणियों की लड़ाई लड़ सकते हैं, ''लेकिन पहले हमें अपनी नौकरियां बचानी होंगी।''

दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) के परिसर के लिए भूमि अधिग्रहण को लेकर उठे विवाद पर एक सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास और हमारी उत्पादक कृषि भूमि की सुरक्षा के बीच संतुलन बनाने की जरूरत है। अब्दुल्ला ने कहा, ''न हम अपनी जमीन बढ़ा सकते हैं और न ही विकास रुक सकता। हम यह सुनिश्चित करने की कोशिश करेंगे कि विकास परियोजनाएं यथासंभव गैर-उत्पादक भूमि पर हों। मैंने पुलवामा से आए प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और उनसे कहा कि यदि आप पुलवामा में एनआईटी नहीं चाहते हैं तो हम इसे किसी अन्य स्थान पर ले जाएंगे।''

**विपक्ष के आरोपों पर उमरत्न** सैटेलाइट कॉलोनी बनाए जाने के विपक्ष के आरोप पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसा कोई प्रस्ताव उनके सामने नहीं आया है। उन्होंने कहा, ''आज जो लोग सबसे ज्यादा शोर मचा रहे हैं, वे वही लोग हैं जो ग्रेटर जम्मू और श्रीनगर की बात करते थे।'' अब्दुल्ला ने कहा, ''जब हम श्रीनगर के निवासियों से बात करते हैं तो वे भीड़भाड़ कम करने की बात करते हैं... आवास की समस्या है। एक ही घर में 3-4 परिवार रह रहे हैं और वे कहते हैं कि अगर उन्हें मौका मिला तो वे उपनगरों में चले जाएंगे।'' उन्होंने कहा,'' अगर टाउनशिप बनाई जाएंगी तो वे बाहरी लोगों को बसाने के लिए नहीं होंगी बल्कि श्रीनगर के लोगों के लिए होंगी ताकि शहर की भीड़भाड़ कम हो सके। लेकिन सरकार के सामने अभी तक ऐसा कोई प्रस्ताव या योजना नहीं है।''

# छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री लखमा हो सकते हैं गिरफ्तार, शराब घोटाले में ईडी को मिले अहम सबूत

**रायपुर, एजेंसी।**
छत्तीसगढ़ के चर्चित शराब घोटाला मामले में राज्य के पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को ईडी गिरफ्तार कर सकती है। ईडी ने अपने आधिकारिक बयान में दावा किया है कि शराब घोटाले में लखमा के शामिल होने और उन्हें अवैध शराब बिक्री पर कमीशन मिलने के अहम सबूत मिले हैं। पूर्व मंत्री कवासी लखमा जब मंत्री थे तो उनकी गाड़ी में हमेशा एक शख्स उनके साथ घूमा करता था। उसका नाम सुशील ओझा है। वह कांग्रेस पार्टी में प्रदेश प्रतिनिधि के पद पर है। उसके घर पर ईडी ने छापा मारा था। रायपुर निवासी ओझा फिलहाल विदेश यात्रा पर है।

वहीं, पूर्व मंत्री लखमा ने कहा वह ईडी के समक्ष 3 जनवरी को पेश होंगे। उन्होंने कहा कि जिन सबूतों की बात ईडी की टीम कर रही है, उन्हीं सबूतों के आधार पर उनके खिलाफ बड़ी कार्रवाई कर सकती है। इससे पहले ईडी इसी तरह के सूबतों का दावा करते हुए शराब कारोबारी और रायपुर के महापौर रहे एजाज ढेबर के भाई अनवर ढेबर आबकारी विभाग के अधिकारी एपी त्रिपाठी समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

ईडी ने छत्तीसगढ़ के शराब घोटाले मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम



(पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत 28 दिसंबर को छत्तीसगढ़ के रायपुर, धमतरी और सुकमा जिलों में स्थित सात परिसरों में तलाशी अभियान चलाया था। तलाशी अभियान के दौरान ईडी ने घोटाले की प्रासंगिक अवधि के दौरान कवासी लखमा द्वारा नकद में पीओसी के उपयोग से संबंधित सबूत जुटाया था। इसके अलावा तलाशी में कई डिजिटल डिवाइस बरामद और जब्त की गईं। ईडी ने एक्स पर इसकी जानकारी दी है।

# महाराष्ट्र सरकार में खटपट? एकनाथ शिंदे के फैसले पर सीएम देवेंद्र फडणवीस ने लगाई रोक, जांच के आदेश

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपने उप मुख्यमंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा पूर्ववर्ती सरकार में लिए एक फैसले पर रोक लगा दी है और उसकी जांच के आदेश दिए हैं। पूर्ववर्ती सरकार में फडणवीस उपमुख्यमंत्री थे। पिछली सरकार में परिवहन विभाग तब के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के पास था। यह मामला उसी विभाग से जुड़ा हुआ है। शिंदे ने महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) के लिए बसें किराए पर लेने का फैसला किया था लेकिन अब फडणवीस ने उस फैसले पर ना सिर्फ रोक लगाई है बल्कि उसकी जांच के भी आदेश दिए हैं। अब राज्य में नई महायुति सरकार के कार्यभार संभालने के बाद मुख्यमंत्री फडणवीस हर विभाग के काम की समीक्षा कर रहे हैं और पहले 100 दिनों के कार्यकाल के लिए उनकी योजनाओं पर चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने प्रेजेंटेशन दिए जाने के बाद सोमवार को परिवहन विभाग का



जायजा लेते हुए शिंदे के फैसले की समीक्षा कराने की बात कही थी लेकिन अब उस पर रोक लगाकर जांच के आदेश दिए गए हैं। हालांकि, अभी यह साफ नहीं हो सका है कि मुख्यमंत्री पिछली सरकार के और भी फैसलों की समीक्षा करेंगे या नहीं। विपक्ष ने किराए पर बस लेने की योजना में 2800 करोड़ रुपये के घोटाले के आरोप लगाए थे। विपक्ष के नेता अम्बादास दानवे ने कहा कि इस बारे में उन्हें कोई स्पष्टीकरण अब तक नहीं मिला है। महाराष्ट्र विधानसभा में नेता विपक्ष दानवे ने इस मामले में घोटाले के आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि 2022 में एमएसआरटीसी ने तेल समेत 44 रुपये प्रति किलोमीटर के हिसाब से बस किराए पर लिया था। तीन निजी कंपनियों को आशय पत्र (एलओआई) दिया था। इसमें ईंधन लागत को छोड़कर 34.70 रुपये से 35.10 रुपये प्रति किमी की दर से बसों को किराया भुगतान करने का फैसला किया गया है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि 2022 में एमएसआरटीसी ने ईंधन लागत समेत 44 रुपये प्रति किलोमीटर की दर से बसें किराए पर ली थीं।

अधिकारियों ने कहा कि अगर ईंधन की लागत 22 रुपये प्रति किमी को ध्यान में रखे तो प्रत्येक बस की लागत 56 से 57 रुपये प्रति किमी बैठ रहा है, जो पिछले समझौते की तुलना में प्रति किमी 12 से 13 रुपये ज्यादा है। इसके बाद मुख्यमंत्री फडणवीस ने 1310 बसों को किराए पर लेने के फैसले पर रोक लगा दी। मुख्यमंत्री ने विभाग के अतिरिक्त सचिव को मामले की जांच करने का भी आदेश दिया है और इस मामले में रिपोर्ट तलब किया है।

फडणवीस के फैसले ने पूर्व सीएम शिंदे के फैसले की योग्यता पर सवाल खड़े कर दिए हैं क्योंकि टेंडर प्रक्रिया सितंबर 2024 में शुरू की गई थी, जब वह मुख्यमंत्री थे और परिवहन विभाग के प्रमुख थे। इसके अलावा, शिंदे के करीबी सहयोगी भरत गोगावाले को सितंबर 2024 में ही एमएसआरटीसी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। दिसंबर में, एमएसआरटीसी ने तीन निजी कंपनियों को एलओआई जारी किए थे।

# ताजा हमलों से दहला गाजा, इजरायली हमलों में 24 घंटे में 67 लोगों की मौत

**काहिरा, एजेंसी।** गाजा में हमास को निशाना बनाते हुए इजरायल फिलिस्तीनी नागरिकों को भी नहीं बख्श रहा है। गुरुवार सुबह से गाजा के राहत केंद्र वाले इलाकों पर इजरायल ने कहर बरपाया है। गाजा के अधिकारियों ने कहा है कि इजरायली हवाई हमलों में गुरुवार को गाजा में कम से कम 68 फिलिस्तीनियों की मौत हो चुकी है। इस बीच एक टेंट कैंप पर हर हमले में एन्क्लेव के पुलिस बल के प्रमुख सहित नौ लोगों की मौत हो गई। इजरायली सेना ने भी इस खबर की पुष्टि की है। इजरायल ने कहा है कि वह दक्षिणी गाजा में फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के सुरक्षा बलों का प्रमुख था। ताजा हमले गाजा के अल-मवासी में हुए हैं। इस इलाके को इजरायल और गाजा शुरू हुए जंग के बाद सेफ जोन घोषित किया गया था।

हमास द्वारा संचालित गाजा के आंतरिक मंत्रालय के मुताबिक गाजा के पुलिस विभाग के महानिदेशक महमूद सलाह और उनके सहयोगी हुसम शाहवान जो शिविर के लोगों की जांच कर रहे थे, हमले में मारे गए। वहीं



इजराइली सेना ने कहा है कि उसने खान यूनिस शहर के पश्चिम में अल-मवासी में खुफिया जानकारी के आधार पर हमला किया था और शाहवान को मार गिराया। सेना ने कहा कि वह दक्षिण गाजा में हमास बलों का नेतृत्व कर रहा था। हालांकि उन्होंने सलाह की मौत के बारे में कोई जानकारी नहीं दी।

**गुरुवार को हुई सबसे ज्यादा मौतें:** इस बीच एक अन्य इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 57 फिलिस्तीनी मारे गए। खान यूनिस में आंतरिक मंत्रालय के मुख्यालय को निशाना बनाया गया जिसमें छह लोगों की मौत हुई है। उत्तरी गाजा के जबालिया शरणार्थी शिविर और मध्य गाजा के मघाजी शिविर पर भी हमले हुए हैं। गौरतलब है कि इजरायल ने गुरुवार को बीते कुछ सप्ताह के मुकाबले सबसे बड़े हमले किए। वहीं गुरुवार को मरने वालों की संख्या हाल के हफ्तों में सबसे ज्यादा थी।

### दक्षिण कोरिया में भारी हंगामा; राष्ट्रपति को गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस, सड़क पर उतरे समर्थक



**सियोल, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया के जांच अधिकारी मार्शल लॉ लगाने के मामले में राष्ट्रपति यून सुक योएल को गिरफ्तार करने पहुंचे हैं। उन पर महाभियोग चलाने के वारंट के साथ वे राजाधानी सियोल स्थित राष्ट्रपति निवास पर गए, मगर यहां उन्हें सुरक्षा कर्मचारियों के विरोध का सामना करना पड़ा। बताया जा रहा है कि यून सुक के सैकड़ों समर्थक भी सड़कों पर उतर आए हैं और उन्हें हिरासत में लिए जाने से रोकने का प्रयास कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, यून की गिरफ्तारी के वारंट पर अमल करते हुए दर्जनों जांचकर्ता और पुलिस अधिकारी राष्ट्रपति भवन पहुंचे। इसी बीच बड़ी संख्या में राष्ट्रपति के समर्थक वहां पर जुट गए और जांच अधिकारियों के काम में बाधा डालने लगे। फिलहाल स्थिति तनावपूर्व बनी हुई है।

दक्षिण कोरिया की एक अदालत ने महाभियोग लगाए गए राष्ट्रपति यून सुक-योल की गिरफ्तारी और राष्ट्रपति आवास की तलाशी के लिए वारंट जारी किया है। यह देश के आधुनिक इतिहास में पहली बार हुआ है कि किसी मौजूदा राष्ट्रपति के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया हो। संयुक्त जांच इकाई ने पिछले दिन विद्रोह और अन्य आरोपों पर सियोल पश्चिमी जिला न्यायालय से यून के खिलाफ वारंट की अपील की थी।

# चीन में नए वायरस ने मचाया हाहाकार! अब तक 170 लोगों की मौत

**बीजिंग, एजेंसी।**
चीन में एक बार फिर से वायरस का प्रकोप गहराता जा रहा है। अस्पतालों में संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, जिससे स्वास्थ्य आपातकाल की स्थिति बन गई है। इस बार ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस के बढ़ते मामलों ने चिंता बढ़ा दी है। सरकारी और वैज्ञानिक एजेंसियों की रिपोर्ट के अनुसार, वायरस से अब तक चीन में 170 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 18 देशों में इसके 7,834 मामले दर्ज किए गए हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने इस नए संक्रमण को वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल करार दिया है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक



टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयसस ने जिनेवा में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि यह वायरस तेजी से फैल रहा है, और स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि चीन ने पहली बार 31 दिसंबर, 2019 को स्वास्थ्य आपातकाल की घोषणा की थी।

ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस पहली बार 2001 में खोजा गया था। यह मुख्य रूप से 14 साल से कम उम्र के बच्चों और बुजुर्गों को प्रभावित करता है। वायरस मुख्य रूप से सर्दियों के मौसम में फैलता है और खांसी, बुखार, और सांस लेने में कठिनाई जैसे लक्षण उत्पन्न करता है। चीन के राष्ट्रीय रोग नियंत्रण और रोकथाम प्रशासन ने लैब रिपोर्टिंग प्रक्रिया को तेज कर दिया है और संक्रमित मरीजों की निगरानी शुरू कर दी है।

हाल ही में रिपोर्ट्स में यह पाया गया है कि 16 से 22 दिसंबर के बीच संक्रमण की दर में तेजी आई है। यह वायरस उन क्षेत्रों में अधिक सक्रिय है, जहां तापमान तेजी से गिर रहा है। इसके अलावा, सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो और रिपोर्ट्स ने इस संकट को और अधिक उजागर कर दिया है।

डब्ल्यूएचओ की समिति, पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी ऑफ इंटरनेशनल कंसर्न , ने अब तक छह बार आपातकालीन स्थिति घोषित की है। समिति प्रमुख डिडियर हौसिन ने कहा कि इस बार का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया है। पहले के आपातकालीन मामलों में इबोला, स्वाइन फ्लू और कोविड-19 शामिल हैं। चीन सरकार ने अस्पतालों में विशेष वार्ड तैयार करने, वायरस की जांच बढ़ाने, और जनता को जागरूक करने के लिए अभियान शुरू कर दिए हैं।

### अमेरिकी कंपनियों ने ताइवान को बेचे हथियार, चीन ने कर दी कार्रवाई

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन ने ताइवान को हथियार बेचने की वजह से 10 अमेरिकी कंपनियों को अविश्वसनीय संस्थाओं की सूची में शामिल किया गया है. चीनी वाणिज्य मंत्रालय (एमओसी) ने गुरुवार को यह जानकारी दी. मंत्रालय की घोषणा के अनुसार, इन कंपनियों में लॉकहीड मार्टिन मिसाइल्स एंड फायर कंट्रोल, लॉकहीड मार्टिन एयरोनॉटिक्स और लॉकहीड मार्टिन मिसाइल सिस्टम इंटीग्रेशन लैब शामिल हैं. एमओसी ने कहा कि इन कंपनियों को चीन से संबंधित आयात या निर्यात गतिविधियों में शामिल होने से प्रतिबंधित किया जाएगा और चीन में नए निवेश करने से भी रोका जाएगा. घोषणा के अनुसार, इन कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों को चीन में प्रवेश करने से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा, उनके कार्य परमिट और विजिटर या रेजिडेंसी स्टेट्स को रद्द कर दिया जाएगा, और उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए किसी भी संबंधित आवेदन को मंजूरी नहीं दी जाएगी. समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, एमओसी ने कहा कि यह कंपनियां चीन के कड़े विरोध के बावजूद हाल के वर्षों में ताइवान क्षेत्र में हथियारों की बिक्री में लगी हुई हैं और सैन्य टेक्नोलॉजी को लेकर तथाकथित सहयोग कर रही हैं. मंत्रालय ने कहा कि उनके कामों ने चीन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को गंभीर रूप से कमजोर किया है.

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादक: रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129